


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

## ईडी और सीबीआई को दिल्ली हाईकोर्ट का नोटिस

नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली हाईकोर्ट ने एनएसई फोन टैपिंग मामले में मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर संजय पांडे की जमानत याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया है। इसके अलावा हाईकोर्ट ने पांडे द्वारा दायर एक अन्य याचिका में सीबीआई को भी नोटिस जारी किया, जिसमें उनके खिलाफ प्राथमिकी रद्द करने की मांग की गई थी। इस मामले में उनकी ओर से सीनियर एडवाइजर मुकुल रोहतगी पेश हुए। बता दें कि पांडे ईडी और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की प्राथमिकियों का सामना कर रहे हैं, जो आईएसईसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एनएसई कर्मचारियों के फोन की अवैध टैपिंग और एनएसई के सिस्टम ऑडिट करने में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के दिशानिर्देशों के उल्लंघन को लेकर है।

वर्ष-27 अंक : 154 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) भाद्रपद कृ.6 2079 बुधवार, 17 अगस्त 2022

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 14 मूल्य : 8 रुपये

# अमूल और मदर डेयरी का दूध फिर महंगा

## नए दाम आज से ही लागू, कीमतों में मार्च से अब तक 4 रुपए प्रति लीटर का इजाफा

नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। अमूल और मदर डेयरी ने दूध की कीमतों में 2 रुपए प्रति लीटर का इजाफा किया है। नई दरें 17 अगस्त से लागू होंगी। इससे पहले मार्च में कीमतें बढ़ाई गईं थीं। 500 मिली अमूल गोल्ड की कीमत 31 रुपए और अमूल शक्ति की कीमत 28 रुपए होगी। मदर डेयरी के भी फुल क्रीम दूध की कीमत बुधवार से 59 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर 61 रुपए प्रति लीटर हो जाएगी।

**मार्च में बढ़ी थीं कीमतें**

1 मार्च को अमूल और मदर डेयरी दोनों ने दूध की कीमतों में इजाफा किया था। अभी अमूल गोल्ड दूध की कीमत 30 रुपए प्रति 500 एमएल, अमूल ताजा 24 रुपए प्रति 500 एमएल, और अमूल शक्ति 27 रुपए प्रति 500 ml में मिल रहा है। वहीं कल से




2 रुपए प्रति लीटर महंगा मिलेगा। 2 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी एमआरपी में 47 की बढ़ोतरी के बराबर है। मदर डेयरी के भी फुल क्रीम दूध की कीमत बुधवार से 59 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर 61 रुपए प्रति लीटर हो जाएगी। टोंड दूध की कीमत बढ़कर 51 रुपए और डबल टोंड दूध की कीमत 45 रुपए प्रति लीटर हो जाएगी। गाय के दूध की कीमत 53 रुपए प्रति लीटर कर दी गई है।

अमूल ने कीमतों में बढ़ोतरी का कारण ऑपरेशन कॉस्ट और मिल्क प्रोडक्शन में कॉस्ट में बढ़ोतरी को बताया है। पिछले साल की तुलना में पशु के चारे की कीमत लगभग 20 फीसदी बढ़ी है। इनपुट कॉस्ट और पशु आहार में इजाफे को देखते हुए अमूल फेडरेशन से जुड़ी दुग्ध संघों ने भी पिछले साल की तुलना में किसानों के दूध खरीद मूल्य में 8-9 फीसदी की बढ़ोतरी की है।

**एक रुपए में से 80 पैसे मिल्क प्रोड्यूसर्स को**

अपनी पॉलिसी के तहत अमूल कंपनी मिल्क प्रोड्यूसर्स को ग्राहकों से मिलने वाले हर 1 रुपए में से 80 पैसे पेमेंट करता है। प्राइस इंप्रूवमेंट से मिल्क प्रोड्यूसर्स को मदद मिलेगी और उन्हें अधिक दूध उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया जा सकेगा। इस इजाफे के साथ दूध की कीमतें मार्च से लेकर अब तक 4 रुपए प्रति लीटर बढ़ चुकी हैं।

**मदर डेयरी ने भी मार्च में बढ़ाई थी कीमत**

मदर डेयरी दिल्ली-एनसीआर मार्केट में लीडिंग मिल्क सप्लायर में से एक है और प्रति दिन 30 लाख लीटर से ज्यादा दूध पॉली पैक और वेंडिंग मशीनों के माध्यम से बेचती है। वहीं अमूल भी देश का लीडिंग ब्रांड है जिसके मालिक लाखों किसान हैं। गुजरात के दो गांवों से 75 साल पहले 247 लीटर दूध से शुरू हुआ सफर आज 260 लाख लीटर पर पहुंच गया है।

## सुप्रीम कोर्ट से बोला केंद्र : ईसाइयों पर नहीं होते हमले, याचिका के पीछे कोई और अजेंडा

नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने कहा है कि देश में ईसाइयों पर टारगेटेड हमले नहीं होते हैं और अगर यह बात कही जा रही है तो इसका कोई परोक्ष मकसद हो सकता है। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में ईसाई संगठनों की एक पीआईएल पर सुनवाई के दौरान यह बात कही है। संगठनों ने इस मामले में स्वतंत्र जांच की मांग की है।

गृह मंत्रालय की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में जवाब दाखिल किया गया। सरकार ने कहा, इस पीआईएल के पीछे कोई छिपा हुआ अजेंडा हो सकता है। हो सकता है कि यह देश में तनाव पैदा करने की कोई चाल हो या फिर किसी बाहरी दखल के लिए ऐसा किया गया हो जिससे



कि देश के अंदरूनी मामले में कोई हस्तक्षेप करे। केंद्र सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट में यह हलफनामा पेश किया। जस्टिस धनंजय वाई चंद्रचूड़ और एएस बोपन्ना की बेंच को केंद्र ने बताया कि पूरी प्रतिक्रिया नहीं है। वरिष्ठ वकील कॉलिन गोसालवीस ने प्रतिक्रिया देने के लिए कुछ समय मांगा है। कोर्ट ने उन्हें एक सप्ताह का मौका दिया है और सुनवाई 25 अगस्त तक के लिए टाल दी है। यह याचिका तीन लोगों ने मिलकर फाइल की थी जिसमें आर्कबिशप पीटर मचाड़ो और दो ईसाई संगठनों ने मिलकर याचिका फाइल की थी।

केंद्र ने कहा कि खुद पर ही आधारित रिपोर्ट और तथ्यों को पेश किया जा रहा है और आधी ही सच्चाई सामने रखी जा रही है।

इसका मतलब है कि इसका कोई परोक्ष मकसद है। यह आजकल ट्रेंड में है कि कुछ संगठन अपनी मनमानी रिपोर्ट लिखते हैं। इसके बाद इन लेखों को पीआईएल का आधार बना लिया जाता है। हलफनामे में कहा गया, अगर कोई ऐसा मामला सामने आता है तो संबंधित एजेंसियां कार्रवाई करती हैं।



दिल्ली के सदैव अटल में उनकी पुण्य तिथि पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि देते हुए पीएम मोदी।

# राजनाथ ने सेना को सौंपे 'निपुण' समेत कई हथियार

## आर्मी किसी भी खतरे से निपटने को तैयार



नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। देश की सीमाओं पर बढ़ती चुनौतियों के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज कई स्वदेशी हथियार सेना को सौंपे। इनमें एके-203 और एफ-इंसास राइफलों के अलावा नई एंटी पर्सोनेल माइन 'निपुण' भी शामिल है। नए हथियार ईईएल व अन्य भारतीय कंपनियों ने विकसित किए हैं।

इस मौके पर भारतीय सेना के मुख्य इंजीनियर लेफ्टिनेंट जनरल हरपाल सिंह ने सेना प्रमुख की ओर से देश का आश्वस्त किया है कि हम किसी भी खतरे से निपटने को तैयार हैं। भले वह पश्चिमी रेगिस्तान (पाकिस्तान) हो या लद्दाख सेक्टर में ऊंचाई वाले स्थान (चीन) से सटे इलाके। यह बात उन्होंने सेना को अत्याधुनिक हथियार प्रणालियां सौंपे जाने के दौरान कही। ले.जन. सिंह ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने में मदद करने के लिए भारत सरकार ने कई नीतिगत निर्णय लिए हैं। सेना में कई नए हथियार शामिल किए जाने के मौके पर उन्होंने यह बात कही। इन हथियारों में माइंस, आमने सामने लड़ाई के हथियार, इन्फैंट्री के लड़ाकू वाहन शामिल हैं। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को भारतीय सेना के फ्यूचरिस्टिक इन्फैंट्री सोल्जर इन ए सिस्टम (एफ-इंसास) की नई हथियार प्रणालियों और एके-203 असॉल्ट राइफल व शस्त्रों की जानकारी दी गई।

## तीन तलाक की तरह नहीं है तलाक-ए-हसन : एससी



नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि मुस्लिमों में 'तलाक-ए-हसन' के जरिये तलाक देने की प्रथा तीन तलाक की तरह नहीं है और महिलाओं के पास भी 'खुला' का विकल्प है।

तीन तलाक की तरह 'तलाक-ए-हसन' भी तलाक देने का एक तरीका है, लेकिन इसमें तीन महीने में तीन बार एक निश्चित अंतराल के बाद तलाक बोलकर रिश्ता खत्म किया जाता है। इस्लाम में पुरुष 'तलाक' ले सकता है, जबकि कोई महिला 'खुला' के जरिए अपने पति से अलग हो सकती है। जस्टिस एस.के. कौल और जस्टिस एम.एम. सुंदरेश की बेंच ने कहा कि अगर पति और पत्नी एक साथ नहीं रह सकते तो रिश्ता तोड़ने के इरादे में बदलाव न होने के आधार पर संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत तलाक दिया जा सकता है। बेंच 'तलाक-ए-हसन' और ''एकतरफा न्यायेत्तर तलाक के सभी अन्य रूपों को अवैध तथा असंवैधानिक' घोषित करने का अनुरोध करने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में दावा किया गया है कि तलाक के ये तरीके मनमाने, असंगत और मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करते हैं। बेंच ने कहा कि यह उस तरीके से तीन तलाक नहीं है। विवाह एक तरह का करार होने के कारण आपके पास खुला का विकल्प भी है। अगर दो लोग एक साथ नहीं रह सकते, तो हम भी शादी तोड़ने का इरादा न बदलने के आधार पर तलाक की अनुमति देते हैं। अगर 'मेहर' (दूल्हे द्वारा दुल्हन को नकद या अन्य रूप में दिया जाने वाला उपहार) दिया जाता है तो क्या आप आपसी सहमति से तलाक के लिए तैयार हैं? कोर्ट ने कहा कि प्रथम दृष्टया, हम याचिकाकर्ताओं से सहमत नहीं है।

हम इसे किसी भी वजह से कोई एजेंडा नहीं बनाना चाहते। याचिकाकर्ता बेनजीर हीना की ओर से पेश वरिष्ठ वकील पिंकी आनंद ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने तीन तलाक को असंवैधानिक घोषित किया था, लेकिन उसने तलाक-ए-हसन के मुद्दे पर फैसला नहीं दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने पिंकी आनंद से यह भी निर्देश लेने को कहा कि यदि याचिकाकर्ता को 'मेहर' से अधिक राशि का भुगतान किया जाता है तो क्या वह तलाक की प्रक्रिया पर समझौता करने के लिए तैयार होगी।

## गुजरात में 2000 करोड़ की ड्रग्स बरामद

वडोदरा, 16 अगस्त (एजेंसियां)। वडोदरा जिले के सावली तहसील के मोक्षी गांव में है स्थित है फैक्ट्री। समुद्री रास्ते से गुजरात में ड्रग्स की सप्लाई मामले आए दिन सामने आते रहते हैं, लेकिन अब वडोदरा में प्रतिबंधित एमडी ड्रग्स बनाने वाली फैक्ट्री पकड़ी गई है। एटीएस ने वडोदरा जिले के मोक्षी गांव में इस फैक्ट्री से 200 किलो ड्रग जब्त की है, जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 2000 करोड़ रुपए आंकी गई है।

एटीएस के डीआईजी दीपेन भद्रन ने बताया-गुप्त सूचना मिली थी कि वडोदरा की सावली तहसील के पास ड्रग्स का बड़ा जत्था है। एटीएस ने सोमवार को मोक्षी गांव की इस फैक्ट्री में छापा मारा। वहां ड्रग का जखीरा तो मिला ही, यह भी पता चला कि केमिकल बनाने की आड़ में एमडी ड्रग तैयार की जा रही थी। कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। जांच के बाद पूरी जानकारी सामने आ पाएगी। डीआईजी दीपेन भद्रन ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि ड्रग्स की सप्लाई गोवा और मुंबई की जा रही थी।

# चीनी स्पाई शिप युआन वांग-5 श्रीलंका पहुंचा

## 16 से 22 अगस्त तक हंबनटोटा पोर्ट पर रहेगा, शिप के मूवमेंट पर इंडियन नेवी की नजर

कोलंबो, 16 अगस्त (एजेंसियां)। चीनी स्पाई शिप युआन वांग-5 मंगलवार सुबह श्रीलंका के हंबनटोटा पोर्ट पर पहुंच गया। यह स्पाई शिप 16 से 22 अगस्त तक यहां रहेगा। यह करीब 750 किमी दूर तक आसानी से निगरानी कर सकता है। युआन वांग 5 सैटेलाइट और इंटरकॉन्टिनेंटल मिसाइलों को ट्रैक करने में सक्षम है।

**भारत ने जताया था विरोध**

पहले इस चीनी शिप के 11 अगस्त को हंबनटोटा पहुंचने की उम्मीद थी। जासूसी के खतरे को देखते हुए भारत ने इसे लेकर श्रीलंका के सामने विरोध दर्ज कराया था।

दरअसल, हंबनटोटा पोर्ट से तमिलनाडु के कन्याकुमारी की दूरी करीब 451 किलोमीटर है। इसके बावजूद श्रीलंका ने इसे हंबनटोटा पोर्ट पर आने की अनुमति दी। अब भारत इसको लेकर अलर्ट पर है। इंडियन नेवी की शिप के मूवमेंट पर कड़ी नजर है।

**श्रीलंका बोला-चीन से जहाज की यात्रा स्थगित करने के लिए कहा**

श्रीलंका ने पुष्टि की है कि उसने चीन से युआन वांग 5 जहाज की हंबनटोटा पोर्ट की यात्रा स्थगित करने के लिए कहा। इसके बाद चीनी दूतावास ने श्रीलंका सरकार से जहाज को डॉक करने के लिए जरूरी मदद प्रदान करने का अनुरोध किया।

12 अगस्त को चीनी दूतावास ने श्रीलंका के विदेश मंत्रालय को एक नोट भेजा। इसमें लिखा था कि जहाज युआन वांग-5 को 16 अगस्त को हंबनटोटा पोर्ट पर पहुंचेगा और 22 अगस्त तक रहेगा।

**चीन बोला-श्रीलंका पर दबाव बनाना सेंसलेस**

चीन ने श्रीलंका के अनुमति देने फैसले पर कहा कि चीन और श्रीलंका के बीच सहयोग को दोनों देशों ने स्वतंत्र रूप से चुना है और यह किसी तीसरी पार्टी को टारगेट नहीं करता है। बीजिंग ने यह भी कहा कि सुरक्षा चिंताओं के मुद्दे का हवाला देते हुए श्रीलंका पर दबाव बनाना सेंसलेस है।

**भारत के नौसेना बेस चीन के रडार में आ जाएंगे**

युआन वांग 5 को 2007 में बनाया गया था। यह मिलिट्री नहीं बल्कि पावरफुल ट्रैकिंग शिप है। यह अपनी आवाजाही तब शुरू करते हैं, जब चीन या कोई अन्य देश मिसाइल टेस्ट कर रहा होता है। यह शिप लगभग 750 किलोमीटर दूर तक आसानी से निगरानी कर सकता है। 400 क्रू वाला यह शिप पैराबोलिक ट्रैकिंग एंटीना और कई सेंसर्स से लैस है। हंबनटोटा पोर्ट पर पहुंचने के बाद इस शिप की पहुंच दक्षिण भारत के प्रमुख सैन्य और परमाणु ठिकाने जैसे कलपक्कम, कुडनकुलम तक होगी। साथ ही केरल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के कई पोर्ट यानी बंदरगाह चीन के रडार पर होंगे।




# कश्मीर में आईटीबीपी की बस खाई में गिरी

## 7 जवानों की मौत, बस में 41 जवान सवार थे-सभी अमरनाथ यात्रा से ड्यूटी करके लौट रहे थे



पहलगाम, 16 अगस्त (एजेंसियां)। कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार सुबह 11.10 बजे भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल की एक बस 100 फीट गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में 7 जवानों की मौत हो गई। बस में आईटीबीपी के 39 और जम्मू कश्मीर पुलिस के 2 जवान सवार थे। हादसे का कारण बस के ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है। सभी जवान अमरनाथ यात्रा से ड्यूटी कर लौट रहे थे। जवान अमरनाथ यात्रा के स्टार्टिंग पॉइंट चंदनवाड़ी से पहलगाम आ रहे थे। बीच में ही ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया और बस खाई में जा गिरी। स्थानीय अधिकारियों ने बताया है कि घायल कर्मियों को अस्पताल पहुंचाने के लिए बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू किया गया है। अनंतनाग के डिप्टी कमिश्नर डॉ. पीयूष सिंगला ने बताया कि जीएमसी अनंतनाग, जिला अस्पताल अनंतनाग और एसडीएच सीर में घायल जवानों का इलाज किया जा रहा है।हादसे की खबर मिलते ही 19 एम्बुलेंस को घटनास्थल पर भेजा गया था।

**श्रीनगर में चल रहा गंभीर घायल जवानों का इलाज**

आईटीबीपी के डीजी एसएल थाओसेन ने बताया कि हादसे में सात जवानों की जान चली गई है। गंभीर रूप से घायल आठ जवानों को इलाज के लिए श्रीनगर ले जाया गया है। बाकी का इलाज अनंतनाग के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं जम्मू-कश्मीर के डीआईजी रनबीर सिंह के मुताबिक गंभीर घायल जवानों को श्रीनगर के 92 बेस हॉस्पिटल में लाया गया है। बाकी जवानों की हालत स्थिर है।

## कश्मीरी पंडितों पर टारगेटेड अटैक

### आतंकियों ने शोपियां में सेब बागान में काम कर रहे दो भाइयों को गोली मारी, एक की मौत; दूसरा घायल

शोपियां, 16 अगस्त (एजेंसियां)। दक्षिण कश्मीर में एक बार फिर टारगेट किलिंग का मामला सामने आया है। शोपियां में मंगलवार को आतंकियों ने दो भाइयों पर फायरिंग कर दी। इसमें एक की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल है। घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और हमलावरों की तलाश शुरू कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार, छोटेपोरा इलाके में दोनों भाई सेब के बगान में काम कर रहे थे। इस दौरान वहां कुछ आतंकी आए और फायरिंग शुरू कर दी। गोली लगने से एक भाई की मौत हो गई। उसकी पहचान सुनील कुमार भट्ट के रूप में हुई है। वह चार बेटियों के पिता थे। वहीं, उनका भाई पिंटू कुमार गंभीर रूप से घायल है, उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

**अनुपम खेर बोले-30 सालों से हो रहा है**

अभिनेता अनुपम खेर ने कहा कि यह शर्मनाक है कि आज भी कश्मीरी पंडितों पर अत्याचार जारी है। वे अपने लोगों को भी मार रहे हैं। वे भारत के साथ खड़े होने वाले सभी लोगों को मार रहे हैं। यह पिछले 30 सालों से हो रहा है। आप जितनी इसकी निंदा करेंगे, उतना ही कम होगा। हमें इस मानसिकता को बदलना होगा।

**ओवैसी ने साधा केंद्र पर निशाना**

एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने इस घटना को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कश्मीर में मोदी सरकार पूरी तरह फैल साबित हुई है। 370 ये कहकर हटाया गया कि सारे पंडितों को फायदा होगा, कश्मीर में अमन हो जाएगा। आपकी सरकार उनको सुरक्षा प्रदान करने में नाकाम साबित हुई है और कश्मीरी पंडित अब कश्मीर छोड़कर जाना चाहते हैं। जम्मू-कश्मीर भाजपा अध्यक्ष रविंदर रैना ने पाकिस्तान कश्मीर कश्मीर में खूनखराबा चाहता है और घाटी को कब्रिस्तान बनाना चाहता है, लेकिन हम उसे उसके नापाक मंसूबों को पूरा नहीं करने देंगे।

# ब्रह्मोस-2 मिसाइल से उड़ेगी दुश्मनों की नींद

## हाइपरसोनिक वेरिएंट में इस्तेमाल होगी जिरकॉन मिसाइल की टेक्नोलॉजी




नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के दुश्मनों के लिए बुरी खबर है. भारत और रूस ब्रह्मोस-2 के नए वेरिएंट यानी ब्रह्मोस-2 सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल के निर्माण में तेजी से जुट गए हैं. ये मिसाइल काफी ताकतवर होगी और रूस के जिरकॉन मिसाइल की तर्ज पर ये दुश्मनों की नींद उड़ा देगी. जानकारी के मुताबिक इस मिसाइल में रूस के सबसे घातक जिरकॉन मिसाइल की तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा. ह्मोस दुनिया की ऐसी मिसाइल है, जिसे काफी खतरनाक माना जाता है. इस घातक मिसाइल को जमीन, हवा, पानी और पनडुब्बी से भी लॉन्च किया जा सकता है.

**ब्रह्मोस-2 में इस्तेमाल होगी जिरकॉन की तकनीक!**

भारतीय सीमा पर चीन और पाकिस्तान की ओर से अक्सर तनाव देखा जाता रहा है. ऐसे में भारत भी अपने चालबाज पड़ोसियों को सबक सिखाने के लिए अपनी सेना को मजबूत कर रहा है. भारत अपने हथियारों को आधुनिक करने के साथ स्वदेशी तकनीक के इस्तेमाल पर जोर दे रहा है. इसी कड़ी में ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल का एडवांस्ड वर्जन बनाने का काम तेजी से जारी है. ब्रह्मोस-2 हाइपरसोनिक वर्जन में रूस के जिरकॉन हाइपरसोनिक मिसाइल टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जाएगा.

**ब्रह्मोस-2 की ताकत क्या है?**

हाइपरसोनिक मिसाइल को ट्रैक करना काफी मुश्किल काम है. ठीक इसी तर्ज पर ब्रह्मोस-2 मिसाइल को भी विकसित किया जा रहा है. ब्रह्मोस-2 सुपरसोनिक मिसाइल को स्पीड और इसके ग्लाइड करने की बेहतरीन क्षमता के साथ बनाया जा रहा है. इस एडवांस्ड वर्जन मिसाइल में स्क्रैमजेट इंजन लगाया जाएगा, जिससे इसकी ताकत काफी बढ़ जाएगी. इस मिसाइल की रेंज 600 किलोमीटर तक होगी, जिसे बढ़ाकर 1000 किलोमीटर तक किया जा सकता है. ये मिसाइल एंटी शिप और सतह से सतह पर मार करने वाली हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल होगी. इसे फाइटर जेट, युद्धपोत, पनडुब्बी से दागा जा सकता है यानी ये जमीन, हवा या फिर पानी में पनडुब्बी से भी लॉन्च किया जा सकेगा.

**ब्रह्मोस-2 का काम तेजी से जारी**

ब्रह्मोस मिसाइल को भारत और रूस ने संयुक्त तौर से निर्माण किया है. ये मिसाइल रेंज के मामले में कई अलग-अलग वेरिएंट में मौजूद है. इसकी रेंज 300 से 700 किमी तक है. हाइपरसोनिक वेरिएंट को भारत और रूस मिलकर विकसीत कर रहे हैं. इस एडवांस्ड वर्जन को रूस के रिसर्च एंड प्रोडक्शन एसोसिएशन ऑफ मशीन बिल्डिंग और भारत के डीआरडीओ साथ मिलकर विकसित करने में जुटे हैं. रूसी समाचार एजेंसी तास के हवाले ब्रह्मोस एयरोस्पेस के सीईओ अतुल राणे ने हाल ही में कहा था कि हाइपरसोनिक वेरिएंट ब्रह्मोस-2 का काम अडवांस स्टेज में है. जिरकॉन टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल को लेकर सवाल पर उन्होंने कहा था कि ऐसा संभव है. इसके बनने में अभी करीब 5 साल का वक्त लग सकता है.

# भाजपा की वापसी की नब्ज टटोलने छत्तीसगढ़ जाएंगे नड्डा-शाह, कार्यकर्ताओं में भरेंगे जोश



नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में भले ही 2023 में चुनाव होने है, लेकिन भाजपा ने राज्य में तैयारियां शुरु कर दी हैं। रायपुर का जल्द ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह दौरा करेंगे। अगस्त के अंतिम सप्ताह में नड्डा और सितंबर के शुरुआती सप्ताह में शाह के कार्यक्रम तय हैं। दोनों ही नेताओं के आने का मकसद एक है, प्रदेश में भाजपा की सत्ता वापसी की स्थिति को टटोलना। हालांकि, भाजपा संगठन दोनों के दौरों को एक सामान्य प्रक्रिया बता रहा है।

चुनाव की तैयारियों को देखते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा प्रदेश में भाजपा की स्थिति का जायजा लेने खुद पहुंच रहे हैं। नड्डा अपने प्रवास के दौरान प्रदेश स्तर के आला नेताओं से तो मिलेंगे। साथ ही बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से भी चर्चा करेंगे। वहीं, दूसरी तरफ शाह अपने दौरे के दौरान मोदी सरकार के अब तक के कामकाज के प्रचार और प्रदेश में केंद्रीय योजनाओं की स्थिति की समीक्षा करेंगे। वे अलग अलग समाज के लोगों से भी मुलाकात करेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और प्रदेश के पूर्व सीएम डॉ.रमन सिंह ने मीडिया को बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का दौरा तय है। वे 26-27 या 27-28 अगस्त को आ सकते हैं। वे प्रदेश में दो दिन प्रवास करेंगे। इसमें वो बूथ में जाएंगे, मंडल स्तर तक जाएंगे, जिले में जाएंगे और प्रदेश के कोर ग्रुप से बात करेंगे। इसके बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का कार्यक्रम निर्धारित है। वे समाज के सभी वर्गों के साथ बात करेंगे। विकास की गौरवशाली यात्रा जो मोदी जी के नेतृत्व में देश ने देखी है, जो परिवर्तन आया उस पर वो बात करेंगे।

## मुंबई के बांद्रा में फायरिंग से हड़कंप एक बदमाश गिरफ्तार

मुंबई, 16 अगस्त (एजेंसियां)। मुंबई के बांद्रा इलाके में आज सुबह बदमाशों ने कारोबारियों से रंगदारी वसूलने के लिए फायरिंग की। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। मुंबई क्राइम ब्रांच की यूनिट नौ ने खार पुलिस थाना इलाके में हुई फायरिंग के सिलसिले में शारिक शेख नाम के एक शख्स को गिरफ्तार किया है। फायरिंग के लिए इस्तेमाल की गई स्कूटी भी बरामद कर ली गई। ये बदमाश बांद्रा में फेरीवालों को डराकर रंगदारी वसूलना चाहते हैं। लिस ने बताया कि खार थाना क्षेत्र में फायरिंग की घटना की सूचना मिलते ही मौके पर बल पहुंचा। पता चला कि लिंकिंग रोड पर गजेबो शॉपिंग सेंटर के बोर्ड पर अज्ञात लोगों ने हवाई फायरिंग की। इसमें कोई घायल नहीं हुआ है। जांच जारी है।

# बिल्कीस बानो मामले में सभी 11 दोषी रिहा

## 2008 में सुनाई गई थी आजीवन कारावास की सजा



अहमदाबाद, 16 अगस्त (एजेंसियां)। गुजरात में गोधरा कांड के बाद 2002 में बिल्कीस बानो सामूहिक बलात्कार और उनके परिवार के सात लोगों की हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे सभी 11 दोषी सोमवार को गोधरा उप-कारागार से रिहा हो गए. गुजरात सरकार ने अपनी क्षमा नीति के तहत इनकी रिहाई की मंजूरी दी. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. बई में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की एक विशेष अदालत ने 11 दोषियों को बिल्कीस बानो के साथ सामूहिक बलात्कार और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या करने के जुर्म में 21 जनवरी 2008 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी. बाद में बंबई उच्च न्यायालय ने उनकी दोषसिद्धि को बरकरार रखा था.

न दोषियों ने 15 साल से अधिक कैद की सजा काट ली थी, जिसके बाद उनमें से एक दोषी ने समय से पहले रिहाई के लिए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था. पंचमहल के आयुक्त सुजल मायत्रा ने बताया कि उच्चतम न्यायालय ने गुजरात सरकार से उसकी सजा माफ करने के अनुरोध पर गौर करने का निर्देश दिया, जिसके बाद सरकार ने एक समिति का गठन किया था। मायत्रा ही समिति के प्रमुख थे. यत्रा ने कहा, ''कुछ माह पहले गठित समिति ने सर्वसम्मति से मामले के सभी 11 दोषियों को क्षमा करने के पक्ष में निर्णय किया।

राज्य सरकार को सिफारिश भेजी गई थी और कल हमें उनकी रिहाई के आदेश मिले।'' इस मामले में जिन 11 दोषियों को रहा किया गया है वे हैं... जसवंतभाई नाई, गोविंदभाई नाई, शैलेष भट्ट, राधेश्याम शाह, बिपिन चन्द्र जोशी, केसरभाई वोहानिया, प्रदीप मोरधिया, बाकाभाई वोहानिया, राजूभाई सोनी, मितेश भट्ट और रमेश चंदाना. नकी रिहाई पर मानवाधिकार मामलों के अधिवक्ता शमशाद पठान ने सोमवार की रात कहा कि बिल्कीस बानो मामले से कम जघन्य और हल्के अपराध करने के जुर्म में बड़ी संख्या में लोग जेलों में बंद हैं और उन्हें कोई माफी नहीं मिल रही है.

पठान ने कहा कि सरकार जब इस तरह के फैसले लेती है तो तंत्र पर से लोगों का भरोसा उठने लगता है. रतलब है कि तीन मार्च 2002 को गोधरा कांड के बाद हुए दंगों के दौरान दाहोद जिले के लिमखेड़ा तालुका के रंधिकपुर गांव में भीड़ ने बिल्कीस बानो के परिवार पर हमला किया था. अभियोजन के अनुसार, ''बिल्कीस उस समय पांच महीने की गर्भवती थीं. उनके साथ सामूहिक बलात्कार किया गया था. इतना ही नहीं, उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या कर दी गई थी.'' अदालत को बताया गया था कि छह अन्य सदस्य मौके से फरार हो गये थे। इस मामले के आरोपियों को 2004 में गिरफ्तार किया गया था.

## सीएम बोले, सरकारी स्कूल के बच्चों को देनी है अच्छी शिक्षा, देश को नंबर वन देखना चाहता हूं



नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों में आज अच्छी पढ़ाई होती है। अच्छी पढ़ाई से बच्चों का भविष्य अच्छा बनेगा। देश में 17 करोड़ बच्चे सरकारी स्कूल में पढ़ते हैं, कुछ सरकारी स्कूल को छोड़ दें तो इनकी हालत बहुत खराब है। अगर दिल्ली जैसे सरकारी स्कूल हर जगह खुल जाए तो बदलाव संभव है। 17 करोड़ बच्चों को अच्छी शिक्षा देना है। केजरीवाल ने कहा कि मैं जीते जी भारत को नंबर-वन देश देखना चाहता हूं।

# सत्येंद्र जैन को अयोग्य घोषित करने की याचिका पर फैसला सुरक्षित

## *याददाश्त जाने का किया था दावा*



नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को विधायक और मंत्री के तौर पर अयोग्य घोषित करने वाली एक जनहित याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को फैसला सुरक्षित रख लिया। जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा और जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील का पक्ष सुनने के बाद कहा, "हम उचित निर्णय लेंगे।" याचिका में कहा गया है कि दिल्ली सरकार में मंत्री और शकूर बस्ती से विधायक सत्येंद्र जैन ने हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय को पूछताछ के दौरान बताया था कि उनकी याददाश्त चली गई है। यह जानकारी एडिशनल सॉलिसिटर जनरल द्वारा ट्रायल कोर्ट में भी दी गई है। याचिका में कहा गया कि दिल्ली सरकार स्पष्ट रूप से देश के संविधान का अपमान कर रही है, जिसमें स्पष्ट रूप से लिखा है कि अगर किसी व्यक्ति की याददाश्त चली जाती है और ऐसा कोर्ट में घोषित कर दिया जाता है तो उसे विधानसभा या विधान परिषद के सदस्य के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। याचिकाकर्ता आशीष कुमार श्रीवास्तव ने अधिवक्ता रुद्र विक्रम सिंह के माध्यम से कोर्स से दिल्ली सरकार को निर्देश देने की मांग की है कि वह सत्येंद्र जैन के कोरोना से संक्रमित होने और फिर याददाश्त खोने के बाद उनके द्वारा लिए गए सभी फैसले रद्द करे।

# ममता बनर्जी का साथ पाकर खुश हैं तस्करी के आरोपी अनुब्रत मंडल, वकील बोले- बढ़ा आत्मविश्वास



कोलकाता, 16 अगस्त (एजेंसियां)। पशु तस्करी मामले में गिरफ्तार हुए तृणमूल कांग्रेस नेता अनुब्रत मंडल के समर्थन में पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी आती दिख रही हैं।

इसे लेकर उनके वकील का कहना है कि पार्टी के समर्थन के बाद मंडल का 'आत्मविश्वास' बढ़ गया है। सीबीआई ने मंडल को गुरुवार को बीरभूम स्थित आवास से गिरफ्तार कर लिया था। उन्हें 20 अगस्त तक हिरासत में भेजा गया है।

वकील अनिर्बान गुहातकुराता ने कहा, 'बीमार होने के बाद भी मेरे क्लाइंट में अब काफी ज्यादा आत्मविश्वास है।' पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, 'उन्हें पता चला है कि पार्टी नेता ने उनका समर्थन किया है। इसे उनका भरोसा बढ़ गया है। वह कह रहे हैं कि मुझे पता था कि दीदी मेरे साथ खड़ी रहेंगी। मुझे गलत तरीके से गिरफ्तार किया गया है। इस मामले से मेरा कोई लेना देना नहीं है।'रविवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी मंडल के समर्थन में बात कही। स्वतंत्रता दिवस पर उन्होंने पार्टी के कार्यक्रम को संबोधित किया। उस दौरान उन्होंने सवाल उठाया, 'केस्ता (अनुब्रत का नाम) को क्यों गिरफ्तार किया गया? अनुब्रत कुछ गलत नहीं चाहते थे। मैं उन्हें राज्यसभा भेजना चाहती थी, लेकिन वह राजी नहीं हुए। अनुब्रत को हर समय चुनाव के दौरान हिरासत में ले लिया जाता है। अगर केस्ता को जेल में बंद कर दिया तो क्या होगा?'

**पार्थ चटर्जी मामले से दूरी बनाते दिखी थीं सीएम बनर्जी**

शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने ममता सरकार में मंत्री रहे पार्थ चटर्जी को गिरफ्तार किया था। उनकी करीबी मानी जा रही एक्ट्रेस अर्पिता मुखर्जी पर भी ईडी ने शिकंजा कसा था। जांच के दौरान एक्ट्रैस के घर से करोड़ों रुपये की नकदी और जेवर बरामद हुए थे। खबरें आई थी कि चटर्जी ने सीएम बनर्जी से संपर्क करने की कई बार कोशिशें की हैं, लेकिन बातचीत नहीं हो पा रही है।

# एकनाथ शिंदे गुट के एमएलए के पैर तोड़ देना, मैं जमानत करा लूंगा; शिकायत दर्ज

मुंबई, 16 अगस्त (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुट के विधायक प्रकाश सुर्वे विवादों में फंसते नजर आ रहे हैं। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना कैंप ने एक कार्यक्रम के दौरान बयानबाजी के चलते पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। फिलहाल, दोनों समूहों के बीच पार्टी के नियंत्रण और चुनाव चिह्न (धनुष-बाण) को लेकर जंग जारी है।

मामला भारत निर्वाचन आयोग तक पहुंच गया है। 14 अगस्त को मुंबई के मगथाने इलाके में कार्यक्रम के दौरान सुर्वे ने कहा कि अगर कोई हमारे साथ लड़ेगा, तो उसका जवाब दिया जाएगा। मामले का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं, 'अगर आपसे कोई कुछ कहता है, तो उन्हें जवाब दो।' उन्होंने कहा, 'किसी की दादागिरी सहन नहीं की जाएगी। आप उनपर मारो।' उन्होंने कहा, 'मैं प्रकाश सुर्वे, आपके लिए यहां हूं।' विधायक ने कहा, 'अगर आप उनके हाथ नहीं तोड़ सकते, तो उनके पैर तोड़ दो। मैं अगले दिन आपकी जमानत कराऊंगा, चिंता मत करना।' उन्होंने यह भी कहा, 'हम किसी से नहीं झगड़ते, लेकिन अगर कोई हमसे लड़ेगा, तो उन्हें छोड़ेंगे नहीं।'

दहिसर पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। जून में हुई बगावत के बाद महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी सरकार गिर गई थी। इसके बाद राज्य में शिवसेना और भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी, जिसमें शिंदे को मुख्यमंत्री बनाया गया। जबकि, भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस उपमुख्यमंत्री बने। हाल ही में शिंदे सरकार में कैबिनेट विस्तार हुआ है।

# भारत में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के 8,813 नए मामले



नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। भारत में एक दिन में कोविड-19 के 8,813 मामले आने से संक्रमण के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 4,42,77,194 पर पहुंच गयी है. जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या कम होकर 1,11,252 हो गयी है. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मंगलवार को सुबह 8 बजे तक अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण से 29 और मरीजों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या बढ़कर 5,27,098 हो गयी है. इनमें केरल द्वारा पुनर्मिलान किया गया मौत का एक मामला भी शामिल है. कड़ों के मुताबिक, उपचाराधीन मरीजों की संख्या में एक दिन में 6,256 मामलों की कमी दर्ज की गयी है, जबकि कोविड-19 से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 98.56 प्रतिशत है. इस बीमारी से उबरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4,36,38,844 हो गयी है, जबकि मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत हो गयी. स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार संक्रमण की दैनिक दर 4.15 प्रतिशत दर्ज की गयी, जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 4.79 प्रतिशत दर्ज की गयी. देशव्यापी कोविड-19 रोधी टीकाकरण अभियान के तहत अब तक कोरोनावायरस वैक्सीन की 208.31 करोड़ खुराक दी गयी हैं. कड़ों के अनुसार, देश में जिन 28 और मरीजों ने जान गंवाई है, उनमें से 8 की दिल्ली में, 6 की पंजाब, 2-2 मरीजों की मौत गुजरात, जम्मू-कश्मीर और उत्तर प्रदेश में तथा 1-1 मरीज की मौत असम, छत्तीसगढ़, गोवा, महाराष्ट्र, नगालैंड, ओडिशा, सिक्किम और त्रिपुरा में हुई. गौरतलब है कि देश में 7 अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी.

क्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे. देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे. पिछले साल 4 मई को संक्रमितों की संख्या 2 करोड़ और 23 जून 2021 को 3 करोड़ के पार पहुंच गई थी. इस साल 25 जनवरी को संक्रमण के मामले 4 करोड़ के पार हो गए थे.

# कराची एयरपोर्ट पर भारत के चार्टर्ड प्लेन की इमरजेंसी लैंडिंग कारण नहीं आया सामने

नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान के कराची स्थित एयरपोर्ट पर भारत से दुबई जा रहे एक चार्टर्ड प्लेन की इमरजेंसी लैंडिंग हुई है। यह तब हुआ जब भारत से 12 यात्रियों को लेकर जा रहा यह प्लेन पाकिस्तान के कराची शहर स्थित जिन्ना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। पाकिस्तानी मीडिया में इसके बारे में बताया गया है। चौंकाने वाली बात यह है कि इसका कारण सामने नहीं आया है। रअसल, पीटीआई ने जिओ न्यूज के हवाले से बताया कि हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने वाला यह चार्टर्ड विमान स्थानीय समय के अनुसार दोपहर 12:10 बजे कराची हवाई अड्डे पर उतरा। नागर विमानन प्राधिकरण के प्रवक्ता ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय चार्टर विमान ने भारत से उड़ान भरी थी और इसके अलावा अन्य किसी देश से उसका कोई संबंध नहीं है। ह भी बताया गया कि कराची में उतरने के कुछ ही देर बाद विशेष विमान सभी 12 यात्रियों को लेकर फिर से रवाना हो गया। अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि आखिर विमान किन कारणों से कराची हवाई अड्डे पर उतरा था। बता दें कि इससे पहले भी भारत से उड़ान भरने वाले दो विमानों को तकनीकी कारणों से पिछले महीने कराची हवाई अड्डे पर उतरना पड़ा था। उधर कई अन्य रिपोर्ट्स के मुताबिक राजीव गांधी एयरपोर्ट के अधिकारियों ने भी पुष्टि की है कि यह एक चार्टर्ड फ्लाइट थी। यह दुबई से हैदराबाद और हैदराबाद से कराची के लिए शुरू हुई थी। इसमें क्रू मेंबर सवार थे। ऑपरेटरों के मुताबिक आगे कोई जानकारी सामने नहीं आई। यह एक सामान्य प्रक्रिया थी।

# उमरा करने वालों के लिए खुशखबरी

## अब सऊदी सरकार ने किसी भी वीजा से उमरा करने को दी मंजूरी



नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। हज की पवित्र यात्रा करने के बाद अब लोग उमरा करने की तैयारी कर रहे हैं. इस बीच धार्मिक यात्रा के लिए सऊदी अरब जाने वालों के लिए अच्छी खबर है. हज और उमरा मंत्रालय ने घोषणा की है कि जिन लोगों ने पर्यटक वीजा (टूरिस्ट वीजा) और वाणिज्यिक वीजा (कॉमर्शियल (वीजा) लिया है, वे अब सऊदी अरब में रहने के दौरान उमरा कर सकते हैं. यह सुविधा दुनियाभर के 49 देशों के नागरिकों के लिए दी गई है.

**इस तरह बनवा सकते हैं वीजा**

बता दें कि उमरा पर जाने वाले लोगों को पहले ऐप के जरिए टाइम लेना होगा. सऊदी गजट ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि लोग विजिट सऊदी अरब पोर्टल के माध्यम से अपना वीजा ऑनलाइन प्राप्त कर सकते हैं, या फिर एअरपोर्ट पर तुरंत पहुंचने पर अपना वीजा ले सकते हैं. रिपोर्ट में कहा गया है कि चाहे कोई टूरिस्ट वीजा से आया हो या बिजनेस वीजा से अब सभी तरह के वीजा पर उमरा करने की परमिशन दे दी गई है. वहीं अभी तक उमरा के लिए स्पेशल वीजा लेना होता था.

**पहले लगता था समय**

स्पेशल वीजा लेने में कम से कम एक महीने का समय लग जाता था. लेकिन उमरा वीजा को सरल करने का मकसद दुनियाभर में मुसलमानों को उमरा करने के लिए रास्ता आसान करना है. मंत्रालय ने साफ किया है कि इनमें अमेरिका, ब्रिटेन और शेंगेन वीजा धारक भी शामिल हैं. इस फैसले का उद्देश्य सऊदी मिशन 2030 को आगे बढ़ाना है. इसके तहत, हर साल तीन करोड़ लोगों को उमरा कराना लक्ष्य है.

**उमरा क्या है?**

उमरा एक तरह की धार्मिक यात्रा है, जो हज से अलग है. उमरा की यात्रा कोई भी कर सकता है. इस यात्रा की अवधि सिर्फ 15 दिनों की होती है. खास बात है कि सऊदी में जब हज यात्रा होती है तो उस समय उमरा नहीं किया जा सकता. उमरा के दिनों में यात्री करीब आठ दिन मक्का और सात दिन मदीना में बिताते हैं और धार्मिक कार्य करते हैं.

# दिल्ली में डबल मर्डर, शहादरा में लूटपाट के बाद सास-बहू की चाकू घोपकर हत्या

नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। देश की राजधानी दिल्ली में दोहरा हत्याकांड से हड़कंप मच गया है। सास बहू की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। साथ ही घर में रखी अलमीरा भी टूटी मिली है। नकारी के अनुसार, दिल्ली के वेलकम थाना इलाके के सुभाष पार्क में गली नंबर 12 में एक बुजुर्ग महिला और उसकी 45 साल की बहू की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जांच पड़ताल की तो मौके पर घर की अलमीरा टूटी मिली है। परिवार के बाकी सदस्य छुट्टी मनाने गए हुए थे। तड़के आए तो हत्याकांड का पता चला। परिवार का तिलक बाजार में पूजा सामग्री का कारोबार है। लिस ने बताया कि सुबह करीब 4.20 बजे दिल्ली के पीएस वेलकम में हत्या को लेकर एक पीसीआर कॉल आई। पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। यहां दो महिलाएं मृत मिलीं। दोनों की पहचान विमला देवी (70) और डोली राय (45) के रूप में हुई है। सास बहू घर में अकेली थीं, जबकि दोनों बेटे सार्थक राय और शशांक राय मसूरी और ऋषिकेश गए हुए थे।

मंगलवार तड़के दोनों भाई वापस आए तो घर पर काफी देर तक दरवाजा खटखटाने के बाद भी नहीं खुला। दोनों भाइयों ने दूसरी चाबी से दरवाजा खोला। देखा तो अंदर मां और दादी की खून से लहूलुहान शव पड़े थे। घर से रखी अलमारी टूटी पड़ी थी, ज्वेलरी और कैश भी गायब था। पुलिस ने बताया कि बदमाशों ने घर के पालतू कुत्ते को बांधकर वारदात को अंजाम दिया। घटनास्थल की क्राइम और एफएसएल की टीम ने जांच की है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## छेड़छाड़ की तो लड़की ने चेहरे पर दांत से काटा, पुलिस ने निशान से आरोपी को पकड़ा

ठाणे, 16 अगस्त (एजेंसियां)। ठाणे पुलिस ने सार्वजनिक स्थल पर नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ के आरोपी को उसके चेहरे पर दांत से काटे जाने के निशान की मदद से गिरफ्तार किया है. पुलिस ने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि यह घटना ठाणे के घोडबंदर रोड पर बने एक 'स्काईवॉक' पर 11 अगस्त को हुई. वर्तक नगर मंडल के पुलिस उपायुक्त नीलेश सोनावने ने बताया कि सोमवार शाम को जब लड़की 'स्काईवॉक' से जा रही थी तब व्यक्ति ने उसे पीछे से पकड़ा और उसके साथ छेड़छाड़ की. प्राप्त जानकारी के अनुसार लड़की ने खुद को छुड़ाने की कोशिश की और व्यक्ति के चेहरे पर दांत से काट लिया और किसी तरह उसकी पकड़ से मुक्त हुई. इसके बाद वह पुलिस स्टेशन पहुंची और वहां घटना के संबंध में शिकायत दर्ज कराई.

सुविचार: जो मनुष्य भय वश असत्य बोलता और झूठा आचारण करता है, वह पशु से भी बदतर है।

# विकाराबाद का रहा है समृद्ध इतिहास : केसीआर

## मुख्यमंत्री ने जिला कलेक्ट्रेट परिसर का शुभारंभ किया



हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने आज विकाराबाद जिला कलेक्ट्रेट परिसर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि विकाराबाद का एक समृद्ध इतिहास रहा है। विकाराबाद की हवा स्वस्थ जीवन जीने में मदद करती है। उन्होंने तेलंगाना आंदोलन के दौरान विकाराबाद को एक जिला बनाने का वादा किया और कहा कि उन्होंने अपना वादा पूरा किया। नवनिर्मित भवन परिसर पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि सभी सरकारी कार्यालय नवनिर्मित एकीकृत समाहरणालय की एक छत के नीचे कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि संयुक्त आंध्र के समर्थकों ने एक भ्रांति पैदा की कि रंगारेड्डी जिले में भूमि की दरें गिरेंगी और तेलंगाना के गठन में बाधा उत्पन्न हुई और कहा कि आज नए राज्य तेलंगाना में भूमि की कीमतों में वृद्धि हुई है। उन्होंने लोगों से पूछा कि क्या तेलंगाना नहीं बनने पर विकाराबाद जिला बन जाएगा? उन्होंने कहा कि उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के भाषण में 10 लाख नई पेंशन देने की घोषणा की थी। सीएम ने कहा कि पड़ोसी राज्य के लोग अपने राज्यों में कृषि, बिजली, कल्याण लक्ष्मी, शादी मुबारक जैसी तेलंगाना योजनाओं को लागू करने पर जोर दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पल्ले प्रगति और पटना प्रगति योजनाओं ने राज्य के गांवों और नगर पालिकाओं को विकसित करने में मदद की है। उन्होंने कहा कि उन्होंने पानी का बकाया माफ कर दिया है और कहा कि उनकी सरकार भविष्य में किसानों के लिए और अधिक करेगी, उन्होंने कहा कि उनकी सरकार उन किसानों के कल्याण के लिए कई योजनाएं ले रही है, जिन्होंने एकजुट आंध्र राज्य में कठिन संघर्ष किया और संकट में पड़े।

# गणेश उत्सव के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रकार कदम उठाएं : तलसानी

## मंत्री ने गणेश उत्सव की व्यवस्थाओं की समीक्षा की



हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पशुपालन मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव ने संबंधित अधिकारियों को शहर में आगामी गणेश उत्सव के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया है। 31 अगस्त से शुरू होने वाले गणेश उत्सव के आयोजन पर एक समन्वय समिति की बैठक मंगलवार को यहां डॉ मैरी चन्ना रेड्डी मानव संसाधन विकास संस्थान (एमसीआर एचआरडीआई) में आयोजित की गई। मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव और महमूद अली, विधायक दानम नागेंद्र, एमएलसी प्रभाकर राव, जीएचएमसी के मेयर गडवाल विजया लक्ष्मी, उप महापौर श्रीलता और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर बोलते हुए, मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव ने कहा कि राज्य सरकार आगामी गणेश उत्सव को पर्यावरण के अनुकूल के रूप में बढ़ावा दे रही है और पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने के लिए मिट्टी की मूर्तियों का उपयोग करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित कर रही है। इस बार, सरकार ने जीएचएमसी, एचएमडीए और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहयोग से लगभग छह लाख गणेश मिट्टी की मूर्तियों को वितरित करने और लोगों को मिट्टी की मूर्तियों के साथ त्योहार मनाने के लिए प्रोत्साहित करने का भी निर्णय लिया है।

अधिकारियों को गणेश जुलूस के मार्गों से संबंधित क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत का काम शुरू करने और उन्हें निर्धारित अवधि के भीतर पूरा करने के लिए भी कहा गया। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार दोनों शहरों में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए मौजूदा 25 तालाबों के अलावा अन्य 50 तालाबों को विकसित करने की योजना बना रही है। अधिकारियों को क्रेन, प्रकाश व्यवस्था, जनरेटर, पेशेवर तैराकों की सेवाओं और पर्याप्त सफाई कर्मियों की प्रतिनियुक्ति सहित सभी आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर गृह मंत्री महमूद अली ने पुलिस अधिकारियों को बंदोबस्त के लिए अतिरिक्त बल तैनात करने और संदिग्ध क्षेत्रों में मुफ्ती पुलिस और शी टीमों को तैनात करने का भी निर्देश दिया।

# सामूहिक राष्ट्रीय गान में डॉ. एमसीआर एचआरडी संस्थान के अधिकारियों, संकाय और कर्मचारियों ने भाग लिया



हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राष्ट्रीय गान के सामूहिक गायन में डॉ एमसीआर एचआरडी संस्थान के अधिकारियों, संकाय और कर्मचारियों ने भाग लिया। स्वतंत्र भारत वज्रोत्सवलु के एक भाग के रूप में, डॉ एमसीआर एचआरडी संस्थान के अधिकारियों, संकाय और कर्मचारियों ने 16 अगस्त को सुबह 11:30 बजे एडमिन ब्लॉक के सामने राष्ट्रगान के सामूहिक गायन में बड़े सम्मान के साथ भाग लिया।

महानिदेशक (एफएसी), डॉ एमसीआर एचआरडी संस्थान और तेलंगाना सरकार के प्रधान सचिव बेनहुर महेश दत्त एक्का ने राष्ट्रगान का नेतृत्व किया। इस अवसर पर श्री एक्का ने कहा कि स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने और विभिन्न क्षेत्रों में भारत की अनुकरणीय सफलता की कहानियां ऐतिहासिक घटनाएं हैं, और इसलिए, केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संस्थान ने 1982-ऑस्कर विजेता फिल्म, "गांधी" का प्रदर्शन किया, ताकि कर्मचारी महात्मा गांधी के जीवन से बलिदान और देशभक्ति के मूल्यों को पूरी तरह से सीख सकें और उन्हें आत्मसात कर सकें।

# बंडी के काफिले पर हुए हमला निंदनीय : राकेश जायसवाल




हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। जामबाग संभाग के पार्षद राकेश जायसवाल ने जनगांव जिले के देवारुप्पला में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बंडी संजय की प्रजासंग्राम यात्रा के तीसरे चरण के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं पर हुए हमले की कड़ी निंदा की। राजेश जायसवाल ने कहा कि लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। सीएम केसीआर को अपने पार्टी कैडर को विपक्ष के खिलाफ हिंसा में शामिल होने से रोकना चाहिए। उन्होंने प्रदेश सरकार के साथ-साथ राज्य के पुलिस विभाग को इसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। इस अवसर पर बीजेपी नेता के. दसारी अनिल, नंदू कुमार, एम. राजू यादव, रामकृष्णा, भानु, जनार्दन आदि शामिल रहे।

# साइबराबाद ऑयुक्तालय क्षेत्र में हुए राष्ट्रगान में हजारों लोगों ने लिया भाग



हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद ऑयुक्तालय के गच्चीबावली मंडल के अंतर्गत विप्रो सर्कल में आयोजित सामूहिक राष्ट्रगान में साइबराबाद पुलिस आयुक्त स्टीफन रवींद्र, सेरीलिंगमपल्ली विधायक अरेकापुडी गांधी, डोगरा रेजिमेंट कर्नल गोपाल राज पुरोहित (सेना पदक), डीसीपी ट्रैफिक टी. श्रीनिवास राव, मधापुर डीसीपी सुश्री शिल्पवल्ली, एससीएससी महासचिव कृष्णा येदुला डोगरा आदि ने भाग लिया। स्वतंत्रता भारत वज्रोत्सवम के हिस्से के रूप में, साइबराबाद पुलिस कमिश्नरी के विभिन्न क्षेत्रों, वाणिज्यिक परिसरों, गेटेड समुदायों / अपार्टमेंटों, कॉलेजों, स्कूलों आदि में आज सामूहिक राष्ट्रगान का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। देश के विभिन्न हिस्सों के साइबराबाद में रहने वाले करीब 6 हजार लोगों ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और वीरों के बलिदान को याद किया।



**आजादी के अमृत महोत्सव पर चूरू जिले के छापर में वर्ष 2022 का चतुर्मास कर रहे आचार्यश्री महाश्रमणजी की मंगल सन्निधि में श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, सिकंदराबाद को जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा द्वारा श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभाओं की बृहत श्रेणी में सत्र 2020-2022 की विशिष्ट सभा के रूप में चयनित किया गया। इस अवसर पर सिकंदराबाद सभा का प्रतिनिधित्व करते हुए अध्यक्ष बाबुलाल बैद, निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश सुराणा, मंत्री सुशील संचेती व अन्य।**

# बिहार एसोसिएशन हैदराबाद ने मनाया 76वां स्वतंत्रता दिवस



हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बिहार एसोसिएशन हैदराबाद ने अपने नव निर्माणाधीन कार्यालय स्थित परिसर में ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया।

एसोसिएशन के महासचिव प्रभास कुमार ने बताया कि एसोसिएशन के अध्यक्ष हरेराम सिंह ने ध्वजारोहण किया। सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने बताया कि यह आज़ादी हमारे पूर्वजों द्वारा अथक प्रयास एवं कठिन परिश्रम के माध्यम से हमें प्राप्त हुआ। अतः हमारा भी फर्ज बनता है कि हम अपने आने वाली पीढ़ी के लिए एक अच्छा वातावरण का प्रारूप तैयार करें। सभा को संबोधित करते हुए बिहार फाउंडेशन के अध्यक्ष मानवेंद्र मिश्रा ने कहा कि हम सभी को सकारात्मक कार्य करने की आवश्यकता है, जिससे समाज के सभी वर्गों को समान रुप से लाभ पहुंचे। सभा में एसोसिएशन के वरिष्ठ कार्यकारी दशरथ यादव, उपाध्यक्ष उत्तम यादव, रविशंकर एवं अशोक प्रसाद सिंह, डॉक्टर सुधीर कुमार, दिनेश सिंह, जितेंद्र सिंह, मदन सिंह, भगवान सिंह, राजू राय, सुरेश सिंह, अजय ओझा, रुपेश केसरी, धर्मेंद्र सिंह अभिषेक कुमार, राजेश कुमार, दीपक यादव एमके सिंह, हरेराम यादव, सुभाष यादव, अजय भगत, सुनील सिंह, भरत सिंह आदि ने अपने अपने विचार प्रकट किए। एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता ने सदस्यों को संबोधित करते हुए बिहार एसोसिएशन से जुड़े वेबसाइट के बारे में बताया। उपाध्यक्ष रविशंकर सिंह ने सुझाव पर अमल करने हेतु आश्वस्त किया।




**मारवाड़ी युवा मंच पर्ल महिला शाखा सिकंदराबाद द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में भाग लेती हुईं शाखा अध्यक्षा रक्षा जैन, निवर्तमान अध्यक्ष वर्षा मखाना, शाखा संरक्षक मंजू विनायकिया, उपाध्यक्ष शशि नाहर, निवर्तमान उपाध्यक्ष सुरेखा घोड़ेला, पूनम बोहरा कविता माडंन, रतन गांधी, ललिता लोहार, अनीता सुराणा, खुशबू जैन, रिद्धि बोहरा, सिद्धार्थ जैन व अन्य।**

# ब्रह्मर्षि सेवा समाज द्वारा अखंड रामायण व रामधुन कीर्तन का आयोजन



हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। ब्रह्मर्षि सेवा समाज हैदराबाद द्वारा 24 घंटे का अनवरत राम धुन कीर्तन और रामचरितमानस के अखंड पाठ का आयोजन 14 और 15 अगस्त 2022 को जगतगीरगुट्टा स्थित भगवान परशुराम मंदिर में अति उत्साह के साथ अत्यंत भव्यता पूर्वक सम्पन्न हुआ। समाज के महासचिव इंद्रदेव सिंह ने कहा कि इस आयोजन में हैदराबाद के विभिन्न हिस्सों में बसे श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में पूर्ण श्रद्धाभाव के साथ भाग लिया। दो दिनों के इस अनुष्ठान का शुभारम्भ 14 अगस्त को प्रातः 11 बजे समाज के अध्यक्ष सुजीत ठाकुर, महासचिव इंद्रदेव सिंह एवं उनकी पत्नी श्रीमती बेबी सिंह तथा अन्य सदस्यों द्वारा भगवान की प्राणप्रतिष्ठा, संकल्प एवं आवाहन से हुआ। तदुपरांत सदस्यों ने तुलसीकृत रामचरितमानस का अखंड पाठ किया और निरंतर रामधुन का सस्वर कीर्तन गायन कर अष्टयाम किया गया। भजन मंडली ने 24 घंटे निरंतर यह कीर्तन विभिन्न सुरों में गाकर सभी श्रद्धालुओं को भक्ति विभोर किया। समाज की महिला अध्यक्ष श्रीमती रागिनी सिन्हा, पूर्व महिला अध्यक्ष डॉ. आशा मिश्रा व श्रीमती अनीता राय, पूर्व कोषाध्यक्ष तिरुपति राय, पूर्व अध्यक्ष गोपाल चौधरी, एसएन शर्मा, श्रीमती विधात्री सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष आरएस शर्मा आदि ने रामचरितमानस मानस का पाठ किया। अगले दिन प्रातः पूर्णाहुति की गई जिसमें उपर्युक्त सदस्यों के अतिरिक्त समाज के कार्यकारिणी एवं अन्य सदस्यों ने सपत्नीक भाग लिया ।




**एफआईटीसीसीआई में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में बतौर अतिथि भाग लेते हुए समाजसेवी कुमुद भाई शाह और बीपी सिंघल। साथ में हैं महेंद्र अग्रवाल (उपाध्यक्ष), नितेश अग्रवाल (महासचिव), अरुण देवड़ा (कोषाध्यक्ष), ईसी सदस्य आशीष अग्रवाल, रमेश डी शाह, और अनुज सिंघल।**



**श्री सिखवाल ब्राह्मण समाज द्वारा श्री रामदरबार, पंचायतीवाड़ा में आयोजित श्रावणी महोत्सव के समापन समारोह में भाग लेते हुए वासुदेव तिवाड़ी, मुरलीधर तिवाड़ी, रामदेव नागला व अन्य।**

# मिधानि में बड़ी धूम-धाम से मना 76वाँ स्वतंत्रता दिवस





हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मिश्र धातु निगम लिमिटेड, हैदराबाद (मिधानि), रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार में 76 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव बड़े धूम-धाम से मानाया गया। इस वर्ष मिधानि में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आरंभ भारत सरकार की अभूतपूर्व पहल 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के साथ हुआ था। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत सभी कंपनी के कर्मचारियों को तिरंगे वितरित किए गए थे। मिधानि के कर्मचारियों ने 13 से 15 अगस्त 2022 के दौरान अपने घरों पर भारतीय राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकर देशभक्ति को प्रकट किया। इससे उन्होंने एकता व अखंडता का उदाहरण भी प्रस्तुत किया। 76वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण के पश्चात उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित करते हुए मिधानि के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. संजय कुमार झा ने भारत की आजादी के अमृत महोत्सव के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने संबोधन में देश के स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया। उनको किए गए बलिदान के प्रति कृत्यज्ञता ज्ञापित की। डॉ. झा ने देश की प्रगति में उद्यमों की भूमिका को रेखांकित करते हुए देश को आत्मनिर्भर बनाने में रक्षा उपक्रमों के योगदान के विभिन्न उदारहण प्रस्तुत किए। उन्होंने सभी कर्मचारियों से कर्मठ बनने का आग्रह करते हुए देश की आत्मनिर्भरता को बनाए रखने के लिए मिधानि की भूमिका की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. झा ने अपने संबोधन में कंपनी द्वारा संचालित विभिन्न उत्पादन व सीएसआर परियोजनाओं से देश को हो रहे लाभ पर भी विचार प्रकट किए। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर मिधानि के बीपीडीएवी स्कूल के मेधावी छात्रों, कंपनी के 19 कार्यक्षेत्रों में विशिष्ट योगदान देने वाले 75 कर्मचारियों और 25 वर्ष की दीर्घ सेवा प्रदान करने वाले कर्मचारियों को सम्मानि किया गया। इस अवसर पर आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया।

# सभी मलाईदार विभाग जेडीयू के खाते में

## सीएम ने गृह विभाग अपने पास रखा, वित्त भी जेडीयू को दिया, तेजस्वी को स्वास्थ्य और पथ निर्माण

पटना, 16 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में नीतीश कैबिनेट का आज विस्तार हुआ। और कुछ देर बाद विभागों का बंटवारा हो गया। मुख्यमंत्री ने अपने पास गृह, सामान्य प्रशासन समेत 5 विभाग रखे हैं। वहीं तेजस्वी के पास स्वास्थ्य, पथ निर्माण, नगर विकास और ग्रामीण कार्य का जिम्मा मिला है। लालू के बड़े बेटे तेजप्रताप को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग मिला है। राजभवन में राज्यपाल फागू चौहान 31 मंत्रियों को शपथ दिलाई। मंत्रियों ने पांच-पांच के बैच में शपथ ली। मंत्री बनने वाले कुल 31 विधायकों में आरजेडी से सबसे ज्यादा 16, जेडीयू से 11, कांग्रेस से 2, हम से एक और एक निर्दलीय शामिल है। लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप शपथ लेने वाले पहले 5 विधायकों में शामिल रहे।

**अगड़ी जातियों के मंत्रियों की संख्या घटी**

महागठबंधन की नई सरकार में सामाजिक समीकरण को ध्यान में रखकर मंत्री बनाए गए हैं। ओबीसी-ईबीसी से सबसे ज्यादा 17, दलित- 5 और 5 मुस्लिम शामिल हैं। एनडीए गठबंधन के मुकाबले अगड़ी जातियों का प्रतिनिधित्व इस बार घटा है। पिछली बार अपर कास्ट के 11 मंत्री थे, जो इस बार घटकर 6 हो गए हैं। वहीं पिछली बार ओबीसी-ईबीसी से 13 मंत्री थे, जबकि मुस्लिम 2 मंत्रिमंडल में शामिल थे।

मंत्रिमंडल में सभी जातियों को प्रतिनिधित्व दिया गया है। हालांकि सबसे ज्यादा फोकस ओबीसी और ईबीसी पर किया गया है। जाति की बात करें तो सबसे ज्यादा यादव जाति के 8 विधायक इस बार मंत्रिमंडल में शामिल हैं। आरजेडी की तरफ से 7 और जदयू की तरफ से एक यादव विधायक मंत्री बने हैं। पिछले मंत्रिमंडल में इस जाति से सिर्फ 2 मंत्री थे।










**जेडीयू से कुशवाहा, आरजेडी से भाई वीरेंद्र नाराज**

कैबिनेट विस्तार के बाद जेडीयू और आरजेडी में नाराजगी की खबर है। बताया जा रहा है कि जेडीयू से उपेंद्र कुशवाहा, तो आरजेडी से भाई वीरेंद्र नाराज हैं। दोनों का नाम मंत्री बनने की रेस में सबसे आगे था, लेकिन ऐन वक्त पर पत्ता कट गया। सियासी गलियारों में कहा जा रहा है कि उपेंद्र कुशवाहा नाराज होकर दिल्ली भी चले गए हैं। नीतीश सरकार को सपोर्ट दे रही भाकपा माले ने सरकार में शामिल होने से इनकार कर दिया है। माले के 12 विधायक हैं। माले गठबंधन में तेजस्वी यादव के साथ 2020 में चुनाव लड़ी थी। हालांकि, भाकपा ने सरकार में उचित सम्मान मिलने पर शामिल होने की बात कही है। नीतीश कुमार 10 अगस्त को बिहार के 8वीं बार मुख्यमंत्री बने। उनके पास 164 विधायकों का सपोर्ट है।

एनडीए से अलग होने के बाद नीतीश कुमार महागठबंधन के नेता चुने गए थे, जिसके बाद 10 अगस्त को उन्होंने तेजस्वी यादव के साथ शपथ ली थी।

## बिहार को दहलाने की बड़ी साजिश नाकाम

### गया में दस आईईडी, छह केन बम और चार सिलेंडर बम बरामद



गया, 16 अगस्त (एजेंसियां)। सुरक्षा बलों ने आतंक की एक बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। गया में बाराचट्टी प्रखंड के नागोवार गांव से 400 मीटर दूर घने जंगल से एसएसबी और सीआरपीएफ के जवानों ने नक्सलियों द्वारा लगाये गये 10 आईईडी बम बरामद किये हैं। बरामद किए गए सभी आईईडी 150-200 मीटर के दायरे में लगाए गए थे। दस आईईडी में से छह केन बम हैं और शेष चार सिलेंडर बम हैं। नक्सलियों ने सभी बमों को एक ही वायर से कनेक्ट किया था।

29वीं वाहिनी एसएसबी के कमांडेंट हरे कृष्णा गुप्ता के नेतृत्व में विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। इसमें 159 बटालियन सीआरपीएफ के कमांडेंट कमलेश सिंह के निर्देश पर एसएसबी, बीबीपेसरा, सीआरपीएफ लुटुआ और लुटुआ थाने की पुलिस के एक संयुक्त दल ने पहाड़ी क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया था। सुरक्षाबलों ने 15 अगस्त की दोपहर से ही कार्रवाई शुरू की थी। इसी दौरान जवानों एक साथ 10 आइइडी बम बरामद किए। सभी बमों को एक ही वायर से कनेक्ट किया गया था। बिजली के कोडेक्स तार पर जगह-जगह नक्सलियों ने गांठ भी दे रखे थे, ताकि ब्लास्ट जबर्दस्त तरीके से हो। बम को सुरक्षाबलों ने जंगल में ही डिफ्यूज कर दिया है। डिफ्यूज के समय धमाका इतना तेज हुआ कि वहां 15-20 मीटर के दायरे में करीब 3-4 फीट गहरा हो गया। आसपास के पेड़ों के पत्ते पुरी तरह से गिर गये।

बताया जाता है कि ग्राम नागोवार से 400 मीटर दक्षिण में ये जंगली इलाका नक्सली के गढ़ छकरबंधा क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जहां सुरक्षाबलों को घात लगाकर नुकसान पहुंचाने के लिए बम प्लांट किया गया था। नक्सलियों की मंशा सफल हो जाती तो फोर्स को बड़ा नुकसान हो सकता था।

आए दिन इस क्षेत्र के नक्सलियों की गिरफ्तारी और हथियार एंव बम बरामदगी से नक्सलियों का मनोबल गिरा हुआ है। इसी कड़ी में सुरक्षा बलों को एक और सफलता मिली। इस ऑपरेशन का नेतृत्व 29वीं वाहिनी एसएसबी बीबीपेसरा के सहायक कमांडेंट रामवीर कुमार और सीआरपीएफ लुटुआ कैंप के सहायक कमांडेंट अर्पण ने किया।

## 'जूते-चप्पल' पर आ गई बिहार की पॉलिटिक्स

### फिर से बीजेपी-जेडीयू आमने-सामने, संजय जायसवाल ने नीतीश को घेरा तो नीरज ने राजनाथ सिंह की तस्वीर दिखाई



पटना, 16 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में अब जेडीयू और बीजेपी के बीच का पुराना गठबंधन टूट गया है। इसी बीच बीजेपी ने जेडीयू के नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार पर चप्पल पहन कर झंडा फहराने का आरोप लगाया। उसका पलटवार करते जेडीयू ने बीजेपी के नेता और भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ पर जूता पहन कर झंडा फहराने का आरोप लगा दिया। अब दोनो दलों के नेता एक दूसरे को नीचा दिखाने में अपनी एकजुटता दिखा रहे हैं।

दरअसल बिहार बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय जायसवाल ने आज एक तस्वीर साझा की। इस तस्वीर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चप्पल पहन कर झंडोत्तोलन कर रहे हैं। तस्वीर सांझा कर संजय जायसवाल ने इसे तिरंगा का अपमान बताया। अब जवाब देने की बारी थी जेडीयू की। जेडीयू ने भी चप्पल का जवाब जूते से दिया है। जेडीयू की तरफ से मोर्चा संभालते हुए नीरज कुमार ने भी एक तस्वीर सांझा की। इस तस्वीर में राजनाथ सिंह जूता पहन कर झंडा फहराते हुए दिख रहे है। इस तरह नीरज कुमार ने चप्पल का जवाब जूते से दिया। संजय जायसवाल ने सोशल मीडिया पर नीतीश कुमार की जो फोटो डाली वो मुख्यमंत्री आवास का है। झंडोत्तोलन करते समय मुख्यमंत्री ने चप्पल पहन रखा है। संजय जायसवाल ने लिखा है कि आजादी के अमृत महोत्सव पर किसी भी सरकारी स्कूल अथवा कार्यालय में कोई सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं होने का आदेश दिया गया। इसके बाद अब राष्ट्रीय ध्वज को अपमानित कर रहें हैं। अब यह भी कहेंगे कि महीनों से भाजपा मुझे प्रताड़ित कर रही थी, उसके कारण मैं राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान भूल गया। इसके जवाब में जेडीयू के नीरज कुमार ने राजनाथ सिंह का जूता पहन झंडोत्तोलन करने वाली तस्वीर सांझा की। यह तस्वीर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के दिल्ली स्थित सरकारी आवास की है। तस्वीर सांझा करते हुए लिखा कि संजय जायसवाल जी फिर फंसे? आपने अपने फेसबुक पोस्ट पर स्वतंत्रता दिवस के अवसर को भी राजनीति का एजेंडा बना दिया। आपने राष्ट्रीय ध्वज का अपमान जैसा घिनौने शब्द का इस्तमाल कर राष्ट्रीय पर्व को कलंकित किया है। अब आपको दिखाते हैं आईना।

## मुख्तार अंसारी पर हमले में ब्रजेश सिंह की पेशी

### सालों बाद घर से अदालत पहुंचा डॉन

गाजीपुर, 16 अगस्त (एजेंसियां)। पूर्व विधायक माफिया मुख्तार अंसारी पर जानलेवा हमले के मामले में आरोपित माफिया डॉन ब्रजेश सिंह उर्फ अरूण कुमार सिंह की मंगलवार को गाजीपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट में पेशी हुई। कड़ी सुरक्षा और कोर्ट में गहमागहमी के बीच ब्रजेश सिंह न्यायालय पहुंचे। हाईकोर्ट से जमानत मिलने और जेल से बाहर आने के बाद पहली बार ब्रजेश सिंह किसी अदालत में पेश हुए हैं। सालों बाद यह पहला मौका था जब ब्रजेश अपने घर से अदालत पहुंचे।

उसकी चट्टी कांड के नाम से मशहूर केस की सुनवाई में बांदा जेल से मुख्तार अंसारी को भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जुड़ना था। निजी कारणों से विशेष जज रामसुध सिंह अवकाश पर थे। इसके चलते 29 अगस्त की तारीख तय कर दी गई।

15 जुलाई 2001 को मुख्तार अंसारी पर मऊ जाते समय गाजीपुर के उसकी चट्टी पर हमला हुआ था। उनके काफिके पर स्वचालित हथियारों से फायरिंग की गई थी। गोलीबारी में मुख्तार अंसारी के गनर की मौत हो गई थी। हमलावरों में से भी एक शूटर मारा गया था। मुख्तार अंसारी के हमराहियों को भी चोट आई थी। मुख्तार अंसारी ने ब्रजेश सिंह और त्रिभुवन सिंह को नामजद करते 15 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना के बाद पुलिस ने 4 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था।

## वाटर पार्क में डूबने से बच्चे की मौत




वाराणसी, 16 अगस्त (एजेंसियां)। वाराणसी के दानियालपुर में वाटर पार्क में डूबने से क्लास-2 के एक स्टूडेंट की मौत हो गई। बच्चे का अंतिम संस्कार करने के बाद परिजन सारनाथ थाने पहुंचे और कार्रवाई की मांग करते हुए धरने पर बैठ गए। परिजनों ने वाटर पार्क प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया। पुलिस ने सभी को समझाया और उचित कार्रवाई का भरोसा दिया। इसके साथ ही वाटर पार्क प्रबंधन से जुड़े लोगों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

लाटभैरव सरैयां निवासी सब्जी विक्रेता राजकुमार सोनकर के दो बेटों और तीन बेटियों में दूसरे नंबर का यश आठ साल का था। वह क्लास-2 का स्टूडेंट था। यश सोमवार की दोपहर अपने मुहल्ले के लड़कों के साथ पास के ही दानियालपुर स्थित वाटर पार्क गया था। आरोप है कि वाटर पार्क में नहाने के दौरान यश डूब गया। साथ गए मोहल्ले के लड़कों की सूचना पर परिजन आए और यश को आनन-फानन अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में बच्चे के शव को मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद परिजन यश के शव को ले जाकर गंगा में प्रवाहित कर दिए। उधर, इस घटना के बाद से यश की मां कोमल देवी और उसके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

यश का अंतिम संस्कार करने के बाद परिजन और मुहल्ले के लोग रात में सारनाथ थाने पहुंचे। सभी ने वाटर पार्क प्रबंधन से जुड़े लोगों पर कार्रवाई की मांग लेकर हंगामा शुरू कर दिया।

इसके साथ ही धरने पर बैठ गए। सभी का कहना था कि बच्चों को उनके गार्जियन के बिना वाटर पार्क में एंट्री कैसे दे दी गई।

पुलिस ने आश्वस्त किया कि तहरीर के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही वाटर पार्क प्रबंधन से जुड़े दो लोगों को बुलाकर उनसे पूछताछ शुरू की तो यश के परिजन और उसके मुहल्ले के लोग शांत हुए।

उधर, इस संबंध में सारनाथ थाना प्रभारी धरमपाल सिंह ने बताया कि बच्चे की अंत्येष्टि करने के बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी है। मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## इको टूरिज्म बोर्ड बनाएगी योगी सरकार

### कुकरैल शिफ्ट होगा लखनऊ जू, शुरू होगी नाइट सफारी

लखनऊ, 16 अगस्त (एजेंसियां)। सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 18 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इनमें यूपी इको टूरिज्म बोर्ड के गठन, लखनऊ चिड़ियाघर को कुकरैल शिफ्ट करने और नाइट सफारी शुरू करने का प्रस्ताव भी शामिल हैं। नाइट सफारी कुकरैल वन क्षेत्र में बनेगी। वहां 2027 हेक्टेअर का जंगल है। 150 एकड़ में प्राणि उद्यान बनेगा। 350 एकड़ में नाइट सफारी बनेगी। कैबिनेट की बैठक में कंसल्टेंट की नियुक्ति का भी निर्णय लिया गया। तय हुआ कि 6 पद सृजित किए जाएंगे। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में परामर्श समिति और अपर मुख्य सचिव वन की अध्यक्षता में कार्य संचालन समिति बनेगी। 10 विभागों के समन्वय से प्रदेश में इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड के गठन का निर्णय लिया गया है।

## अदालत के बाहर ताबड़तोड़ फायरिंग

### पेशी पर आए आरोपी की हत्या, पुलिसकर्मी भी जख्मी



हापुड़, 16 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिला कोर्ट में दिनदहाड़े फायरिंग से हड़कंप मच गया। मंगलवार को जिला अदालत में पेशी पर आए एक आरोपी की गोली मारकर हत्या से सनसनी फैल गई। आरोपी वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी है।

जानकारी के अनुसार, मंगलवार को हरियाणा पुलिस की कस्टडी में पेशी पर आए एक आरोपी की हापुड़ कचहरी के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक को चार से पांच गोली मारी गई हैं।

मृतक का नाम लाखन उर्फ यशराज पुत्र मनिपाल निवासी गांव अनंगपुर फरीदाबाद है। लाखन 2019 में धोलाना में हुई एक हत्या के मामले में आरोपी था। बदमाशों की ओर से पिस्टल से 10 से 15 राउंड फायरिंग हुई। पुलिस की ओर से गोली चलने की सूचना नहीं है। इस दौरान एक गोली पुलिसकर्मी को भी लगी है। गोली लगने से पुलिसकर्मी भी घायल हो गया। एसपी दीपक भूकर ने बताया कि किसी पुलिस कर्मी को गोली नहीं लगी है। हत्यारों की संख्या तीन थी। कचहरी के बाहर बदमाशों ने पैदल ही घटना को अंजाम दिया और उसके बाद पास के मोहल्ले रघुवीर गंज में खड़ी बाइक से फरार हो गए। पुलिस मोहल्ले में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। आईजी प्रवीण कुमार ने भी मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली।

## यहां जमा करा सकते हैं क्षतिग्रस्त तिरंगा

### बस्ती की डीएम ने नागरिकों से की ये खास अपील



बस्ती, 16 अगस्त (एजेंसियां)। घर-घर तिरंगा अभियान के बाद अब राष्ट्रीय ध्वज को ससम्मान और सुरक्षित ढंग से रखे जाने को लेकर प्रशासन सचेत हो गया। यूपी के बस्ती में जिला प्रशासन ने राष्ट्रीय ध्वज को किसी प्रकार की क्षति होने पर सरकारी कार्यालयों में जमा करवाने का इंतजाम किया है। डीएम प्रियंका निरंजन ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि यदि किसी नागरिक को किसी स्थान पर क्षतिग्रस्त राष्ट्रीय ध्वज मिलता है, तो उसे निकट के सरकारी कार्यालय में जमा कर दें। राष्ट्रीय ध्वज को कहीं इधर-उधर ना फेंके और ना ही निस्तारण करने का प्रयास करें। मंगलवार को डीएम ने बताया कि राष्ट्रीय ध्वज के निस्तारण की एक प्रक्रिया होती है।

उन्होंने कहा कि नागरिक अपने घरों पर फहराए गए राष्ट्रीय ध्वज को घर पर सुरक्षित रख लें। वे आजादी के सौ वर्ष पूरा होने पर इसे फहरा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी नागरिक तिरंगे को सम्मान पूर्वक उतार कर अपने घरों में सुरक्षित रख लें।

## दीवार तोड़ता हुआ घर में घुसा ट्रॉला

### रिटायर्ड दरोगा समेत चार की मौत, 4 घंटे तक मलबे में दबे रहे लोग



मैनपुरी, 16 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले की तहसील कुरावली में बीती रात दर्दनाक हादसा हुआ। यहां के ग्राम खिरिया पीपर के सामने तेज रफ्तार से जा रहा लोहे की सरिया से लदा ट्रॉला अनियंत्रित होकर हाईवे के किनारे बने एक मकान के पिलर को तोड़ता हुआ दूसरे मकान में घुस गया, जिससे मकान के मलबे में दबकर ट्रक के चालक परिचालक सहित मकान में सो रहे दंपत्ति की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रॉला में बैठे छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी तथा पुलिसकर्मियों द्वारा घायलों को अस्पताल में भर्ती कराते हुए जेसीबी की मदद से रात में ही 4 घंटे रेस्क्यू कर मलबे में दबे शवों को बाहर निकाला गया। घटना की सूचना पर मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं पुलिस ने मृतकों के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सोमवार की रात लगभग 10:00 बजे ग्राम खिरिया पीपर के सामने हाईवे पर दिल्ली की तरफ से तेज रफ्तार से सरियों से लदा जा रहा ट्रॉला अनियंत्रित होकर हाईवे के किनारे बने प्रमोद कुमार पुत्र सुखराम के मकान के बने पिलर को तोड़ता हुआ सेवानिवृत पुलिसकर्मी विश्राम सिंह पुत्र अंगद सिंह के मकान में जा घुसा, जिससे पुलिस कर्मी का मकान ढह गया। मकान के मलबे में ट्रॉला चालक कविंद्र पुत्र मुन्नालाल निवासी ग्राम रुद्रपुर थाना बिशुनगढ़, जनपद कन्नौज परिचालक अंकित पुत्र प्रमोद निवासी ग्राम कुंदरकोट, थाना रामपुरा अहिरवा, औरैया सहित चारपाई पर सो रहे रिटायर्ड 61 वर्षीय पुलिसकर्मी विश्राम सिंह पुत्र अंगद सिंह तथा उनकी 55 वर्षीय पत्नी विनोदा देवी पत्नी अंगद सिंह निवासी ग्राम खिरिया पीपर सहित ट्रॉला में बैठे मुनेश कुमार पुत्र शेर सिंह, राम नारायन पुत्र प्रेमचंद्र, संजीव पुत्र सामंत सिंह, देवेंद्र पुत्र गंगा सिंह, अखिलेश पुत्र राजेश कुमार निवासीगण ग्राम रुद्रपुर, विशुनगढ़ कन्नौज, सुनील कुमार पुत्र भवर सिंह निवासी भोजपुर विशुनगढ़ कन्नौज दब गये। मलबे में दबे लोगों की चीख पुकार सुनकर रात में ही मौके पर दर्जनों की संख्या में ग्रामीण पहुंच गए।

## पूर्व मंत्री सुभाष सिंह का दिल्ली में निधन

### गोपालगंज सदर सीट से लगातार 4 बार विधायक रहे, किडनी ट्रांसप्लांट के बाद हुआ था इंफेक्शन



गोपालगंज, 16 अगस्त (एजेंसियां)। सूबे के पूर्व सहकारिता मंत्री व सदर विधान सभा सीट से लगातार चार बार विधायक रहे सुभाष सिंह का इलाज के दौरान दिल्ली में निधन हो गया। पूर्व मंत्री के निधन की ख़बर सुनते ही भाजपा नेताओं में शोक लहर दौड़ गई। वही परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मंगलवार की सुबह 3 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। सुभाष सिंह सदर प्रखंड के ख़्वाजेपुर गांव निवासी थे। उनका राजनीतिक सफर 1990 के दशक से शुरू हुआ था। तब वो गोपालगंज के लिए यूनियन के अध्यक्ष हुआ करते थे। इसके बाद सहकारिता के क्षेत्र में उन्होंने काम किया। सुभाष सिंह की लोकप्रियता को देखते हुए बीजेपी ने गोपालगंज सदर विधानसभा से विधायक का टिकट दिया। भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़कर चुनाव जीते और लगातार चार बार विजयी होकर बिहार विधान सभा के सदस्य बने। वर्ष 2005, 2010, 2015 और 2020 में लगातार विधायक चुने गए। लगातार चार बार विधायक रहने पर एनडीए की सरकार में उन्हें सहकारिता मंत्री बनाया गया था। मंत्री पद के शपथ लेने के बाद उन्होंने किडनी ट्रांसप्लांट करवाया। लेकिन इंफेक्शन हो जाने के कारण दुबारा एम्स में उन्हें भर्ती कराया गया था। परिजनों की मानें तो किडनी ट्रांसप्लांट होने के बाद उन्हें गोपालगंज के घर लाया गया था। इसके बाद हालत बिगड़ने पर दोबारा दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया था।

जिसके बाद मंगलवार की अहले सुबह 3 बजे अंतिम सांस ली।

## आरएलबी उन्नाव का प्रबंधक धोखाधड़ी में गिरफ्तार

### नौकरी के नाम पर महिला से लिए 16.50 लाख रुपये, तीन साल से था फरार

लखनऊ, 16 अगस्त (एजेंसियां)। लखनऊ पुलिस ने उन्नाव के रानी लक्ष्मी बाई कन्या विद्या मंदिर इंटर कालेज के प्रबंधक को धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया है। उसने एक महिला को शिक्षिका की नौकरी दिलाने के नाम पर 16.50 लाख रुपये ठग लिए थे।

**प्लेसमेंट एजेंसी संचालक की मदद से की ठगी, दे रहा था जान से मारने की धमकी**



इन्दिरानगर के निजामुद्दीन चांदन निवासी मंजू लता सिंह ने बताया कि 2017 में इंदिरानगर में प्लेसमेंट एजेसी जलाने वाले अमित यादव ने स्कूल में नौकरी दिलाने का वादा किया था। उसकी बातों में आकर उन्नाव स्थित रानी लक्ष्मी बाई कन्या विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज के प्रबंधक वीरेंद्र सिंह से मुलाकात की। उन्होंने 15 लाख रुपये में नौकरी दिलाने का दावा किया।

उनकी बातों में आकर 15 लाख वीरेंद्र और अमित को कमीशन के तौर पर 1.50 लाख रुपये दे दिए। इन लोगों ने ज्वाइनिंग लेटर आजकल देने की बात कह महीनों टरकाते रहे। पुलिस से शिकायत करने की बात कहने पर मारपीट कर पर्स लूट लिया। जिसमें इनसे जुड़े साक्ष्य, रुपये और सोने की चेन थी। उसके बाद दोबारा तकादा करने पर जान से मारने की धमकी दी। इंस्पेक्टर इंदिरानगर डॉ. रामफल प्रजापति ने बताया कि पीड़िता मंजू लता ने आरोपियों के खिलाफ एक अप्रैल 2019 में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर तीन साल से फरार चल रहे विभूतिखण्ड निवासी आरोपी प्रबंधक वीरेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## नीतीश सरकार में लखीसराय-मुंगेर की झोली खाली

### 5 टर्म विधायक प्रह्लाद यादव मंत्री बनने से चूके

लखीसराय, 16 अगस्त (एजेंसियां)। महागठबंधन सरकार के मंत्रिमंडल का ऐलान मंगलवार को पटना के राजभवन में कर दिया गया है। नई सरकार में बनाए गए सभी 31 मंत्रियों ने शपथ भी ली, लेकिन लखीसराय के नजरिए से नई सरकार में जिले को नुकसान हुआ है। बीजेपी से गठबंधन वाली सरकार में जहां लखीसराय के विधायक विजय कुमार सिन्हा को विशेष पद देते हुए विधानसभा अध्यक्ष और उससे पहले श्रम संसाधन मंत्री बनाया गया, तो वहीं वर्तमान की महागठबंधन सरकार में लखीसराय के सूर्यगढ़ा विधानसभा से लंबे समय से राजद के विधायक रहने वाले प्रह्लाद यादव को मंत्रिमंडल में स्थान नहीं दिया गया।

दरअसल, लखीसराय जिलांतर्गत दो विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें से एक लखीसराय और दूसरा सूर्यगढ़ा हैं। लखीसराय के विधायक वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा हैं, जबकि सूर्यगढ़ा विधानसभा क्षेत्र से राजद के प्रह्लाद यादव हैं। पूर्वी बिहार के मुंगेर, जमुई और लखीसराय जिले की बात करें तो यहां राजद से एकमात्र विधायक प्रह्लाद यादव हैं।

# नगरद्वय में हर्षोल्लास से मनाया गया 75वां स्वतंत्र दिवस

## वायु सेना अकादमी ने मनाया हर घर 'तिरंगा कार्यक्रम'



हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। 'हर घर तिरंगा' अभियान को मनाने के राष्ट्रीय एजेंडे के अनुरूप, एयर मार्शल बी चंद्रशेखर, अति विशिष्ट सेवा मेडल, कमांडेंट, वायु सेना अकादमी, डुंडीगल, हैदराबाद के नेतृत्व में वायु सेना अकादमी में इसे शानदार तरीके से मनाया गया। सप्ताह की शुरुआत वायु सेना अकादमी के अंदर सभी प्रमुख स्थानों पर कई राष्ट्रीय ध्वज फहराकर एक मजबूत देशभक्ति की भावना के साथ हुई। वर्दीधारी कर्मी, उनके परिवार और नागरिक अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए बहुत उत्साहित थे। 12 अगस्त को एक समारोह में वायु सेना अकादमी के सीआई जीडीओटी एयर कमोडोर मनमीत सिंह द्वारा अकादमी मुख्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। 'आजादी का अमृत महोत्सव' और 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम की भावना को थोड़ा और आगे बढ़ाते हुए 13 अगस्त 22 को एक मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। मैराथन को एयर मार्शल बी चंद्रशेखर ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस आयोजन में वायु योद्धाओं, उनके परिवारों और वायु सेना अकादमी के बड़ी संख्या में नागरिक कर्मियों की भारी भागीदारी हुई। 15 अगस्त 2022 को, पूरे औपचारिक पोशाक में सभी सेवारत रक्षा और साथ ही नागरिक कर्मियों की उपस्थिति में कमांडेंट द्वारा अकादमी परेड मैदान में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।



डॉ. एमसीआर एचआरडी संस्थान के महानिदेशक व तेलंगाना सरकार के प्रधान मुख्य सचिव बी. महेश दत्त एक्का ने संस्थान परिसर में 76 वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

## आरोग्या अस्पताल में स्वतंत्रता दिवस समारोह संपन्न



हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मोजमजाही मार्केट स्थित आरोग्या अस्पताल परिसर में देश का 76वें स्वाधीनता दिवस मनाया गया। आज़ादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य पर ध्वजारोहण समारोह में डॉ.महेश शर्मा ने अतिथियों का अभिवादन और स्वागत किया और कार्यक्रम का संचालन किया। आरोग्या अस्पताल की ओर से डॉ. मोहन गुप्ता ने समारोह के मुख्य अतिथि एवं पूर्व विधायक प्रेमसिंह राठौर और डॉ. श्याम सुन्दर अग्रवाल ने विशेष अतिथि सुप्रसिद्ध भवन निर्माता एवं वास्तु-विशेषज्ञ मोहम्मद रईस मोहम्मद खान का स्वागत पुष्पहार और शाल से किया। इस अवसर पर डॉ. मनोज कुमार सिंह, डॉ. विजय मोहन, डॉ बी. प्रभाकर, गोविंद नारायण राठी, शंभुदयाल अग्रवाल, जावेद झंझुआ, ललताप्रसाद अग्रवाल, राजेंद्र कुमार अग्रवाल, आनंद वर्मा, मोहम्मद सलीम, प्रकाशनारायण राठी, राजस्थानी स्नातक संघ के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता एवं मानद सचिव सीए संदीप झँवर, सुमेर सिंह राठौर, भगवानदास गाँधी, अमर जाजू, भरत जाजू, गोपाल सारड़ा, सम्पत बियानी, द्वारका असावा, अरुण लाहोटी, संपत दरक, मोंटी अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।



रंगारेड्डी जिले के गच्चीबावली पुलिस परेड ग्राउंड में 76 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह भव्य तरीके से आयोजित किया गया। सुबह से दोपहर पंद्रह अगस्त के कार्यक्रम उत्सव के माहौल में जारी रहा। शिक्षामंत्री सबिता इंद्रा रेड्डी ने मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर अमॉय, साइबराबाद पुलिस आयुक्त स्टीफन रवींद्र, अपर कलेक्टर तिरुपति राव, जिला राजस्व अधिकारी हरिप्रिया, सभी विभागों के अधिकारी, पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और छात्रों ने भाग लिया।



रिकाबगंज भण्डारा चौक पर कुम्भ मेला अग्रवाल बंधु द्वारा मनाये गये स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेते हुए अध्यक्ष पंकज कुमार अग्रवाल, प्रखर अग्रवाल, बृजमोहन, फतहचन्द, मनित, राकेश पटवारी राजू व अन्य।



बापूजी नगर, न्यू बोइनपल्ली में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष जम्पाना प्रताप, अजित कल्याण, रामा राव व अन्य।



स्वतंत्रता दिवस आजादी अमृत महोत्सव पर पार्षद लालसिंह द्वारा गोशमहल डिवीजन में कई जगहों में झंडा फहराया गया। इस अवसर पर सोमराज सिंह, सुधाकर गौड़, संदीप सिंह, प्रदीप सिंह, अमरदीप सिंह, किसान व अन्य उपस्थित रहे।



आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम में भाग लेते हुए अत्तापुर थाने के सर्कल इंस्पेक्टर बी. क्रांति कुमार, सुनिल, दत्ता बिरादर, समाज सेवी राजेश करवा एवं अन्य।



सरस्वती पूजा समिति, रामंतापुर में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए समिति सदस्य भगवान सिंह, मंजुनाथ गुप्ता, सुरेश सिंह, सुरेश पासवान, कमलेश व अन्य।



श्री आशापुरा माताजी मित्र मंडल द्वारा बेगम बाज़ार में अमृत महोत्सव मनाया गया। झंडारोहण कार्यक्रम में साईंनाथगंज सीआई अजय कुमार, दीप सिंह राठौड़, गंगा सिंह चौहान, उदय सिंह एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



स्वतंत्रता दिवस पर छावनी परिषद में ध्वाजारोहण करते हुए बोर्ड के सीईओ अजीत रेड्डी। उपस्थित हैं ज्वाइंट सीईओ विजयकुमार बालन, महेंदर, परशुराम, वेंकटरमणा, नरसिंग व अन्य।

## हिंदी प्रचार सभा में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस




हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हिंदी प्रचार सभा हैदराबाद में 76वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभा के प्रधानमंत्री एवं ट्रस्टी जे. प्रेम कुमार ने सभा के प्रांगण में तिरंगा फहराकर सभी पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि 15 अगस्त 1947 का दिन हमारे देश के इतिहास में स्वर्णाक्षरों से लिखा गया है। इस साल आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर अमृत महोत्सव मना रहे हैं। इस राष्ट्रीय त्योहार को हम लोग बड़े उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाते हैं। उन्होंने इसी अवसर पर आगे कहा कि राष्ट्रीय पर्व के साथ हमें राष्ट्रभाषा हिंदी को भी आगे बढ़ाना है और इसे आगे और भी ऊँचाइयों तक पहुँचाना है। सभा के चुनाव अधिकारी श्रुतिकांत भारती ने कहा कि हमें बहुत मुश्किलों से आज़ादी मिली है। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने बहुत कुछ खोकर आजादी को पाया है। तेलंगाना हिंदी प्रचार सभा हैदराबाद के अध्यक्ष जी. गांधी ने कहा कि हमें आजादी को बचाए रखना है। तेलंगाना हिंदी प्रचार सभा हैदराबाद के मंत्री डॉ. सादिख पाशा, सभा के रजिस्ट्रार नामदेव वाघमोडे ने कहा कि हमें स्वतंत्रता के साथ-साथ हिंदी को भी बचाना है। सभा के प्रधानमंत्री जे. प्रेम कुमार ने धर्मवंत हिंदी शिक्षण संस्थाएँ ट्रस्ट तथा मुफिद-उल-अनाम बालिका विद्यालय में भी ध्वजा रोहण किया। मुफिद-उल अनाम बालिका विद्यालय के अध्यापिका माधुरी, अलका, श्रद्धा, नंदा आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर तेलंगाना हिंदी प्रचार सभा हैदराबाद के कोषाध्यक्ष राममोहनाचार्युलु, सभा के कार्यालय मंत्री के. वेंकटेश्वर, रजिस्ट्रार नामदेव वाघमोडे, कार्यकर्ता संघ के मंत्री सी. शिवलिंगम, माया पाण्डेय, भानुदास पुजारे, सी. विनोद रेड्डी, प्रतिभा कुलकर्णी, के, सरिता, रेखा पवार, जी.आर. नरसिंग, सुनिता सबनिस, श्रीकांत, अरुणा आदि उपस्थित थे।



चारमीनार, सुलतानशाही में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए युवा भाजपा नेता अशोक सेन, पूर्व पार्षद पाशम सुरेंद्र व अन्य।



नागिरेड्डी कॉलोनी ओल्ड अलवाल में आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में नवीन रेड्डी, विश्व मंगल गौशाला के मुख्य सचिव शांतिलाल सुथार, संगीता सिरवी, धर्माराम, प्रभूराम, विशनाराम सोहन सिरवी आदि उपस्थित रहे।

## दैनिक पंचांग

### ग्रह गोचर




| ग्रह स्थिति | | |
|---|---|---|
| सूर्य- | कर्क | में |
| चंद्र- | मेष | में |
| मंगल | वृष | में |
| बुध- | सिंह | में |
| गुरु- | मीन | में |
| शुक्र- | कर्क | में |
| शनि- | मकर | में |
| राहु- | मेष | में |
| केतु- | तुला | में |

| लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|
| कर्क... | 03-50 | बजे |
| सिंह... | 06-02 | बजे |
| कन्या | 08-10 | बजे |
| तुला - | 10-14 | बजे |
| वृश्चिक | 12-24 | बजे |
| धनु--- | 14-38 | बजे |
| मकर- | 16-44 | बजे |
| कुंभ - | 18-35 | बजे |
| मीन... | 20-14 | बजे |
| मेष-- | 21-49 | बजे |
| वृष-- | 23-34 | बजे |
| मिथुन.. | 01-34 | बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- **2079**
शक संवत् **-1944,** कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426878**
कलियुग संवत् **-5123** वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् **-1972949123**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885123**
महावीर निर्वाण संवत् **-2548,**हिजरी सन् **-1443**
ऋतु-वर्षा, दिशाशूल- उत्तर -धनिया खाकर घर से निकले
तिथि- षष्ठी- **20-24** तक उपरान्त, सप्तमी
मास - भाद्रपद कृष्ण पक्ष , बुधवार, **17 August**
नक्षत्र - अश्विनी **- 21 -56 -** तक उपरान्त, भरणी
योग - गण्ड **20- 55 -** तक उप- वृद्धि
करण- गर **- 08 -14 -** तक,उप- वणिज
विशेष:- सिंहे अर्क,बंगाल भाद्रपदमास प्रा.
व्रत -त्योहार - सिंह राशि मे सूर्य

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए ।

**राहुकाल**
**12:20** से
**13:55** तक

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र बेगम बाजार हैद्रा.**

| दिन का चौघड़िया | | |
|---|---|---|
| लाभ | **06:01 - 07:35** | शुभ |
| अमृत | **07:35 - 09:10** | शुभ |
| काल | **09:10 - 10:45** | अशुभ |
| शुभ. | **10:45 - 12:20** | शुभ |
| रोग. | **12:20 - 13:55** | अशुभ |
| उत्पात | **13:55 - 15:30** | अशुभ |
| चंचल | **15:30 - 17:05** | शुभ |
| लाभ | **17:05 - 18:37** | शुभ |

| रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|
| उत्पात | **18:40 - 20:05** | अशुभ |
| शुभ | **20:05 - 21:30** | शुभ |
| अमृत | **21:30 - 22:55** | शुभ |
| चंचल | **22:55 - 00:20** | शुभ |
| रोग | **00:20 - 01:45** | अशुभ |
| काल | **01:45 - 03:10** | अशुभ |
| लाभ | **03:10 - 04:36** | शुभ |
| उत्पात | **04:36 - 06:03** | अशुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ)
आप इस वक्त अलौकिक घटनाओं से प्रभावित रहेंगे।आप आज अपना दिन किसी रहस्यमयी मुद्दे की खोजबीन में बिताना चाहते हैं और कोई रहस्यमयी फिल्म या उपन्यास देख/पढ़ सकते हैं।आप किसी रहस्य पर से पर्दा उठाने का फैसला भी ले सकते हैं या किसी स्थिति/व्यक्ति के बारे में और अधिक जानने की कोशिश करेंगे

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
कदम उठाने का है,इसमें हिचकिये मत।इसके स्थान पर मजबूत फैसला लीजिये। अवसरों को जाने मत दीजिये।इस समय विश्वास पूर्वक लिया गया एक फैसला नाटकीय तरीके से आपकी जिंदगी को बदल सकता है,शायद आपको अभी ये प्रतीत न हो।पुराने संबंधों के बारे में फिर से सोचने और अर्थहीन संबंधों को तोड़ देना ही सही रहेगा।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
आपकी एकाग्रता और विचारशक्ति इस समय अपने चरम पर है और इसीलिए आप अपने आसपास के लोगों की स्थिति के बारे में और भी संवेदनशील हैं।इससे आपको पिछले कुछ मतभेद सुलझाने में मदद मिलेगी।आप किसी ऐसे व्यक्ति के सम्पर्क में आ सकते हैं जिससे आप काफी पहले अलग हो गए थे।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
अनुभव सबसे बड़ा अध्यापक है और अभी आपको इसी से सीखना है।भूतकाल से ली हुई सीख की उपेक्षा ना करें ताकि भविष्य की परेशानियों से बच सकें।जरुरतमंदों ,चाहे बच्चे हों या बूढ़े,उनकी मदद करें।ऐसे करने से ही आप सही रास्ते पर चल पायेंगे चाहे आपको अभी इस पर चलने में कोई भी परेशानी आ रही हो।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
आज साहस दिखाने के लिए बहुत अच्छा दिन है। आज आपका भाग्य आपके साथ है। आज आप जो भी करोगे सब कुछ अच्छा ही होगा।अगर कहीं निवेश करना चाहते हैं तो यह बहुत अच्छा समय है।सच्चा प्यार मिलने की उम्मीद बन रही है हालाँकि अपने स्वास्थ्य के बारे में सतर्क रहें ,खांसी और ठण्ड से परेशान हो सकते हैं।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
अगर आप अपना समय और ऊर्जा गरीब और कम सुविधा प्राप्त बच्चों को शिक्षा देने में लगायेंगे तो आपको बहुत ख़ुशी मिलेगी।अपना कुछ सामन किसी जरूरतमंद को दे दें।आपकी वित्तीय स्थिति अच्छी है ,आप पैसे से भी किसी की मदद कर सकते हैं।आप नए लोगों से जल्दी ही परिचय भी कर लेते हैं

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
आज आप हर किसी पर विश्वास करने के मूड में रहेंगे। इसका नुक्सान यह है की आप किसी ऐसे आदमी के साथ भी अपनी बाते साझी कर सकते हैं जो दिल से आपका भला नही चाहता।इसीलिए पहले इस आदमियो के बारे सही से छानबीन कर लें।अगर आप पिछले कुछ समय से कार्यस्थल या घर पर किसी की बातो से असहमत हैं

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू)
नकारात्मकता से भरे छली लोगों से दूर रहें।ये आपको भी नकारात्मक बनाकर असफल कर देने की कोशिश में हैं जबकि आप अपनी मंजिल के बहुत करीब हो।शांति के लिए आज अपना अधिकतर समय परिवार के साथ घर पर बिताएं और सारा बाकी काम पूरा कर लें। कुछ मीठी यादें है।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
दूसरों पर विश्वास करना होगा। यह आपका कोई करीबी या कोई दोस्त हो सकता है और व: आपकी किसी ऐसे विशेष काम में मदद करेगा जिससे आपके भविष्य पर काफी प्रभाव पड़ेगा। लेकिन इसके लिए सबसे जरुरी यह होगा की आप उस व्यक्ति में विश्वास बनाये रखें। आपको अपनी ही तरफ से विश्वास की पहल करनी होगी।

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
यह समय अपने लक्ष्य के लिए गंभीरता से कोशिश करने का है ,आपको बहुत जल्दी इसका फल भी मिलेगा।आप अभी कुछ बातों के बारे में सोच रहे थे,उनको कार्यान्वित करने का समय आ गया है।आपको अपना सारा ध्यान अब इसी पर लगाना होगा।हालाँकि आप इसके कारण बहुत व्यस्त रहेंगे

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
आपकी प्रवृतियाँ आज काफी सक्रिय रहेंगी और आपको उनकी सुनकर ही आज आगे बढ़ाना चाहिए। यहां तक की अगर आपके आसपास हर किसी की राय अलग है तो भी आप उनकी ना सुनकर अपने ही मन की सुनें।आपके लिए शायद अभी यह कर पाना काफी मुश्किल होगा लेकिन आपको इसका लाभ मिलेगा।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
अगर आप आज रसोईघर में बनने वाले खाने के बारे में सोच रहे हैं तो बिलकुल सही सोच रहे हैं।आज आपको कोई विशेष पकवान खाने को मिल सकता है।अपनी सेहत का ध्यान रखें और साफ़ सफाई बनाये रखें।आपके मित्र के को हुई ग़लतफ़हमी आज दूर हो सकती है।अप्रत्याशित श्रोतों से आय होने की भी संभावना है।

**पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693**

स्वतंत्र वार्ता

बुधवार, 17 अगस्त, 2022

# राजनीति में परिवारवाद

अब तक देश ने देखा था कि स्वाधीनता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री सरकार की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं के बारे में बात करते थे। लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी ने इस बार इस परंपरा को तोड़ते हुए देश की कुछ ऐसी बड़ी चुनौतियों की तरफ देश का ध्यान आकर्षित किया जिसे लेकर विपक्ष की माथा भन्नाया हुआ है। पीएम मोदी ने राजनीति में फैले भाई-भतीजावाद व भ्रष्टाचार को देश की तरक्की में सबसे बडी बाधा बताया। मोदी जब परिवारवाद की बात कर रहे थे तो स्वाभाविक ही लोगों का ध्यान कांग्रेस की तरफ गया, लेकिन उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि जब मैं परिवारवाद की बात करता हूं, तो लोग इसका अर्थ केवल राजनीति तक सीमित कर देते हैं, जबकि परिवारवाद की प्रवृत्ति देश की तमाम संस्थाओं तक में अपनी गहरी जडें जमा चुकी हैं। इसके चलते सबसे ज्यादा नुकसान उभरती प्रतिभाओं को उठाना पड़ता है। प्रधानमंत्री के इस बयान का स्पष्ट कर दिया है कि अब सरकार भ्रष्टाचारियों को किसी भी कीमत पर बख्शने के मूड में नहीं है। इसके अलावा मोदी के राडार पर राजनीति में परिवारवाद भी आ गया है जिसकी वजह से देश की तमाम संस्थाओं में इसने अपनी गहरी पैठ बना लिया है। उन्होंने संकल्प लिया है कि जब तक इसे समाप्त नहीं कर लेते तब तक वे चैन से नहीं बैठने वाले। अब सबसे बडा सवाल है कि यह सब होगा कैसे? इसका अभी तक कोई रोडमैप नहीं बन सका है। भ्रष्टाचार पर तो सरकार का प्रयास नजर आता है, लेकिन राजनीति और संस्थाओं में भाई-भतीजावाद समाप्त करने के लिए वह क्या कदम उठाएगी, यह तो भविष्य ही तय करेगा। देखा जाए तो राजनीति में परिवारवाद अब कोई नई प्रवृत्ति नहीं रह गई है। इससे निजात पाने की बातें तो लगभग हर दल करता है, लेकिन इस दिशा में व्यावहारिक कदम कोई नहीं उठाता। जब तक कोई राजनीतिक दल नया और सत्ता से बाहर रहता है, तब तक कुछ हद तक इस प्रवृत्ति से बचा रहता है, साथ ही अपने इस प्रवृत्ति का बढ़-चढ़ कर प्रचार प्रसार भी करता है। लेकिन जनाधार बढ़ने और सत्ता में आने के साथ ही भाई-भतीजावाद और परिवारवाद की सारी बीमारी सत्ताधारी दल में भी आ जाती है। माना तो यही जाता है कि इस प्रवृत्ति की शुरुआत कांग्रेस में हुई थी, लेकिन अब किसी भी दल पर नजर डालें तो सभी जगह परिवारवाद स्पष्ट दिखाई देता है। कई क्षेत्रीय दलों के तो सारे पदाधिकारी पार्टी सुप्रीमों के परिवार के लोग ही रहते हैं। पूछने पर इसके पीछे तर्क दिया जाता है कि जब डाक्टर की संतान डाक्टर, इंजीनियर की संतान इंजीनियर, व्यवसायी की संतान व्यवसायी हो सकती है, तो राजनेता की संतान को राजनीति में आने से क्यों रोका जाना चाहिए। ऐसे लोगों को यह बताना जरूरी है कि राजनीति और पेशे में फर्क होता है। राजनीति लोगों की सेवा के संकल्प के साथ शुरू की जाती है और लोगों की अपेक्षा भी यही रहती है कि उनका प्रतिनिधि उनके हक के लिए काम करे। मगर देखा जाता है कि बड़े नेताओं के बच्चे राजनीति में आकर पिता के रसूख से चुनाव जीत कर आनन-फानन में मंत्री पद तक प्राप्त कर लेते हैं। अब तो राजनीति की तरह दूसरी संस्थाएं भी इस प्रवृत्ति से अछूती नहीं रह पातीं, क्योंकि आखिरकार उनका संचालन राजनीति यानी सरकार ही करती है। अनेक सरकारी संस्थानों, खेल संघों, आयोगों आदि में सत्तापक्ष के लोगों की संतानों को काबिज देखा जा सकता है। बहुत सारे बड़े सरकारी ठेके राजनेताओं से एसोसिएट लोगों को ही मिल पाते हैं। वही परामर्श देने के नाम पर देशी-विदेशी कंपनियों से शुल्क के रूप में रिश्वत लेकर उन्हें सरकारी योजनाओं में हिस्सेदार बनाते रहते हैं। इस तरह भ्रष्टाचार की परत-दर-परत बनती चली जाती है। सत्ता में आने के बाद भाजपा भी अपने को इस प्रवृत्ति से मुक्त होने का दावा नहीं कर सकती। इसलिए अगर सरकार सचमुच भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद को खत्म करना चाहती है, तो इसे लेकर उसे खुद अपने को बख्शने की प्रवृत्ति से ऊपर उठना होगा।

# एक वार्डन की कथा



डॉ. सुरेश कुमार

वह बड़ी ईमानदार है। चार पैसे जरूर इधर-उधर कर लेती है, लेकिन बाकी वार्डनों से बहुत बेहतर है। वैसे भी आज कौन नहीं खाता। नहीं खाए तो शक होता है। सही उम्र में सही काम नहीं करने से उसके परिणाम आगे चलकर भुगतने पड़ते हैं। वह लाख बुरे काम करती होगी लेकिन अपनी चारदीवारी के भीतर। मजाल की कान वाले दीवारें उसका पता लगा लें। मान लो रसोई के लिए चार कैन तेल मंगवाया जाता है तो वह बड़ी ईमानदारी से एक कैन अपने घर भेजवा देती है। कभी उसने उससे ज्यादा नहीं लिया। इससे ज्यादा ईमानदारी और क्या चाहिए। आज के जमाने में ईमानदार वही है जो लूटने में नियंत्रित रहे।

वह हर काम में ईमानदारी दिखाती है। हॉस्टल से लूटे रुपयों-सामानों से शहर में दो-चार कोठियाँ उठा लीं है। लेकिन भाड़े पर गरीबों को दिया है। वह दूसरों का बुरा नहीं करती केवल उनकी कलंक-चर्चा सुनकर स्वयं को समाज में घट रहे घटनाक्रमों से अद्यतन करती है। यदि फिर भी समय बच जाता है तो लड़कियों के बचे छुटकर पैसों से तंबाकू खरीदने के लिए पनवाड़ी वाले का इंतजार करती है।

ईमानदारी का रूप दूसरों की बेईमानी के गन्दे तौलिए से पौंछने पर ही चमकता है। वह हमेशा दूसरों की बेईमानी पुराणगाथा अपनी जुबान पर रखती है। मौका मिले तो शुरु हो जाए। और बेईमानों का मुँह ऐसे धोती है कि सामने वाला फिर से दर्पण देखने लायक नहीं रह जाता। वह दूसरे हॉस्टलों की जब तक दो-चार लड़कियों के भागने, दो-चार के गर्भपात, दो-चार की शादी, छुट्टम-छुटाई और मुँह काला करने पर भी पतिव्रता का नाटक करने वाली प्रसंगों का भोजन कर न लें, उसके बाद दांत खोद न लें, तब तक उसको कहाँ चैन पड़ता है। भोजन के बाद कलंक-चर्चा का चूर्ण फाँकना भी तो जरूरी होता है। इससे हाजमा भी अच्छा होता है। एक दिन उसने उसने चूर्ण फाँकना शुरू कर दिया- आपने सुना, अमुक हॉस्टल की लड़की अमुक छोरे के साथ भाग गयी और दोनों ने वरंगल में शादी कर ली। कैसा बुरा जमाना आ गया। मैं जानता हूँ कि वह बुरा जमाना आने से दुखी नहीं, सुखी है, फिर भी मैं उसकी हाँ में हाँ मिला लेता हूँ। यह दुनिया हाँ में हाँ मिलाने वालों से बहुत बतियाती है। थोड़ा भी न-नुकूर करिए तुरंत आपसे कन्नी काट लेती है। जितना बुरा जमाना आयेगा वह उतनी ही सुखी होंगी - तब वे यह महसूस करके और कहकर गर्व अनुभव करेंगी कि इतने बुरे जमाने में भी हमीं सबसे अच्छे हैं। वह तो बड़ी चालाक है। वह सामूहिक असफलता में से निजी सफलता का मुद्दा निकाल लेती है और अपनी असफलता को समूह की पराजय बताकर मुक्त हो जाती है।

# नीतीश सबकी मजबूरी क्यों?

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने देश की सबसे बड़ी पार्टी बीजेपी से नाता तोड़कर एक बार फिर आर जे डी से हाथ मिला लिया। नीतीश का यह कदम चौंकाने वाला था। नीतीश आठवीं बार बिहार के सीएम बने, लेकिन बीजेपी राज्य की सत्ता से ही बेदखल हो गई। इतना ही नहीं, अब उसके सामने 2024 के लोकसभा चुनाव की टेंशन भी खड़ी हो गई है। ऐसा इसलिए, क्योंकि आंकड़े बताते हैं कि नीतीश जिसके साथ रहे, उसका पलड़ा भारी रहता है।

ऐसे में सवाल उठता है कि नीतीश के पास ऐसी कौन सी ताकत है, जो कम विधायक होने पर भी सीएम की कुर्सी पर वही कायम रहते हैं। वे जिस पार्टी के साथ जाना चाहते हैं, वही उनके एक इशारे पर साथ आने तैयार हो जाती है। इसके पीछे की बड़ी वजह है पार्टियों की मजबूरी, क्योंकि नीतीश का साथ होना बिहार के 16 प्रतिशत कुर्मी वोट की गारंटी है।

**बिहार में 16% वोट की गारंटी हैं सुशासन बाबू**

विधानसभा चुनाव हो या लोकसभा चुनाव। हमेशा नीतीश कुमार का वोट प्रतिशत अच्छा ही रहा है। विभाजित बिहार के बाद हुए लोकसभा चुनावों के आंकड़ों को देखें तो नीतीश कुमार का विधानसभा की तुलना में लोकसभा चुनाव में ट्रैक रिकार्ड ज्यादा बेहतर है। 2014 लोकसभा चुनाव को छोड़कर कभी उनका वोट प्रतिशत 22% से नीचे नहीं रहा है। नीतीश को 2014 की मोदी लहर में भी 16% वोट मिले थे।

**बिहार के साथ यूपी के 6% वोट पर नीतीश का असर**




| NDA | | | UPA | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पार्टी | वोट शेयर(%) | सीट | पार्टी | वोट शेयर(%) | सीट |
| BJP | 29.86 | 22 | कांग्रेस | 8.56 | 02 |
| LJP | 6.50 | 06 | RJD | 20.46 | 04 |
| RLSP | 0.12 | 03 | NCP | 1.22 | 01 |
| टोटल | 36.48 | 31 | टोटल | 30.24 | 07 |

कुर्मी समाज से आने वाले नीतीश कुमार बिहार के 16% वोट पर तो असर है ही, वे उत्तर प्रदेश में भी बीजेपी का गणित बिगाड़ सकते हैं। यूपी में कुर्मी समाज का वोट करीब 6 प्रतिशत है। इनका प्रभाव प्रदेश के 25 जिलों में है। जबकि करीब 48 विधानसभा सीटें और 8-10 लोकसभा सीटें ऐसी हैं जहां कुर्मी समाज निर्णायक भूमिका निभाता है।

यूपी में सपा नेता बेनीप्रसाद वर्मा और अपना दल के सोनीलाल पटेल के बाद कुर्मी समाज से कोई बड़ा चेहरा किसी भी पार्टी के पास नहीं है। बीजेपी सोने लाल पटेल की बेटी अनुप्रिया पटेल के सहारे कुर्मी समाज को साधे हुए है, जबकि देश में कुर्मी नेता के तौर पर नीतीश कुमार खुद को स्थापित कर चुके हैं। ऐसे में आने वाले समय में नीतीश कुमार अकेले या कांग्रेस के साथ मिलकर यूपी में कुर्मी समाज के वोट बैंक को अपनी तरफ करना चाहेंगे।

**विपक्षी नेताओं से भी नीतीश के अच्छे संबंध**

नीतीश कुमार के महागठबंधन में शामिल होने के बाद विपक्ष में खुशी का माहौल है। इसकी वजह है नीतीश के अन्य राज्यों के नेताओं के साथ अच्छे संबंध होना। नीतीश के पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, तेलगांना के सीएम के चंदशेखर राव, ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक और कर्नाटक के वरिष्ठ नेता एचडी देवेगौड़ा से अच्छे संबंध हैं। यही वजह है कि नीतीश के महागठबंधन में शामिल होने के बाद विपक्ष और मजबूत हो गया है। ऐसे में अगर 2024 में विपक्ष एक साथ लोकसभा चुनाव लड़ता है, तो नीतीश कुमार ज्यादातर राज्यों में कुर्मी वोट बैंक के सहारे विपक्ष को मजबूती प्रदान करेंगे।

**भाजपा क्यों नहीं छोड़ना चाह रही थी साथ...**

साल 2019 के लोकसभा चुनाव में नीतीश कुमार ने जैसे ही बीजेपी से हाथ मिलाया एनडीए का वोट शेयर करीब 18% बढ़कर 54.34% हो गया। प्रदेश की 40 सीटों में से एनडीए को 39 सीटें मिली और विपक्ष से सिर्फ कांग्रेस 1 सीट ही जीत सकी थी। यही वजह है कि भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में किसी भी हाल में नीतीश का साथ नहीं छोड़ना चाहती थी।

**अगर महागठबंधन के साथ लोकसभा चुनाव तक रहा तो...**

नीतीश अगर महागठबंधन में शामिल रहते हैं तो 2024 के लोकसभा चुनाव में एनडीए को कम नुकसान हो सकता है, क्योंकि पिछले 4 चुनावों का ट्रैक रिकार्ड देखें तो पता चलता है कि राज्य में जिसकी भी सरकार रही है, सिर्फ 2014 को छोड़कर लोकसभा चुनाव में उस पार्टी का डंका बजा है। जैसे 2004 में राबड़ी देवी सीएम थीं तो यूपीए की झोली में 40 में से 29 सीटें गईं। 2009 में नीतीश एनडीए के साथ रहे तो उसकी 32 सीटें मिलीं। 2019 में दोबारा उनके साथ जाने पर एनडीए को 39 सीटें मिलीं।

अगर एक बार फिर राज्य में पिछड़ा, अति पिछड़ा और दलित वोटों की गोलबंदी होगी। इससे बीजेपी की स्थिति 2015 वाली हो सकती है।

**अकेले लड़े तो 16.04%, अब महागठबंधन के साथ हैं**

साल 2014 के लोकसभा चुनाव में जेडीयू अकेले लड़ी और 16.04% वोट लाने में कामयाब रही। तब पार्टी को 2 सीट मिली थीं और मोदी लहर में 36.48% वोट पाकर एनडीए 31 सीटों पर जीती थी, लेकिन बीजेपी को पता है कि उनको इतनी बड़ी जीत तब मिली थी जब मुकाबला त्रिकोणीय हुआ था। अब नीतीश फिर अकेले लड़ेंगे, ऐसे आसार कम ही हैं। वजह- इस बार उनके साथ महागठबंधन है। खुद राजद के तेजस्वी ने कहा है कि महागठबंधन में जो नीतीश जी चाहेंगे वही होगा।

**विधानसभा चुनाव पर पड़ने वाले प्रभाव को भी जानिए**

बीते विधानसभा चुनावों के आंकड़ों भी ज्यादा अलग नहीं है। अगर आंकड़ों को देखें तो पता चलता है कि नीतीश कुमार के साथ जाने वाली पार्टियों के वोट शेयर में तो मामूली बढ़ोत्तरी होती है, लेकिन सीटों में भारी इजाफा हो जाता है। जैसे 2015 और 2020 विधानसभा चुनाव को देख लीजिए। 2015 में नीतीश कुमार ने लालू यादव और कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ा। तब महागठबंधन (जेडीयू+आरजेडी+कांग्रेस) को 41.84% वोट मिला और सीटें 178 पहुंच गईं। वहीं, एनडीए 34.59% वोट पाकर 58 सीट पर सिमट गई, लेकिन 2020 में जैसे ही बीजेपी ने नीतीश कुमार से हाथ मिलाया एनडीए 37.26% वोट शेयर के साथ 125 सीट जीतने में कामयाब रही। जबकि, महागठबंधन (आजेडी+कांग्रेस+सीपीआई+सीपीआईएम+माले) का वोट शेयर एनडीए से सिर्फ 0.23% ही कम था, लेकिन उससे सीटें 15 कम हो गईं।

# जातिवाद का मटका कब फूटकर बिखरेगा?



प्रियंका 'सौरभ'

भारतीय लोकतंत्र का मूल्य संविधान में निहित है और संविधान छुआछूत तथा अस्पृश्यता का निषेध करता है। फिर स्कूल के घड़े में रखा पानी पीने पर दलित बच्चों की क्रूरता से पिटाई क्यों? मासूम बच्चे को अभी पता भी नहीं था कि जाति क्या है और वह जातिगत छुआछूत प्रताड़ना का शिकार हो गया। आखिर हम और समाज मटके से कब आजाद होंगे? राजस्थान में तीसरी कक्षा के विद्यार्थी नौ वर्षीय इंद्र मेघवाल की हत्या हमारे उन सब गर्वों पर कलंक है जिनका बखान हम धर्म, संस्कृति और आध्यात्मिकता के नाम पर करते हैं। ऊँच- नीच को भगवान की देन बता-बता कर, सामाजिक नियंत्रण और डर फैलाना एक प्राचीनतम मनोवैज्ञानिक-सामाजिक हथियार है। भारत की ग़ुलामी के इतिहास में झांके तो हम पाएंगे कि धर्म का समर्थन प्राप्त जातिवादी मानसिकता भारत की गुलामी और हार का सबसे बड़ा कारण है। अगर किसी भी समाज को गुलाम बनाने की सामुदायिक-सांस्कृतिक लत है तो स्वतंत्रता का ढोंग क्यों हो ? सरस्वती मंदिर में अस्पृश्यता की बीमार परम्परा के प्रहार से घायल इंद्र मेघवाल की मौत क्या दिखाती है? ऐसे संवेनदशील मामलों में सिर्फ शिक्षक के विरुद्ध कार्यवाही पर्याप्त नहीं है इसके लिए शिक्षण संस्थान भी जिम्मेदार बनते है जो ऐसे जातिवादी इलाकों में स्कूल में मटका रखने की अनुमति देते हैं इसलिए ऐसे शिक्षण संस्थाओं को इनका तोड़ ढूंढना होगा। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 17 के तहत अस्पृश्यता का अंत किया गया है और इसका किसी भी रूप में पालन करना अपराध घोषित किया गया है। इसलिए राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि उसके क्षेत्र में किसी प्रकार का छुआछूत प्रैक्टिस में ना रहे। इस देश में दो मराठी महापुरुष आये। दोनों ने देश पर इतना उपकार किया कि ये देश उनका उपकार नहीं भुला सकता। एक ने धर्म की रक्षा की छत्रपति शिवाजी महाराज और उनका धर्म था इन्सानियत। दूसरे ने देश को रास्ता बताया भारतीय संविधान लिखकर। हम इन दोनों से कब सीखेंगे? 75 साल पहले हमें अंग्रेजी हुकूमत से आजादी तो मिली लेकिन 75 साल बाद भी जातिवाद से नहीं। पहले अस्पृश्पृयता बहुत ज्यादा थी, जो आज के दौर मे कही - कहीं दिखाई देती है। ऊंच-नीच, छुआछुत के कारण पहले ऊँची जाति के लोग (खासकर ब्राह्मण,बनिये) नीची जाति के लोगों के पास से निकलते हुये निश्चित दूरी बनाकर निकलते थे और किसी चीज के लेन-देन के वक़्त हाथों मे एक निश्चित फासला रखते थे। मगर ऐसी बातें सुनकर हँसी तब आती है जब कोई नीची जाति का आदमी बनिये की दुकान से कुछ खरीदने जाता तो बनिया उसके हाथ से पैसे लेते वक़्त कोई फासला नहीं रखता लेकिन उसके बदले समान देते वक़्त फासला बना लेता। तो फिर अछूत कौन हुआ ? सोचिये। अब वक़्त ने करवट बदली है,

> **इस देश में दो मराठी महापुरुष आये। दोनों ने देश पर इतना उपकार किया कि ये देश उनका उपकार नहीं भुला सकता। एक ने धर्म कि रक्षा कि छत्रपति शिवाजी महाराज और उनका धर्म था इन्सानियत। दूसरे ने देश को रास्ता बताया भारतीय संविधान लिखकर। हम इन दोनों से कब सीखेंगे? 75 साल पहले हमें अंग्रेजी हुकूमत से आजादी तो मिली लेकिन 75 साल बाद भी जातिवाद से नहीं मिली आजादी।**

बिजली पानी मे कुछ सरकारी दखलंदाज़ी होने से अब पानी खींचना नहीं पड़ता। गाँव में नीची जाति के लोग आज बे- धडक अंदर आ जाते हैं और पास रखी कुर्सी या स्टूल पे धडल्ले से बैठ जाते हैं। हाथ मिलाना, साथ चलना तो आम हो गया। कुए की जगह अब पानी की टंकियाँ बनी है जिसमे नल लगे हैं मगर अब उन नलों का जाति के हिसाब से बंटवारा नहीं किया गया। ये सामाजिक बदलाव की पहल वक़्त ने की है, न की किसी जाति विशेष ने। देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, वहीं दूसरी तरफ पानी के मटके को छूने पर मासूम को इतना पीटा गया कि जान ही चली गयी। 15 अगस्त 1947 को भारत को ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता मिली थी। ब्रिटिश साम्राज्यवाद के विपरीत, लोग सभी प्रकार के भेदभाव से मुक्त सम्मानजनक जीवन जीने की आशा रखते थे। हालाँकि अब उत्पीड़कों ने केवल अपना रूप बदल लिया है। कौन नहीं जानता कि आज भी स्कूलों में मिड डे मील को दलित बच्चे छू लेते हैं तो लोग कहते हैं हमारे बच्चों को दीन हीन कर दिया। हम आये दिन कहीं न कहीं ये पढ़ते है कि मिड-डे मील के बचे हुए खाने को स्कूल के पड़ोस में रहने वालों ने सिर्फ इसलिए नहीं लिया क्योंकि खाना देने दलित बच्चे गये थे। प्रगतिशील राज्यों में से एक होने और सामाजिक न्याय का दावा करने वाले तमिलनाडु अस्पृश्यता उन्मूलन मोर्चा के सर्वे में खुलासा हुआ है कि 386 पंचायतों में से 22 में दलित ग्राम प्रधानों को बैठने तक के लिए कुर्सी नसीब नहीं होती। ऐसे में बिना भेदभाव खत्म हुए किसी भी आजादी का कोई मतलब नहीं है। इंद्र कि मौत के इस जघन्य कृत्य के लिए हम सब शर्मिंदा है। 75 साल हो गए पर देश के कुछ ऐसे नीच बुद्धि वाले लोग है जो अपने आप को भगवान समझते हैं और देश के आज़ाद होने के बाद भी ऐसी नीच मानसिकता रखते हैं। जब तक ऐसे लोग रहेंगे देश कभी आज़ाद नही रहेगा। मासूम बच्चे ने सोचा कि जब आजादी के अमृत महोत्सव का ढोल पूरे देश में जोर शोर से पीटा जा रहा है तो शायद मैं भी आजाद हूँ। उसे क्या पता था की ये आजादी उसके लिए नही। वह अबोध बालक हजारों प्रश्न देश के सामने छोडकर आज चला गया। समाज और देश के असली दुश्मन तो इस तरह की मानसिकता वाले लोग हैं जो एक शिक्षक जैसे आदर्श व्यक्तित्व के रूप में स्कूल का संचालन कर रहे हैं। ऐसे में सरकार को निजी स्कूलों के लिए भी कुछ चारित्रिक मापदंड अनिवार्य करना चाहिए। जब तक भारतीय समाज और राज्य को संचालित करने वाले केंद्रों-संस्थाओं पर से वर्ण-जाति की विचारधारा के लोगों का कब्जा खत्म नहीं होता है, तब इंद्र मेघवाल अपमानित होते रहेंगे और मारे जाते रहेंगे, बस वजहें अलग-अलग होंगी। वर्ण-जाति व्यवस्था के खिलाफ संघर्ष करने वाली बहुजन वैचारिकी और बहुजन नायकों को भारतीय समाज के केंद्र में स्थापित किए बिना डॉ. आंबेडकर से लेकर इंद्र मेघवाल तक को पानी का घड़ा छूने के लिए दंडित करने की परंपरा को खत्म नहीं किया जा सकता है। यह प्रतिकार सिर्फ इंद्र मेघवाल की हत्या तक सीमित नहीं होना चाहिए।

# मिट्टी के मटकों की भी जाति होती है मास्साब?

राजस्थान के जालौर जिले में सायला तहसील स्थित सुराणा गांव के एक निजी स्कूल में हुई जातीय उत्पीड़न की हुई एक घटना चर्चा में है। तीसरी कक्षा में पढ़ने वाले पिछड़ी (अनुसूचित) जाति के 9 साल के एक छात्र की विद्यालय के संचालक और शिक्षक ने 20 जुलाई को पिटाई कर दी। इससे छात्र के कान और आंख में गंभीर चोटें आईं। इसके बाद परिवार वालों ने बच्चे का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज कराया, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका। 13 अगस्त को अहमदाबाद के एक अस्पताल में बच्चे ने दम तोड़ दिया।

परिजनों का आरोप है कि मटके से पानी पीने के चलते शिक्षक ने बच्चे को पीटा था। बच्चे की मृत्यु के बाद शिक्षक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। परिवार वालों का कहना है कि स्कूल के दूसरे बच्चों से जब पूछा गया तो पता चला कि स्कूल में रखे जिस घड़े से बच्चे ने पानी पिया था, उससे सिर्फ स्कूल का वह शिक्षक ही पानी पीता था, जिसने बच्चे की पिटाई की। बच्चे की गलती इतनी थी कि वह प्यास बर्दाश्त नहीं कर सका और उसी घड़े से पानी पी लिया।

बाल या दलित उत्पीड़न की यह कोई अकेली घटना नहीं है। हाल के दिनों में ही ऐसी कई घटनाएं याद की जा सकती हैः

पिछले महीने पुणे में एक प्राइवेट स्कूल के तीन शिक्षकों के खिलाफ 10वीं कक्षा के तीन छात्रों की पिटाई करने और आंतरिक मूल्यांकन में खराब ग्रेड की धमकी देने के लिए किशोर न्याय अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में मिड डे मील वितरण के दौरान छुआछूत और भेदभाव का मामला सामने आने पर स्कूलों में शिक्षकों की निगरानी कमिटी बनाने की बात सामने आई है।

झारखंड के गिरिडीह जिले में एक शिक्षक ने सात साल के एक छात्र को बांस की छड़ी से इतना पीटा कि वह छात्र बुरी तरह से जख्मी हो गया।

बिहार की राजधानी पटना में एक कोचिंग सेंटर में शिक्षक ने छात्र को इतना मारा कि वह बेहोश हो गया।

कानून से बेपरवाह

इससे इतर देश भर से जातीय उत्पीड़न की सैकड़ों घटनाएं अखबारों की सुर्खियां बनती हैं। बीते दिनों मध्यप्रदेश के धार जिले के एक गांव में कुछ दबंगों ने अनुसूचित जाति की बारात में दूल्हे को घोड़ी पर बिठाकर घुमाने का विरोध किया। मामला इतना बढ़ गया कि पुलिस बुलानी पड़ी। राजस्थान के उदयपुर में भी दबंगों ने दलित दूल्हे की बंदोली को रोक दिया। उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में सवर्ण समाज के लोगों ने एक दलित दूल्हे को घोड़ी से उतारने और बारात को रोकने की कोशिश की।

# पर्यावरण के प्रति सजगता और अर्थ तंत्र को मजबूत करने की कवायद



संजीव ठाकुर

वर्तमान में वृहद चिंतन की आवश्यकता है कि पर्यावरण संतुलन से आर्थिक, सामाजिक विकास की अवधारणा है कैसे जन्म लेंगी? उसमें गहन चिंतन विभिन्न मानव प्रजातियों के आर्थिक तथा पर्यावरण संतुलन को लेकर भी है। इस विषय पर एक खुली बहस की आवश्यकता है। खुली बहस इसलिए भी कि मनुष्य के जीवन के लिए जितना आवश्यक पर्यावरण संतुलन है उतना ही आवश्यक उसका आर्थिक विकास भी है। अब ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते खतरे को देखकर पर्यावरण संतुलन को आर्थिक विकास के साथ जोड़ा जाना अत्यंत महत्वपूर्ण एवं मानवीय जीवन की सुरक्षा के लिए आवश्यक है। बढ़ते असमान आर्थिक विकास तथा उपभोक्तावादी प्रकृति ने जहां सामाजिक विभेद की दरार को चौड़ा कर दिया है वही विश्व स्तर पर विस्तारवाद तथा उपनिवेशवाद को बढ़ावा भी मिला है। राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भेदभाव के इस बड़े स्तर को आर्थिक विकास तथा पर्यावरण संतुलन को प्राथमिकता देना नदी के दो अलग किनारों को जोड़ने जैसा ही है। विकास की दौड़ में जहां मनुष्य जीवन के इस व्यस्तता में थककर वापस प्रकृति की ओर उन्मुख होना चाहता है। शहरी मनुष्य प्रकृति की शीतलता, हरियाली और खुली स्वच्छंद हवा में सांस लेने के लिए उत्सुक है और कल्पना करता है कि गांव में जीवन कितना सुमधुर और स्वच्छंद आनंदमई है, इसकी दूसरी तरफ ग्रामीण जंगली इलाकों के रहने वाले लोग कल्पना करते हैं कि शहर में कितनी सुविधाएं हैं जो जीवन जीने को एकदम सरल एवं आसान बनाती है। यह द्विपक्षीय लालसा शहर में रहने वाले और ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों के बीच बराबर की है, हमें इनके आपसी संतुलन को बनाए रखना और आर्थिक विकास के साथ पर्यावरण संतुलन को भी बढ़ते सोपान के साथ बढ़ावा देना है। यूरोपीय देशों में कई देशों ने इसके उदाहरण प्रस्तुत किये हैं, जहां आर्थिक विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी गई है। इसके लिए हमें उपभोक्तावादी संस्कृति को नियंत्रित कर नागरिकों को पर्यावरण के संतुलन के प्रति जागरूक करना होगा। टेक्नोलॉजी के स्तर पर पर्यावरण अनुकूल साधनों का ऊर्जा स्रोत ग्रीन तकनीक, हरित भवन, कार्बन न्यूट्रल वाहनों की तरफ उनके नियंत्रण पर हमें ध्यान देने की आवश्यकता होगी। वहीं दूसरी तरफ आदिवासियों पर ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों को आधुनिक विज्ञान से देसी ज्ञान के साथ शिक्षित भी करने की आवश्यकता होगी। पर्यावरण किसी भी परियोजना को स्थापित करने के पूर्व पर्यावरण आकलन करने की आवश्यकता है ही इसके साथ ही समाज में पड़ने वाले प्रभाव को देखने के लिए सामाजिक प्रभाव आकलन को भी मूर्त रूप देना होगा। इस संतुलन को बनाने हेतु भविष्य की नीति बनाने की आवश्यकता होगी साथ ही हमको यह भी समझना होगा कि पर्वतों को मिटाने से नदियों को बांधने व जंगलों को काटने से विकास संभव नहीं है। पर्यावरण संतुलन और विकास को केवल आर्थिक विकास की श्रेणी में न रखकर समग्र रूप से सामाजिक, पर्यावरणीय संस्कृति के नैतिक रूप से समझने की आवश्यकता होगी। इस पर्यावरण तथा आर्थिक संतुलन को बनाए रखने के लिए हमें सर्वहारा वर्ग के हर व्यक्ति के लिए जीत सुनिश्चित करनी होगी जिसमें किसी को नुकसान ना हो एवं आम व्यक्ति पीछे ना रह जाए। यह अवधारणा यदि किसी भी समाज देश में व्याप्त होगी तभी आर्थिक विकास का पर्यावरण के साथ संतुलन स्थापित हो सकता है। इस संदर्भ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी कहा है प्रकृति हमारी जरूरतों को पूरा करने के लिए है व्यक्ति की लालच को पूरा करने के लिए नहीं निर्दोष, निर्मल प्रकृति के दोहन के साथ ही मनुष्य के समाज ने अत्यधिक शोषण किया है। प्रकृति के विनाश के साथ आर्थिक विकास लंबे समय तक नहीं चल सकता है। यह बात जितने जल्दी मनुष्य को, देश और पूरे विश्व समुदाय को जितनी जल्दी समझ में आ जाए उतना ही आर्थिक तथा पर्यावरण के संतुलन के विकास के लिए शुभ संकेत होंगे। आर्थिक विकास के वर्तमान संदर्भ को देखें तो यह बात बड़ी विचित्र किंतु सत्य प्रतीत होती है कि जब एक समुदाय को कुर्बान करने के लिए दूसरे समुदाय को लाभ पहुंचाया जाता है आर्थिक विकास के लिए योजनाएं कहीं बनती हैं, विस्थापित लोग कहीं और होते हैं और बिजली और अन्य सुविधाएं किसी अन्य जगह से आती है, जिसके परिणाम स्वरूप आर्थिक और पर्यावरण के संतुलन में अनेक विसंगतियां जन्म लेती हैं, और इससे सामाजिक आर्थिक संतुलन भी बिगड़ने की संभावना बलवती होती है।

# आज से सूर्य बदलेगा राशि

## अब खत्म होगा सूर्य-शनि का अशुभ योग, 16 सितंबर तक तुला सहित चार राशियों के लिए अच्छा समय



17 अगस्त, बुधवार को सूर्य अपनी राशि में यानी सिंह राशि में आ जाएगा। इससे सूर्य का शुभ प्रभाव और बढ़ जाएगा। इस राशि में ये ग्रह अगले महीने 16 सितंबर तक रहेगा। इस दौरान सभी राशियों पर सूर्य का असर पड़ेगा। सूर्य के सिंह राशि में आने से इसे सिंह संक्रांति कहा जाएगा।

16 जुलाई से सूर्य कर्क राशि में है और अपने शत्रु ग्रह यानी शनि से दृष्टि संबंध बना रहा है। इस अशुभ योग के कारण कई लोग पिछले एक महीने से परेशान चल रहे हैं। लेकिन 17 अगस्त को सूर्य के राशि बदलने पर कई लोगों को इस अशुभ योग से राहत मिलने लगेगी।

**12 राशियों पर सूर्य का प्रभाव**

सूर्य के शुभ प्रभाव से मिथुन, तुला, वृश्चिक और मीन राशि वाले लोगों के जीवन में अच्छे बदलाव होने की संभावना है। वहीं वृष, कन्या और मकर राशि वाले लोगों को संभलकर रहना होगा। इनके अलावा मेष, कर्क, सिंह, धनु और कुंभ राशि वाले लोगों पर सूर्य का मिला-जुला असर रहेगा।

**मेषः** सूर्य के राशि बदलने से मेष राशि वाले लोगों की योजनाएं पूरी होंगी। फायदे वाला समय रहेगा। लेकिन लव लाइफ के लिए समय ठीक नहीं है। अनबन होने के योग बन रहे हैं। झूठे वादे करने से बचना होगा। नौकरीपेशा लोगों की योजनाएं पूरी होंगी। हर काम सावधानी से करना होगा। ऑफिस में होने वाली राजनीति से खुद को दूर रखना होगा।

**वृषः** सूर्य के प्रभाव से सरकारी प्रॉपर्टी से जुड़े विवाद होने की आशंका है। मानसिक तनाव और गुस्सा बढ़ सकता है। माता की सेहत को लेकर चिंता रहेगी। नौकरीपेशा और बिजनेस करने वाले लोगों के कामकाज में रुकावटें आने के योग बन रहे हैं।

**मिथुनः** सरकार से फायदा मिल सकता है। पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को सफलता मिल सकती है। मेहनत बढ़ेगी लेकिन सफलता के योग हैं। लेखन या मीडिया से जुड़े लोगों के लिए अच्छा समय रहेगा।

**कर्कः** पारिवारिक जीवन के लिए समय शुभ रहेगा। आमदनी बढ़ सकती है। दांपत्य जीवन के लिए समय शुभ है। नौकरी और बिजनेस में आगे बढ़ने के मौके मिलेंगे। सेविंग खत्म हो सकती है। गुप्त बातें भी उजागर होने की आशंका है।

**सिंहः** लीडरशीप और मैनेजमेंट क्वालिटी बढ़ेगी। अधिकारियों से मदद मिलेगी। प्रमोशन के योग हैं। रोजमर्रा के कामों में सफलता मिलने के योग हैं। लेकिन दांपत्य जीवन में तनाव बढ़ सकता है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। रुके हुए और बड़े काम पूरे हो जाएंगे।

**कन्याः** कामकाज में चुनौतियां बढ़ सकती हैं। फालतू खर्चा बढ़ने के योग हैं। आंखों से संबंधित परेशानी हो सकती है। वाहन चलाते समय सावधान रहना होगा। चोट लगने की आशंका है। आलस्य के कारण असफल हो सकते हैं।

**तुलाः** दोस्तों और भाइयों से मदद मिलेगी। नौकरीपेशा और बिजनेस करने वाले लोगों के लिए अच्छा समय है। अधिकारियों से मदद मिल सकती है। आगे बढ़ने के मौके मिल सकते हैं। दांपत्य जीवन के लिए अच्छा समय है।

**वृश्चिकः** नौकरीपेशा लोगों के काम से अधिकारी खुश होंगे। नई जिम्मेदारी मिलेगी। कामकाज की तारीफ होगी। प्रॉपर्टी में फायदा मिलेगा। रुका हुआ पैसा मिल सकता है। सुख बढ़ेगा। बिजनेस में फायदा बढ़ सकता है।

**धनुः** किस्मत का साथ मिलेगा। मेहनत का फायदा भी मिलेगा। भाइयों और दोस्तों से मदद मिल सकती है। मेहनत बढ़ेगी। नए काम शुरू होंगे और पूरे भी हो जाएंगे। भाइयों और दोस्तों से भी विवाद हो सकते हैं। सेहत अच्छी रहेगी।

**मकरः** दुश्मनों के कारण परेशान हो सकते हैं। रहने या कामकाज करने की जगह में बदलाव के योग हैं। जीवन में अनचाहे बदलाव हो सकते हैं। सेहत को लेकर सावधान रहना होगा। यात्राओं में नुकसान हो सकता है।

**कुंभः** दांपत्य जीवन के लिए समय ठीक नहीं है। पारिवारिक मामलों में विवाद हो सकता है। वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। सेहत में सुधार होने के योग हैं। रोजमर्रा के कामकाज समय से पूरे होंगे।

**मीनः** सेहत के लिए अच्छा समय है। दुश्मनों पर जीत मिल सकती है। कोर्ट-कचहरी के कामों में सफलता मिल सकती है। मानसिक शांति मिलेगी। दूर स्थानों की यात्रा होने के योग बन रहे हैं। नौकरी या बिजनेस में बदलाव में सफलता के योग हैं।

# भूलकर भी ससुराल में इस समय ना रखें खुले बाल वर्ना बर्बाद हो जाएगा सब कुछ



**शास्त्रों के अनुसार रात में बाल खोलकर सोने से परिवार पर इसका दुष्प्रभाव पड़ता है।**

शास्त्रों में कई ऐसी बातों के बारे में बताया गया है जो हम सभी को पता होना चाहिए। शास्त्रों में केश यानि कि बाल को लेकर भी कई बातें बताई गई है। जी दरअसल बाल महिलाओं का श्रृंगार होते हैं और यह उनको खूबसूरती प्रदान करते हैं। हालाँकि स्त्रियों द्वारा बालों को लेकर कुछ गलतियां कर दी जाती है जो उनका जीवन बर्बाद कर देती है। आज हम आपको उन्ही के बारे में बताने जा रहे हैं। जी दरअसल ज्योतिष शास्त्र में बालों को खोलकर महिलाओं के द्वारा कुछ ऐसे कामों को करना वर्जित माना गया है। जिनको करने से जीवन में दुर्भाग्य आता है। तो अब हम आपको बताते हैं कौन से वो काम है जिनको बाल खोलकर भूलकर भी करना चाहिए।

* महिलाओं को बाल खोलकर कभी भी पूजा-पाठ नहीं करना चाहिए। जी दरअसल शास्त्रों में महिलाओं का बाल खोलकर पूजा-पाठ करना अशुभ माना गया है। कहा जाता है बाल खोलकर पूजा-पाठ करने परिवार की सुख-समृद्धि चली जाती है।

* ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक महिलाओं को कभी भी बाल खोलकर भोजन नहीं बनाना चाहिए। जी हाँ, क्योंकि ऐसा करने से भोजन में नकारात्मकता का वास होता है। इसी के साथ ही आपको बता दें कि जिस भोजन में बाल हो उसे उसी समय त्याग देना चाहिए।

* ज्योतिष शास्त्र के अनुसार संध्या के समय किसी भी स्त्री को बाल खोलकर बाहर नहीं जाना चाहिए। इसके अलावा सूर्यास्त के बाद बालों को खोलकर दहलीज पर नहीं बैठना चाहिए। इससे जीवन में दुर्भाग्य आता है। ऐसा करना अनजान शक्तियों को आकर्षित करता है

* कभी भी दोनों हाथों से सिर नहीं खुजलाना चाहिए फिर चाहे वो महिला हो या पुरुष।

* शास्त्रों के अनुसार रात में बाल खोलकर सोने से परिवार पर इसका दुष्प्रभाव पड़ता है।

* पौराणिक मान्यताओं अनुसार जब माता सीता का विवाह भगवान राम से हुआ था, तब उनकी माता ने उनके बाल बांधते हुए कहा था कि कभी बालों को खुला मत रखना क्योंकि बंधे हुए बाल हमेशा रिश्तों को बांधकर रखते हैं। जी हाँ, इसी के साथ महिलाओं को केवल बाल तब ही खुले रखने चाहिए जब वह एकांत में अपने पति के साथ हो।

# भूलकर भी नहीं बनाएं गलत स्वस्तिक मिलेगा भयंकर परिणाम



स्वस्तिक एक विशेष आकृति है, और इसके साथ किसी भी कार्य का शुभारंभ किया जाता है। जी दरअसल ऐसा कहते है कि स्वस्तिक चारों दिशाओं से शुभ और मंगल को आकर्षित करता है। हालाँकि इससे शुभ कार्यों की शुरुआत होती है, इस वजह से इसे भगवान गणेश का रूप भी माना जाता है। केवल यही नहीं बल्कि इसके प्रयोग से सम्पन्नता, समृद्धि और एकाग्रता की प्राप्ति होती है। कहा जाता है अगर किसी शुभ कार्य से पहले स्वस्तिक का प्रयोग ना किया जाए तो उसके सफलतापूर्वक संपन्न होने की संभावना बहुत कम रहती है।

**स्वस्तिक का महत्व-** कहा जाता है सही तरीके से बने हुए स्वस्तिक से ढेर सारी सकारात्मक ऊर्जा निकलती है। जी हाँ और यह ऊर्जा वस्तु या व्यक्ति की रक्षा करती है। इसी के साथ स्वस्तिक की ऊर्जा का अगर घर, अस्पताल या दैनिक जीवन में प्रयोग किया जाए तो व्यक्ति रोगमुक्त और चिंताओं से दूर रहता है। लेकिन ध्यान रहे गलत तरीके से प्रयोग किया गया स्वस्तिक भयंकर समस्याएं भी दे सकता है। कहा जाता है स्वस्तिक की रेखाएं और कोण बिलकुल सही होने चाहिए। जी हाँ और भूलकर भी उल्टे स्वस्तिक का निर्माण और प्रयोग न करें।

कहते हैं लाल और पीले रंग के स्वस्तिक ही सर्वश्रेष्ठ होते हैं। इसके अलावा यह भी ध्यान रहे स्वस्तिक बनाने के लिए केवल तीन रंगों का ही प्रयोग किया जा सकता है- लाल, पीला और नीला। किसी अन्य रंग का बना स्वस्तिक समस्याएं दे सकता है। अगर स्वस्तिक को धारण करना है तो इसके गोले के अंदर धारण करें।

## आज से 4 राशियों की चमकेगी किस्मत



**सिंह राशिः** इस दौरान आपके अंदर एक अलग ही उत्साह देखने को मिलेगा। जिससे आप अपने कार्यों को और अच्छे से पूरा कर सकेंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। इस दौरान धन-धान्य की कोई कमी नहीं रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन अच्छा रहेगा। आपके काम की हर जगह तारीफ होगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**मेष राशिः** इस दौरान आपको कुछ न कुछ नया सीखने को मिलेगा। करियर लाइफ और प्रेम लाइफ में अच्छा सफलता हासिल होगी। धन का प्रवाह शानदार रहेगा। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों के साथ आपके संबंध अच्छे रहेंगे। वरिष्ठों का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा।

**कर्क राशिः** इस गोचर के दौरान आपको धन लाभ होने के आसार रहेंगे। पैसों की बचत कर पाने में आप सफल रहेंगे। कार्यस्थल में आपकी छवि मजबूत होगी। बॉस का आपको हर काम में साथ मिलेगा। रिसर्च से जुड़े छात्र अपने क्षेत्र में बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकेंगे।

**मीन राशिः** जो जातक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं उनके लिए ये समय काफी अनुकूल है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। एक से अधिक माध्यमों से धन प्राप्त होने के प्रबल आसार हैं। जो जातक नौकरी की तलाश में हैं उन्हें मनचाही नौकरी प्राप्त हो सकती है।

# सिंह राशि के स्वामी हैं सूर्यदेव, इस लाल रत्न को धारण करने से मिल सकते हैं शुभ परिणाम

**माणिक रत्न को सोने या तांबे की अंगूठी में जड़वा सकते हैं।**



ज्योतिष शास्त्र में हर राशि से संबंधित कोई न कोई रत्न बताया गया है। जिसे धारण करने से जीवन की विभिन्न समस्याओं से मुक्ति मिल सकती है। वहीं सिंह राशि वालों के लिए भाग्यशाली रत्न माणिक या रूबी माना गया है। मान्यता है कि माणिक रत्न को धारण करने से कुंडली में सूर्य ग्रह को मजबूती मिलती है।

ज्योतिष के जानकारों के अनुसार कुंडली में सूर्य ग्रह के कमजोर होने से जातक के मान-सम्मान, सेहत, सफलता और यश सभी पर बुरा असर पड़ता है। ऐसे में सही विधि द्वारा माणिक रत्न धारण किया जा सकता है। सिंह के अलावा मेष और धनु लग्न के लोगों कोई भी माणिक रत्न शुभ परिणाम दे सकता है। कार्यों में तरक्की मिलने के साथ ही और माणिक रत्न को हृदय तथा आंखों के रोगों में लाभकारी माना जाता है।

**माणिक रत्न धरण करने की विधि**

सूर्य ग्रह से संबंधित माणिक रत्न लाल या गुलाबी रंग का होना चाहिए। माणिक रत्न को सोने या तांबे की अंगूठी में जड़वा सकते हैं। इसे धारण करने के लिए रविवार के दिन सुबह स्नान के बाद माणिक रत्न की अंगूठी को गंगाजल और दूध के मिश्रण में शुद्ध करके मंदिर में भगवान के समक्ष बैठकर ॐ सूर्याय नमः मंत्र की एक माला का जाप करें। इसके पश्चात सूर्यदेव ध्यान कर अनामिका अंगुली में इसे पहनें।

# कान्हा जी को करना है प्रसन्न तो जन्माष्टमी की पूजा में जरूर शामिल करें उनकी ये प्रिय चीजें





हर साल भाद्रपद माह में कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को श्री कृष्ण का जन्मोत्सव बड़े धूम-धाम से मनाया जाता है। खासतौर पर मथुरा और वृंदावन में तो जन्माष्टमी देखने लायक होती है।

### धनिए की पंजीरी

जन्माष्टमी की पूजा में पिसे हुए धनिए का खास महत्व होता है। ऐसे में जन्माष्टमी के दिन भगवान कृष्ण को सूखे धनिए की पंजीरी का भोग लगाना शुभ होता है। वहीं ज्योतिष में धनिया को धन से जोड़कर देखा जाता है। मान्यता है कि कान्हा जी को धनिए की पंजीरी का भोग लगाने से जीवन में सुख-समृद्धि आती है।

### गाय का घी और मूर्ति

हिन्दू धर्म में गौमाता को पूजनीय माना गया है। वहीं धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कृष्ण जी को बचपन से ही गायों से बहुत लगाव था। वे अक्सर गायों और उनके बछड़ों के साथ खेलते थे या उन्हें चराने ले जाते थे। इसलिए जन्माष्टमी की पूजा में लड्डु गोपाल के साथ गाय की छोटी सी मूर्ति भी अवश्य रखें। इसके अलावा गाय के दूध और घी को जरूर शामिल करें।

### वैजयंती के पुष्प

मान्यता है कि कृष्ण जी को वैजयंती का फूल बहुत प्रिय होता है। ऐसे में हो सके तो पूजा में वैजयंती के पुष्प या उसकी माना अवश्य चढ़ाएं। इससे कान्हाजी प्रसन्न होकर हर आपकी मनोकामना पूरी करते हैं।

### बांसुरी

कहा जाता है कि कान्हा जी की बांसुरी की धुन के तो सभी दीवाने थे। जब भी वे बांसुरी बजाते थे तो उसकी मधुर आवाज सुनकर गोपियां नाच उठती थीं। इसलिए जन्माष्टमी की पूजा में कान्हा जी की मूर्ति के पास बांसुरी रखने से भगवान कृष्ण प्रसन्न होकर अपनी कृपा बरसाते हैं।

# बुध अपनी स्वराशि कन्या में करेंगे प्रवेश



21 अगस्त को बुध के कन्या राशि में प्रवेश के दौरान कई राशि वालों की जिंदगी में अहम बदलाव देखने को मिलेंगे। इस गोचर का आपके पेशेवर जीवन पर विशेष रूप से प्रभाव पड़ने वाला है। कुछ राशि वालों पर इस राशि परिवर्तन का बेहद शुभ प्रभाव पड़ेगा। तो कुछ के लिए ये गोचर परेशानियां बढ़ाने वाला साबित होगा। यहां हम जानेंगे उन राशियों के बारे में जिनके लिए ये गोचर शुभ फलदायी साबित होगा।

मेष राशिः इस राशि वालों के लिए ये गोचर शुभ फलदायी साबित होगा। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। जो जातक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं उन्हें विशेष लाभ प्राप्त होने के आसार दिखाई दे रहे हैं। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। हर काम में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। घर परिवार के लोगों का हर काम में भरपूर सहयोग मिलेगा।

वृषभ राशिः इस राशि वालों के लिए ये गोचर शुभ रहेगा। धन का प्रवाह अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। पेशेवर जीवन में सफलता मिलेगी। कार्यस्थल में कड़ी मेहनत का सकारात्मक फल प्राप्त होगा। प्रेमी जोड़ों के लिए भी ये गोचर शुभ है। संतान सुख की प्राप्ति हो सकती है।

मिथुन राशिः पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा। अगर संपत्ति या वाहन खरीदने की योजना बना रहे हैं तो समय शुभ है। व्यक्तिगत जीवन में आपको अपनी माता जी का पूरा सहयोग प्राप्त होगा। इस दौरान कुछ नया सीखने का मौका भी मिल सकता है। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

कन्या राशिः ये गोचर इस राशि वालों के लिए लाभकारी रहेगा। जो लोग खुद का काम कर रहे हैं उन्हें अच्छी सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। किसी पुरानी बीमारी से मुक्ति मिलेगी।



# ढीले-ढाले कपड़ों में एयरपोर्ट पहुंचीं कटरीना कैफ लुक देख फैंस ने लगाए प्रेग्नेंसी के कयास



बॉलीवुड अभिनेत्री कटरीना कैफ इंडस्ट्री की मशहूर और टॉप अभिनेत्रियों में से एक हैं। अक्सर चर्चाओं में रहने वाली कटरीना अपनी शादी के बाद से ही पति विक्की कौशल के साथ आए दिन क्वालिटी टाइम बिताती नजर आती हैं। अपनी शादी के बाद से विक्की-कटरीना अक्सर कपल गोल्स देते भी नजर आते रहे हैं। इसी बीच अब एक्ट्रेस की प्रेग्नेंसी को लेकर भी काफी समय से चर्चा सुनने को मिल रही है। हाल ही में एक्ट्रेस का वीडियो सामने आया है, जिसके बाद से ही उनकी प्रेग्नेंसी की चर्चा तेज हो गई है।

कटरीना हाल ही में मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट की गईं। इस दौरान उनका एयरपोर्ट लुक देख फैंस कयान लगा रहे हैं कि एक्ट्रेस प्रेग्नेंट हैं। दरअसल, एयरपोर्ट पर नजर आईं कटरीना को वहां मौदूज पैपराजी को अपने कैमरे में कैद किया। इस दौरान एक्ट्रेस कम्फर्टेबल रेड पैंट के साथ ग्रे स्वेटशर्ट में नजर आईं। अपने इस लुक को एक्ट्रेस ने सफेद रंग के स्नीकर्स, काले चश्मे और मैचिंग मास्क के साथ कंप्लीट किया था। बैगी आउटफिट में एक्ट्रेस को देख लोगों ने यह अनुमाल लगाना शुरू कर दिया कि वह प्रेग्नेंट हैं, इसलिए लूज कपड़े पहन रही हैं।



बस फिर क्या था लोगों ने कमेंट्स कर अपनी प्रतिक्रिया देनी भी शुरू कर दी। एक यूजर ने कमेंट में लिखा, ये भी प्रेग्नेंट हैं। एक अन्य ने लिखा, ऐसा लगता है कि ये प्रेग्नेंट हैं। इतना ही नहीं एक यूजर ने तो उन्हें क्यूट मम्मी तक रह डाला। हालांकि, कई ऐसे भी थे जो उनके इस कूल लुक की तारीफ करते भी दिखाई दिए। वहीं कई ऐसे भी थे जो उनकी पर्सनैलिटी की तारीफ करते नजर आए। इसके अलावा अन्य कई तरह के कमेंट्स कर फैंस लगातार अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

एक्ट्रेस आखिरी बार अपने पति और एक्टर विक्की कौशल के साथ फिल्म निर्माता करण जौहर के 50वें जन्मदिन की पार्टी में नजर आई थीं। इस दौरान कटरीना सफेद रंग की मिडी ड्रेस में बहुत खूबसूरत लग रही थीं। वहीं, वर्कफ्रंट की बात करें तो कटरीना जल्द ही अभिनेता सलमान खान के साथ फिल्म टाइगर 3 में नजर आएंगी। यह फिल्म अगले साल ईद के मौके पर 23 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

# बिपाशा बसु व करण सिंह ने फैंस को दी खुशखबरी

## शादी के 6 साल बाद मां बनने वाली हैं बिपाशा बसु



बिपाशा बसु और करण सिंह ग्रोवर ने हाल ही में अपनी प्रेग्नेंसी की अनाउंसमेंट कर दी है। कपल ने सोशल मीडिया पर फोटोज शेयर कर अपने फैंस को यह खुशखबरी दी है। बिपाशा और करण शादी के 6 साल बाद पेरेंट्स बनने जा रहे हैं। बिपाशा ने प्रेग्नेंसी की न्यूज शेयर करते हुए बताया कि उनका बेबी जल्द ही इस दुनिया में आने वाला है।

**पोस्ट शेयर कर दी प्रेग्नेंसी की अनाउंसमेंट**

कपल ने मैटरनिटी फोटोशूट की फोटो शेयर करते हुए कैप्शन लिखा, ₹एक नया वक्त, एक नया फेज, एक नई रोशनी हमारी लाइफ के प्रिज्म में एक यूनिक शेड जुड़ने जा रहा है। हमारी लाइफ और फैमिली पूरी होने वाली है। हमनें इस लाइफ की शुरुआत अकेले की थी और फिर हम एक दूसरे से मिले, जिसके बाद से सिर्फ हम दो ही थे। दो लोगों के लिए इतना ज्यादा प्यार, हमें थोड़ा अनफेयर लग रहा था। इसलिए, जो दो हुआ करते थे, जल्द ही तीन हो जाएंगे।₹

**फैंस को किया धन्यवाद**

बिपाशा ने आगे लिखा, हमारे प्यार की निशानी, ₹हमारा बच्चा जल्द ही हमारी लाइफ और खुशी में शामिल होने वाला है। आप सभी के प्यार और प्राथर्नाओं के लिए धन्यवाद। आपकी गुड विशेज हमेशा हमारी लाइफ का हिस्सा थीं और रहेंगी। हमारे जीवन का हिस्सा बनने और हमारे साथ एक और खूबसूरत लाइफ( हमारा बच्चा) बनाने के लिए धन्यवाद। दुर्गा दुर्गा।₹

**बिपाशा ने किया बेबी बंप फ्लॉन्ट**

बिपाशा ने अपने पति करण के साथ मैटरनिटी फोटोशूट की फोटोज शेयर की हैं। फोटोज में बिपाशा व्हाइट शर्ट पहने बेबी बंप फ्लॉन्ट करते हुए दिख रही हैं। वहीं करण बिपाशा के साथ व्हाइट शर्ट में ट्विनिंग करते हुए बेबी बंप को किस करते हुए नजर आ रहे हैं।

**अप्रैल 2016 में हुई थी कपल की शादी**

बता दें, काफी समय से बिपाशा और करण की प्रेग्नेंसी की खबरें सोशल मीडिया पर छाई हुई थीं। हालांकि, कपल ने कभी इस बात पर कोई रिएक्ट नहीं किया था। बिपाशा और करण की शादी 30 अप्रैल 2016 में की थी। कपल अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी लाइफ की झलक शेयर करते रहते हैं। करण और बिपाशा की मुलाकात 'अलोन' के सेट पर हुई थी।

# सलाखों के पीछे पहुंचा उर्फी जावेद को परेशान करने वाला शख्स, मुंबई पुलिस का जताया आभार



अपने अजीबो-गरीब ड्रेसिंग सेंस की वजह से लाइमलाइट में रहने वाली उर्फी जावेद एक बार फिर सुर्खियां बटोर रही हैं। बिग बॉस ओटीटी की एक्स कंटेस्टेंट और सोशल मीडिया सेंसेशन ने पिछले दिनों एक पोस्ट साझा कर पंजाबी इंडस्ट्री के शख्स पर उन्हें ब्लैकमेल और मोलेस्ट करने का आरोप लगाया था। अभिनेत्री ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में यह भी दावा किया था कि मुंबई पुलिस ने अभी तक उनकी शिकायत पर कोई एक्शन नहीं लिया है। लेकिन आज उर्फी ने सोशल मीडिया के जरिए मुंबई पुलिस का आभार जताया है।

24 साल की उर्फी जावेद ने रविवार को अपने सोशल मीडिया पर हैंडल पर ओबोद अफरीदी नाम के एक शख्स की तस्वीर साझा की थी। ओबेद की तस्वीर के साथ ही उर्फी ने कुछ वॉट्सएप चैट के स्क्रीनशॉट्स भी साझा किए थे और आरोप लगाया था कि यह व्यक्ति उन्हें ब्लैकमेल करने के साथ ही उनके साथ शारीरिक संबंध बनाने की मांग भी कर रहा है। उर्फी ने उल्लेख किया था कि यह पंजाब इंडस्ट्री से ताल्लुक रखता है। इतना ही नहीं उर्फी ने अपनी पोस्ट में पुलिस की लापरवाही की व्याख्या करते हुए लिखा था, 'मैंने गोरेगांव पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई थी। लेकिन 14 दिन बाद भी कोई एक्शन नहीं लिया गया। मैं बेहद निराश हूं। मैंने मुंबई पुलिस के बारे में कई अच्छी बातें सुन रखी हैं, लेकिन इस आदमी के प्रति उनका रवैया अजीब है।'

सोशल मीडिया पोस्ट में मुंबई पुलिस के खिलाफ नाराजगी जाहिर करने के बाद आज उर्फी उन्हीं का धन्यवाद करती दिखाई दीं। दरअसल, कुछ ही मिनट पहले उर्फी जावेद ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल की स्टोरी पर ओबेद की तस्वीर साझा करते हुए मुंबई पुलिस के लिए आभार व्यक्त किया क्योंकि पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। उर्फी ने लिखा, 'गुड न्यूज! मेरे साथ छेड़छाड़ करने वाला यह शख्स आखिरकार सलाखों के पीछे है। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद मुंबई पुलिस।' इस पोस्ट से साफ जाहिर हो रहा है कि अभिनेत्री ने ओबेद के गिरफ्तार होने के बाद अब जाकर चैन की सांस ली है।

रविवार को उर्फी की इस पोस्ट के बाद कल यानी सोमवार को पंजाब इंडस्ट्री में कास्टिंग डायरेक्टर का काम करने वाले ओबेद अफरीदी ने एक इंटव्र्यू में अभिनेत्री के सारे आरोपों को को सिरे से खारिज कर दिया था। ओबेद ने कहा, 'मैं उर्फी के साथ बहस में नहीं पड़ना चाहता क्योंकि उनके पास दिमाग ही नहीं है। मैंने उनके साथ काम किया हुआ है और हमारे बीच पैसों को लेकर टेंशन चल रही थी।' इतना ही नहीं ओबेद ने यहां तक कहा था कि 'ये चैट फेक है, इसमें न तो मेरा नाम है और न ही मेरा नाम दिख रहा है।'

# बॉलीवुड फिल्में ना चलने पर अनुराग कश्यप का हमला : बोले- दर्शक का पैसा पनीर पर जीएसटी देने से बचेगा तभी वह थिएटर जाएगा



अनुराग कश्यप इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। वह अपनी फिल्म दोबारा को प्रमोट करने के लिए अगल-अगल तरीके अपना रहे हैं। इसी सिलसिले में दिए एक इंटरव्यू में अनुराग ने बॉलवुड की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर परफॉर्म नहीं करने पर बात की है। उन्होंने कहा कि आज देश में हर चीज में टैक्स लगा है पैसा कैसे बचेगा लोगों के पास। इसके साथ ही उन्होंने साउथ की फिल्मों और देश की इकोनॉमी पर भी बात की है।

अपने इंटरव्यू में अनुराग ने कहा- इंडस्ट्री को लेकर जितनी खराब स्थिति बताई जा रही है, असल में उतनी नहीं है। फिल्ममेकर्स सिर्फ मीडिया द्वारा बनाई झूठी कहानी से डर रहे हैं और उन्हें डराया जा रहा है। आज भी बॉलीवुड में हर स्केल की फिल्में बन रही हैं। बड़ी फिल्मों को लेकर पहले से ही एक नरेटिव सेट किया जा रहा है।

साउथ फिल्मों पर बात करते हुए अनुराग बोले- लोगों को कैसे पता कि वहां फिल्में चल रही हैं। सच बात तो यह है कि उन्हें यह भी नहीं पता होगा कि वहां पिछले हफ्ते कौन सी फिल्म रिलीज हुई है। वहां भी बॉलीवुड जैसा ही हाल है। लोग सिनेमाघर इसलिए नहीं जा पा रहे क्योंकि उनके पास पैसे ही नहीं हैं। आज देश में पनीर से लेकर चीज में GST लगा हुआ है, मंहगाई आसमान छू रही है। आम आदमी को इससे छुटकारा मिलेगा तभी वह सिनेमाघर जाकर फिल्में देखेगा। इन सब चीजों से ध्यान हटाने के लिए सोशल मीडिया पर बायकॉट का गेम चलाया जाता है।

देश आजाद हो गया, पर बॉलीवुड नहीं

अनुराग ने आगे कहा- लोग हमेशा से ही वही फिल्में देखने जाते हैं, जिनके बारे में उन्हें पता होता है कि यह अच्छी है। अनुराग ने देश की इकोनॉमी पर बात करते हुए ने कहा कि आप बस बॉलीवुड और क्रिकेट के बारे में बात करते रहो और लोगों को देश में असल समस्या क्या है, इसके बारे में पता ही नहीं चलेगा। देश को आजाद हुए भले ही 75 साल हो गए हैं, लेकिन बॉलीवुड आज भी इंडिपेंडेंट नहीं है। बता दें, अनुराग कश्यप की फिल्म दोबारा 19 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी इसमें तापसी पन्नू और पवैल गुलाटी लीड रोल में नजर आएंगे।

# आलिया भट्ट के साथ काम करना चाहते हैं नागा चैतन्य



नागा चैतन्य ने हाल ही में आमिर खान की फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' से बॉलीवुड डेब्यू किया है। एक इंटरव्यू में चैतन्य से सवाल किया गया कि वो किस बॉलीवुड एक्ट्रेस के साथ काम करना चाहते हैं? इस पर चैतन्य ने एक नहीं बल्कि कई एक्ट्रेसेस के नाम लिए। उन्होंने कहा कि वो आलिया भट्ट, करीना कपूर, प्रियंका चोपड़ा और कटरीना कैफ के साथ फिल्मों में काम करना चाहते हैं।

**इन एक्ट्रेसेस के साथ काम करना चाहते हैं नागा**

पिंकविला की फन चैट में चैतन्य ने बताया, मैं कई एक्ट्रेसेस के साथ काम करना चाहता हूं। सबसे पहले तो आलिया भट्ट के साथ। मुझे उनकी परफोर्मेंस बहुत पसंद आती है। हमेशा से प्रियंका चोपड़ा और करीना कपूर के साथ काम करने की विश रही है। बहुत सारी एक्ट्रेसेस हैं, बहुत लंबी लिस्ट है। कटरीना कैफ भी मुझे बहुत खूबसूरत लगती हैं। साथ ही नागा ने यह भी खुलासा किया कि सुष्मिता सेन उनकी पहली क्रश थीं। अगर वो कभी उनसे मिले तो, उन्हें जरूर बताएंगे।

# तमन्ना भाटिया ने विदेश में बिखेरा भारतीय संस्कृति का रंग, फैंस बोले- 'उन्होंने वही किया..'

**इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न अवॉर्ड्स 2022 के दौरान तमन्ना ने जूते उतार कर नंगे पांव दीया जलाया**



साउथ की खूबसूरत अभिनेत्रियों में शुमार तमन्ना भाटिया अक्सर अपने लुक्स को लेकर सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरती रहती हैं। इन दिनों अभिनेत्री मेलबर्न में हो रहे इंडियन फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा लेने गई हुई हैं। वहां तमन्ना ने एक बार फिर कुछ ऐसा किया, जिससे अभिनेत्री सबकी नजरों में आ गई हैं। अवॉर्ड्स के दौरान अभिनेत्री की एक हरकत ने सभी का दिल जीत लिया। इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न अवॉर्ड्स 2022 के दौरान तमन्ना का जूते उतार कर नंगे पांव दीया जलाते हुए एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है। अभिनेत्री के इस कदम से सोशल मीडिया पर सभी उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं।

साउथ फिल्मों की बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक तमन्ना भाटिया हमेशा ही कुछ न कुछ ऐसा करती रहती हैं, जिसकी वजह से फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। ऐसा ही कुछ हाल ही में 'बाहुबली' फेम अभिनेत्री ने इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न अवॉर्ड्स 2022 में किया। दरअसल, आईएफएफएम की ओपनिंग नाइट में शिरकत करने पहुंचीं अभिनेत्री तमन्ना ने विदेशी धरती पर भारतीय संस्कारों को जिंदा रखने का काम किया। सोशल नेटवर्किंग साइट इंस्टाग्राम पर तमन्ना के एक फैन क्लब ने इस इवेंट का एक वीडियो अपने हैंडल पर साझा किया है। इस वीडियो में अभिनेत्री नंगे पांव दिया जलाती नजर आ रही हैं, जिसके बाद भारतीय संस्कृति से जुड़े रहने के इस भाव के लिए फैंस अभिनेत्री पर खूब प्यार लुटा रहे हैं।

इस वायरल होते वीडियो पर तमन्ना के एक फैन ने अभिनेत्री की तारीफ करते हुए कहा, 'संस्कृति का सम्मान।' दूसरे ने लिखा, 'तमन्ना ने वही किया है जो साउथ ने उन्हें सिखाया है...।' एक अन्य ने तमन्ना की तारीफ करते हुए लिखा, 'वाह, छोटी चीजें मायने रखती हैं ... तमन्ना द्वारा ये महान कदम।' एक फैन ने तो तमन्ना को भारत का प्रतिनिधित्व बताते हुए लिखा, 'वह भारत की संस्कृति और समृद्ध विरासत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं, भगवान का आर्शीवाद तुम पर बना रहे।'

इन अवॉर्ड्स में तमन्ना ग्रीन और ब्लैक ऑफ शोल्डर ड्रेस में पहुंची थीं। अभिनेत्री इस बोल्ड ड्रेस में की खूबसूरत लग रही थीं। इस दौरान उनके साथ स्टेज पर अभिनेत्री तापसी पन्नू और निर्देशक अनुराग कश्यप भी मौजूद थे। जहां तमन्ना फैंस की तारीफ लूट रही हैं, वहीं जूतों में दिया जलाकर तापसी को काफी ट्रोल्स का सामना करना पड़ा था। वर्क फ्रंट की बात करें तो तमन्ना जल्द ही मधुर भंडारकर की आगामी फिल्म 'बबली बाउंसर' में नजर आएंगी।

# स्क्रीन पर एक बार फिर दिखेगी सिद्धार्थ-कियारा की जोड़ी



**सिद्धार्थ मल्होत्रा** और कियारा आडवाणी लंबे समय से डेटिंग को लेकर सुर्खियों में हैं। 'शेरशाह' के बाद से ही दोनों के रिलेशनशिप की अफवाहें सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। अब खबरें आ रही हैं कि दोनों जल्द ही एक बड़े पर्दे पर एक लव स्टोरी में साथ काम करते हुए दिखाई देंगे। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, शेरशाह के बाद सिद्धार्थ और कियारा एक यूनिक लव स्टोरी अदल बदल में साथ नजर आ सकते हैं। इस फिल्म की कहानी सिद्धार्थ और कियारा की रहस्यमय लव स्टोरी के इर्द-गिर्द घूमती हुई दिखाई देगी। इस रोम-कॉम फिल्म को सुनीर खेतरपाल प्रोड्यूस कर रहे हैं। साथ ही रिपोर्ट में बताया गया, यह फिल्म एक रोम-कॉम फिल्म बनाई जाएगी, जिसमें बहुत सारा वीएफएक्स और सीजीआई का काम भी होगा। ऐसा पहली बार होगा जब दोनों ऐसी यूनिक लव स्टोरी में एक साथ काम करेंगे। सिद्धार्थ और कियारा दोनों इस फिल्म के लिए बहुत एक्साइटेड हैं। सिद्धार्थ और कियारा ने भी एक और फिल्म में साथ काम करने की हिंट पहले ही दे दी थी। हालांकि दोनों अभी तक इसकी ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की है। हाल ही में कियारा और सिद्धार्थ फिर एक बार चर्चाओं में हैं।

दरअसल, कियारा ने स्वतंत्रता दिवस पर एक वीडियो पोस्ट की, जिसमें उन्होंने सिद्धार्थ को क्रॉप कर दिया है। सिद्धार्थ ने कियारा के पोस्ट पर कमेंट कर इसकी शिकायत की है।

**सिद्धार्थ और कियारा के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स**

सिद्धार्थ और कियारा के वर्कफ्रंट की बात करें तो सिड इन दिनों अपनी डेब्यू वेब सीरीज 'इंडियन पुलिस फोर्स' की शूटिंग में बिजी हैं। इस सीरीज को रोहित शेट्टी डायरेक्ट कर रहे हैं। इसके अलावा एक्टर 'मिशन मजनू,' 'योद्धा' और 'थैंक गॉड' जैसी फिल्मों में साथ नजर आएंगे। वहीं कियारा की बात करें तो उनके पास राम चरण स्टारर 'आरसी 15' फिल्म है। एक्ट्रेस विक्की कौशल और भूमि पेडनेकर के साथ 'गोविंदा नाम मेरा' में भी नजर आएंगी।

# कभी इस निर्देशक को मनीषा कोइराला ने सरेआम फटकारा था



**हिंदी सिनेमा** की नंबर वन अभिनेत्री बनने की सारी काबिलियत रखने के बावजूद मनीषा कोइराला कभी उस कुर्सी तक नहीं पहुंच सकी, जिसकी वह वाकई दावेदार रहीं। पहले उनकी आदतें बिगड़ीं। फिर उनकी सोहबत बिगड़ी और फिर उनकी लतों ने उनका करियर हाशिये पर ला दिया। लेकिन, एक दौर वह भी था जब मनीषा कोइराला को हर तरफ से युवाओं के प्रस्ताव मिलते थे और इनमें से एक युवक तो ऐसा भी रहा हो जो आगे चलकर नामी निर्देशक बना। इस युवक को मनीषा ने फिल्म 'क्रिमिनल' की शूटिंग के दौरान हैदराबाद में सेट पर सरेआम झाड़ा था और इस युवक की जिद ऐसी कि जब वह फिल्म निर्देशक बना तो अपनी पहली फिल्म में उसने मनीषा को ही बतौर हीरोइन साइन किया।

बात उस समय की है जब मनीषा कोइराला फिल्म 'क्रिमिनल' की शूटिंग हैदराबाद में कर रही थी। महेश भट्ट के निर्देशन में बनी इस फिल्म में नागार्जुन और मनीषा कोइराला लीड रोल में थे। फिल्म के सहायक निर्देशकों में से एक का दिल इसी दौरान मनीषा पर आ गया। फिल्म की शूटिंग के बाद अक्सर फिल्म के कलाकार और निर्देशन टीम हैदराबाद में ही नागार्जुन के फार्म हाउस पर पार्टी करते थे। और उन दिनों महेश भट्ट के काफी करीब माने जाने वाले इस सहायक निर्देशक ने शराब पीने के बाद मनीषा के सामने अपनी मोहब्बत का इजहार कर दिया। महेश भट्ट जिन राज खोसला को अपना गुरु मानते हैं, उनसे इस सहायक निर्देशक का खून का रिश्ता बताया जाता है। और, इसी रिश्ते के रुआब में इस सहायक निर्देशक ने ये हरकत कर दी। नागार्जुन के यहां जैसे जैसे इस सहायक निर्देशक ने मनीषा कोइराला को प्रपोज किया। वहां मौजूद लोग बताते हैं कि वह बुरी तरह से भड़क गईं। मनीषा कोइराला ने भड़कते हुए कहा, 'कौन है तू? यू आर जस्ट अ असिस्टेंट डायरेक्टर।' भरी महफिल में मनीषा कोइराला से ऐसे जवाब की उम्मीद राज खोसला के इस कथित बेटे को थी नहीं। भरी महफिल में हुई इस बेइज्जती को ये युवक सहन नहीं कर पाया और शराब से भरे गिलास को गुस्से में फेंक कर वहां से निकल गया। उन दिनों मनीषा कोइराला और नागार्जुन के बीच भी नजदीकियां काफी थीं। युवक को बाद में डर ये भी लगा कि अगर मनीषा कोइराला ने इस बात की शिकायत नागार्जुन से कर दी तो उनकी सहायक निर्देशक की नौकरी जा सकती है लेकिन मनीषा कोइराला ने ऐसा कुछ नहीं किया। फिर दोनों ने अपने अब तक के करियर में कभी एक दूसरे के साथ काम नहीं किया।




# समझदार स्त्री के खास गुण



**एक पुरानी** कहावत है- 'किसी भी सफल इंसान की कामयाबी के पीछे महिला का हाथ होता है।' आज भी ये कहावत शत प्रतिशत सत्य साबित होती है। स्त्री को ही प्रथम शिक्षक कहा गया है। सिर्फ़ परिवार ही नहीं बल्कि समाज के निर्माण में भी महिलाओं की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण मानी गई है। यदि कोई महिला समझदार है तो उसके आसपास का माहौल भी ख़ुशनुमा होता है। एक बुद्धिमति स्त्री विभिन्न परिस्थितियों में क्या करती है,

**सोच-समझ कर निर्णय लेना**

एक अक़्लमंद महिला हर छोटी-बड़ी बात का फ़ैसला हमेशा सोच-समझकर करती है। वह अच्छी तरह से जानती है कि उसके किसी भी फ़ैसले का असर उसके जीवन के साथ ही पूरे परिवार पर पड़ेगा, इसलिए वह जल्दबाज़ी में निर्णय लेना पसंद नहीं करती। इसके साथ ही मुश्किल परिस्थितियों का सामना भी बहुत ही धैर्य के साथ करती है।

**अपनी ग़लतियों से सीखना**

अक्सर लोग अपनी ग़लती को स्वीकारते नहीं हैं लेकिन समझदार महिला हमेशा अपनी ग़लतियों को खुले दिल से स्वीकार करती है और उनसे सीखती भी है। साथ ही इस बात का ध्यान रखती है कि दोबारा वही ग़लती न हो। सिर्फ़ अपनी ही नहीं बल्कि वह तो दूसरों की ग़लतियों से भी सीख लेती है।

**नया सीखते रहना**

एक बुद्धिमान महिला हमेशा कुछ न कुछ नया सीखने की चाह रखती है। साथ ही विभिन्न विषयों की जानकारी रखना और उन पर बातचीत करना पसंद करती है। इसके अलावा जीवन में कोई भी निर्णय लेने से पहले लोगों से सलाह लेती है, ताकि सभी की राय जान सके और सही फ़ैसले में मदद मिल सके।

**व्यवहार में विनम्रता रखना**

एक बुद्धिसंपन्न महिला के पास एक विनम्र हृदय भी होता है। वह हर किसी का सम्मान करना जानती है। उम्र में चाहे कोई व्यक्ति छोटा हो या बड़ा वो हर किसी से विनम्रतापूर्वक ही बात करती है। इसके अलावा अपने शब्दों के प्रति हमेशा सचेत रहती है। वह कुछ भी बोलने से पहले ज़रूर सोचती है, क्योंकि वह बख़ूबी जानती है कि उसके मुंह से निकले शब्द कितने महत्वपूर्ण हैं।

# छोटे भाई- बहनों के लिए ओवरप्रोटेक्टिव होना ठीक नहीं

**लाड़, दुलार, स्नेह,** प्रेम और ध्यान रखना किसी भी रिश्ते में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रिश्तों को अटूट बनाये रखने में यह भावना हमेशा मजबूत कड़ी का काम करती है। भाई-बहन का रिश्ता भी इससे अछूता नही है। लेकिन अगर ध्यान रखने की यह आदत ओवरप्रोटेक्शन में बदल जाये तो मुश्किल खड़ी हो सकती है। यह न केवल उस व्यक्ति के लिए आगे जाकर परेशानियां पैदा कर सकती है, बल्कि उसके पूरे व्यक्तित्व पर नकारात्मक असर भी डाल सकती है।

अधिकांशतः ओवरप्रोटेक्शन की यह आदत या कहें किसी का जरूरत से ज्यादा ध्यान रखने की आदत छोटे भाई या बहनों के मामले में होती है। या फिर उन परिवारों में जहां कोई बच्चा पूरे परिवार में अकेला हो। ऐसे में परिवार का पूरा ध्यान इस ओर होता है कि उस बच्चे को कहीं गलती से भी कुछ नुकसान न पहुंचे। इस चक्कर में बच्चे के व्यक्तित्व को एक सामान्य इंसान की तरह देखा ही नही जाता और वह हमेशा के लिए दूसरों पर निर्भर होकर रह जाता है।

**गलत है यह आदत**

चाहे भाई छोटा हो या बहन, जरूरी है कि जीवन के महत्वपूर्ण सबक वह अपने बल पर सीखे। यदि हमेशा बड़ा भाई या बड़ी बहन उसके साथ छाया बनकर रहेंगे तो वह पनपेगा कैसे? ऐसा कई घरों में होता है कि छोटे भाई या बहन को या तो



बाजार के काम नही करने दिए जाते, उसे कहीं अकेला नहीं भेजा जाता या अगर स्कूल एक ही है तो वहां भी बड़ा भाई या बहन उसके हर कदम पर उसके साथ होता है/होती है। इससे छोटे भाई या बहन में न तो अपने काम खुद करने की आदत पड़ती है न ही वह कोई जिम्मेदारी लेना पसंद करता है। यह बात बड़े होने पर उसके ही जीवन में बाधा की तरह आकर अड़ जाती है। इसलिए जरूरी है कि यह गौर किया जाए कि कहीं आप अपने भाई- बहन को लेकर ओवरप्रोटेक्टिव तो नहीं!

**क्या आप उसे दुख पहुँचने की कल्पना से भी डरते हैं?**

गिरने पर लगने वाली कोई चोट हो या फिर दिल दुखने का मामला। हर इंसान गिर कर ही सम्भलना सीखता है। अगर किसी को कभी कोई चोट ही नही लगेगी तो वह दर्द को भी कैसे जानेगा और जीवन को कैसे समझेगा? इस डर के कारण अगर आप छोटे भाई या बहन को कुछ करने ही नहीं देंगे तो उसके व्यक्तित्व का विकास भी नहीं हो पायेगा। चाहे दोस्तों के साथ खेलने की बात हो या गाड़ी चलाना सीखने की, उसे आज़ादी दें कि वह सही तरीके से इन्हें सीखे और जाने। उसे गिरकर सम्भलना और चुनौतियों से लड़ना भी सिखाएं। हां, उसके साथ हमेशा संबल बनकर जरूर खड़े रहें।

**मिलकर लें जिम्मेदारियां**
**तू मत जा, मैं कर देता हूँ**

बाजार से कोई सामान लाना हो, छोटे भाई-बहन की स्टेशनरी लेने जाना हो, उनकी साइकिल का पंक्चर ठीक करवाना हो, उनकी गाड़ी में पेट्रोल भरवाना हो या बाहर का कोई भी काम हो, हर बार यह कहकर छोटे भाई/बहन को रोक देना कि तुम रुको, मैं कर देता हूँ/देती हूँ, गलत है । ऐसा करते रहने से वे कुछ भी खुद से करना सीख ही नहीं पाएंगे। और जब वे आगे पढ़ाई या नौकरी के लिए बाहर जायेंगे तब उन्हें किसी भी चीज की जानकारी ही नहीं होगी और छोटे छोटे काम भी उन्हें पहाड़ जैसे लगने लगेंगे। इसलिए चाहे आप कोई बिल भर रहे हों, गाड़ी की सर्विसिंग करवा रहे हों या ऐसे अन्य कोई भी काम हों, अपने छोटे भाई-बहन को भी इसके बारे में जानकारी दें और उन्हें इससे जोड़ें। जब वे इस लायक हो जाएँ कि अकेले ये काम कर सकें तो उन्हें थोड़ा थोड़ा करके काम की जिम्मेदारी भी दें।

**आर्थिक समझदारी भी सिखाएं**
**तू पैसों की चिंता मत कर**

यह बात तब संबल की तरह होती है जब आप कठिन घड़ी में किसी को हिम्मत बंधा रहे होते हैं लेकिन अगर आप अपने छोटे भाई-बहन की जिद पूरी करने के लिए हर बार अपनी चादर से अधिक पैर बाहर निकालते हैं तो यह आगे जाकर बहुत तकलीफदायक बन सकता है। बचपन में चॉकलेट या खिलौने के लिए की गई जिद आगे जाकर कोई भी बड़ा रूप ले सकती है क्योंकि इंसान के मन में यह बात बैठ चुकी होती है कि मेरा बड़ा भाई-बहन तो इसे पूरा कर ही देगा। इससे बच्चों के मन में मेहनत और पैसों को लेकर सम्मान की भावना भी नहीं रहती, न ही वह सेविंग करना सीखता है। इसलिए लाड़-प्यार में आर्थिक सीमा को भी ध्यान में रखें। केवल छोटे भाई-बहन की जिद पूरी नहीं हुई तो उसे दुःख होगा, यह सोचकर उसकी हर जिद पूरी न करें।

**छोटों की राय को भी महत्व दें**
**अरे तू कैसे समझेगा, अभी बहुत छोटा है तू!**

घर में भाई-बहन के बीच की उम्र का अंतर जब भी 8-10 साल तक होता है, बड़े भाई या बहन को लगता है उसका छोटा भाई या बहन बच्चा ही है। ऐसे में वे उसे किसी भी निर्णय या स्थिति (खासकर कठिन परिस्थितियों में) शामिल करने से हिचकिचाते हैं। भावनात्मक रूप से यह सोच आपके स्नेह को प्रदर्शित करती है लेकिन व्यावहारिक रूप से देखा जाए तो यह छोटे भाई-बहन को स्वयं निर्णय लेने, विचार करने आदि के अवसर से ही वंचित कर देती है। ऐसे में समय आने पर वह असमंजस में पड़ सकता है या लोग उसका फायदा भी उठा सकते हैं। इसलिए परिवार के छोटे-मोटे मामलों में बचपन से छोटे भाई-बहन को भी साथ जोड़ें। उनसे राय लें और यदि राय सही लगे तो उन्हें प्रोत्साहित भी करें।

# अभिभावकों की कुछ गलतियां बच्चों के व्यवहार को बिगाड़ सकती हैं

**एक बच्चे** पर सबसे ज्यादा असर उसके माता पिता का होता है। बच्चे किसी चीज को देखकर जितना जल्दी सीखते हैं, उतना वह सिखाने पर भी नहीं सीखते। एक बच्चा अपना अधिकतर समय माता पिता के साथ बिताता है, इसलिए उसके बर्ताव व रहन सहन पर माता पिता का प्रभाव सबसे ज्यादा होता है। बच्चे का पहला स्कूल उसका घर ही होता है और माता पिता उसके पहले टीचर। ये वह स्कूल है जहां से वह बड़ा होने तक बाहर नहीं निकला। हर दिन माता पिता का व्यवहार उसके मन मस्तिष्क पर अपना असर छोड़ता रहता है। इसलिए माता पिता के लिए भी जरूरी है कि वह अपने बच्चे के सामने सोच



समझकर पेश आएं। माता पिता को बच्चों के सामने अच्छा व्यवहार करना चाहिए ताकि बच्चा भी यही सीखे। वहीं हर माता पिता को अपने बच्चों के सामने कुछ बातें भूलकर भी नहीं करनी चाहिए। अभिभावकों की कुछ गलतियां बच्चों के व्यवहार को बिगाड़ सकती हैं और उन्हें पछताने पर मजबूर कर सकती हैं। चलिए जानते हैं कौन सी बातें माता पिता को बच्चे के सामने कभी नहीं करनी चाहिए।

## भाषा की मर्यादा

बच्चा जब बोलना शुरू करता है तो वह वही बोलता है जो आप अक्सर उसके सामने बोलते हैं। माता पिता की भाषा ही एक बच्चा सीखता है। उसे ये पता नहीं होता कि जो वह सुन रहा है उसका क्या मतलब है, वह गलत है या सही। इसलिए माता पिता को अपने बच्चों के सामने मर्यादित भाषा का उपयोग करना चाहिए। ऐसे शब्द न बोलें जो बच्चा सुनकर दोहराए। भाषा की शैली के साथ ही उसे बोलने के तरीके पर भी ध्यान देने की जरूरत है। अगर कोई बात माता पिता रूडली कहते हैं तो बच्चा भी अक्सर रूड होकर बात करता है।

## व्यवहार न हो गलत

माता पिता का व्यवहार और रहन सहन बच्चे के पालन पोषण पर गहरा असर पड़ता है। अगर माता पिता एक दूसरे, परिवार के दूसरे सदस्यों या दोस्त पड़ोसियों से अच्छे से व्यवहार करते हैं तो बच्चा भी उसी तरह का व्यवहार करना सीखता है। अगर माता पिता अक्सर लड़ते रहते हैं, किसी का अपमान करते हैं, या अक्सर किसी की बुराई करते रहते हैं तो बच्चा भी लोगों से लड़कर बात करता है, दूसरों का सम्मान नहीं करता और दूसरों में बुराई ढूंढता है।

## दिखावा न करें

कई बार बच्चों के सामने पद प्रतिष्ठा का दिखावा करना माता पिता को महंगा पड़ जाता है। वह रुतबे और पद प्रतिष्ठा की बात अक्सर करते हैं, इससे बच्चे के मन में गलत धारणाएं बनने लगती है। बच्चा घमणी, अपनी मन मर्जी का करने वाला और साथी दोस्तों को अपने से कमतर समझने लगता है। वह गलत काम को भी निडर होकर करने लगता है।

## झूठ बोलना

माता पिता जब किसी बात को लेकर एक दूसरे या अन्य किसी से झूठ बोलते हैं तो बच्चा भी यह सब अपने सामने देखता है और झूठ बोलना सीख जाता है। उसे लगने लगता है कि झूठ बोलने से काम आसान हो जाता है। इसलिए वह अपने दोस्तों, परिवार से झूठ बोलना शुरू करता है और फिर बड़े बड़े झूठ बोलना शुरू कर देता है।

# न उम्र की सीमा हो...., न रिश्तों का हो बंधन

**आज की स्त्री** आजाद हवा में सांस ले रही है। आगे बढने के लिए अब उसे अवसरों की कमी नहीं है। आर्थिक निर्भरता ने उसे बोल्ड और कॉनफिडेंट बनाया है। अपने लिए जीना वह पाप नहीं समझती। पुराने रीति रिवाजों को लेकर आज की नारी के मन में ढेरों सवाल उठ खड़े हुए हैं। इन्हीं में से एक है विवाह के लिए पुरूष का स्त्री से उम्र में बड़ा होना।

उसे इसमें कोई खास तथ्य नजर नहीं आता। क्या हुआ अगर स्त्री कम उम्र के पुरूष की तरफ आकर्षित होती है और स्त्री पुरूष रजामंदी से वैवाहिक बंधन में बंध जाते हैं। उनके बीच प्यार और एक सफल विवाह में उम्र कतई आड़े नहीं आती।

इसी तरह कई आधुनिक पुरूषों का मानना है कि उम्र में बड़ी स्त्री अच्छी पत्नी साबित होती है। उसके पास अनुभव, तजुर्बे और समझदारी का जखीरा होता है। जीवन में हर कदम पर गाइड कर जीवन की मुश्किलों से लडने में बहुत मददगार सिद्ध होती है। उसमें ज्यादा आत्मविश्वास और कूलनेस होती है। ठहराव होता है। अच्छे ओहदों पर हो तो उसका तेज देखते बनता है।

मनोचिकित्सक बाटलीवाला के अनुसार मैच्योर औरत भावनात्मक रूप से मजबूत होती है। वह पुरूष का मनोविज्ञान बेहतर समझती है।



पुरूष कैसी स्त्री पसंद करता है, उसे पता होता है और वो वैसा ही बिहेव करती है। छोटी उम्र में युवतियां इतनी मेच्योर नहीं होती कि वे पुरूष का मनोविज्ञान समझ सकें। वे अपने में ज्यादा लीन रहती हैं। अपने लुक्स को लेकर बेहद कांशियस वे पुरूष से प्रशंसा की उम्मीद लगाए रहती हैं। इनर ब्यूटी जैसी बात अभी उनके जहन में नहीं होती।

पुरूषों का नजरियाः- जीवन में अपने करियर को लेकर वैल सैटल्ड स्त्री के व्यक्तित्व में एक खासियत होती है जो कई कमउम्र नौजवानों को बेहद चार्मिंग लगती है। यह माइंडसेट पर भी निर्भर होता है। ऐसे पुरूष बड़ी उम्र के पुरूषों के मुकाबले स्त्री को ज्यादा सम्मान देते हैं क्योंकि वे उन्हें अपने से हर तरह बड़ा मानते हैं।

प्रेम का इजहार करने में ये कोताही नहीं करते। स्त्री की कमजोरी इन्हें खूब पता होती है। वे उसे स्पेशल फील कराते हैं। बदले में उसका निश्छल एकनिष्ठ प्यार पाते हैं।

उम्र के इस पायदान पर कम उम्र पति का प्यार उनके लिये अनमोल होता है। नो वाइफ बीटिंग, नो डोमेस्टिक वायलेंस क्योंकि यहां पुरूष स्त्री के ओहदे, समझदारी व मोटी कमाई का कायल होता है।

विवाह यहां भी जुआ हैः- ऐसे रिश्ते एक सफल वैवाहिक जीवन ही बिताएंगे, इस बात की कोई गारंटी नहीं होती, हालांकि यह भी सच है कि हमारे सामने कई सेलिब्रिटी कपल्स का उदाहरण है जिनमें पत्नी पति से बड़ी है जैसे ऐश्वर्या राय-अभिषेक बच्चन, अर्चना पूरन सिंह-परमीत सेठी, अंजलि और सचिन तेंदुलकर जो एक सफल वैवाहिक जीवन गुजार रहे हैं।

कुछ बातों का ध्यान रखना ऐसे हर कपल के लिए अच्छा होगा। वैसे विवाह यहां भी एक जुआ ही है। साथी से आपकी क्या आशाएं हैं, आप उनमें कौन से गुणों को तरजीह देंगे, यह स्पष्ट होना चाहिए। ये रिश्ता लीक से हटकर है, इसलिए रिस्क फैक्टर भी यहां ज्यादा है।

जिनसे टेंशन क्रिएट होता हैः- इन बातों को जान लेना, समझ लेना विवाह की सफलता में सहायक होगा जिनसे रिश्ते में प्रॉब्लंस होती हैं।

सबसे पहले बात आती है सिंसियरिटी की। इस रिश्ते को लेकर आप कितने सच्चे और ईमानदार हैं, यह जान लें। रिश्ते को लेकर लोगों के नेगेटिव कमेंट्स को सीरियस लेना, फैमिली सपोर्ट न मिल पाना, विगत को लेकर परेशान रहना, बड़ी उम्र के कारण औरत का मां न बन पाना, सोच के अलग स्तर, ये बातें टेंशन देती है। अंत में जैसा कि सोशल एनालिस्ट दिशा भार्गव कहती हैं, आज की औरत आर्ट आफ लिविंग जानती है। हर पल शिद्दत से जीना चाहती है। वो प्यार की ताकत से बखूबी वाकिफ है, इसलिए पुरानी मान्यताओं को ताक पर रख नई राहों पर चल पड़ी है।

मैरिज काउंसलर अभिनव राय के अनुसार जहां दिल का मामला हो, वहां उम्र की सीमा नहीं होती । पारंपरिक सोच के अनुसार जो बेमेल रिश्ते कहलाते हैं, उनमें खूब मेल देखा जा सकता है।

# पुरुष अक्सर महिलाओं से बोलते हैं ये झूठ

**रिलेशनशिप** में विश्वास के साथ ही सच्चाई भी बेहद जरूरी होती है। क्योंकि झूठ से कई बार रिश्ते टूटने की नौबत आ जाती है। हालांकि कई बार पुरुष पार्टनर पत्नी या गर्लफ्रेंड को इंप्रेस करने या नाराज होने से बचाने के लिए भी झूठ बोल देते हैं। तो चलिए कुछ ऐसे झूठ जो अक्सर मेल पार्टनर अपनी पत्नी या गर्लफ्रेंड से बोल देते हैं।

**मैं सिंगल हूं**

कई बार पुरुष किसी महिला की तरफ आकर्षित होकर उससे दोस्ती कर लेते हैं। और एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर के चक्कर में उससे झूठ बोल देते हैं कि वो अभी सिंगल है। कई शादीशुदा मर्द इस झूठ को बोलते हैं। जिससे कि फीमेल फ्रेंड उससे बोलना ना छोड़ दे।

**स्मोकिंग के बारे में**

अक्सर पुरुष पत्नी या



गर्लफ्रेंड से स्मोकिंग की आदत के बारे में झूठ बोलते हैं। क्योंकि महिलाएं अक्सर स्मोक करने को मना करती हैं। ऐसे में वो झूठ बोलते हैं और तरह-तरह के बहाने बनाते हैं।

अक्सर देखा गया है कि पुरुष दोस्तों के साथ एंज्वॉय करते हैं और उन्हें हर वक्त अपनी पत्नी या गर्लफ्रेंड की कंपनी पसंद नहीं होती। लेकिन केवल पत्नी या गर्लफ्रेंड की नाराजगी ना झेलना पड़े इसलिए बोलते हैं कि बस अभी मैं तुम्हारे बारे में ही सोच रहा था। या फिर मैं तुम्हारे बिना नहीं रह सकता। हालांकि इस तरह की बाते कई बार फिल्मों में ही दिखाई जाती है।

**पैसे को लेकर झूठ**

ज्यादातर पुरुष अपनी गर्लफ्रेंड या फिर पत्नी से ये झूठ बोलते हैं कि उनके पास काफी सारा पैसा और संपत्ति है। यहां तक कि कम पैसा होने की बात वो अपनी फीमेल पार्टनर के सामने कभी आने नहीं देना चाहते हैं।

**प्यार के मामले में झूठ**

जब भी कोई पुरुष किसी महिला के साथ रिलेशनशिप में आता है तो वो कभी नहीं कहता कि तुमसे पहले और कितनी गर्लफ्रेंड थीं। पुरुष हमेशा यहीं कहते हैं कि तुम पहली लड़की हो जिससे मुझे प्यार हुआ। हालांकि इस तरह का झूठ वो अक्सर अपनी पार्टनर को किसी भी तरह की असुरक्षा की भावना से बचाने के लिए ही करते हैं।

# पार्टनर करे बार-बार शक, तो इन तरीकों से बढ़ाएं रिश्ते में भरोसा

**प्यार और रिलेशनशिप** में विश्वास होना बहुत जरूरी है। रिश्ते को बनाए रखने के लिए कपल्स को एक दूसरे पर भरोसा करना चाहिए। भरोसा कम होने या पार्टनर पर शक होने पर रिश्ता टूटने की कगार पर आ जाता है। ऐसे में जरूरी है कि लोग अपने पार्टनर के मन में इस रिश्ते के लिए विश्वास बढ़ाएं। ताकि रिलेशनशिप में आने वाली हर मुश्किल को दोनों मिलकर सुलझा सकें। भरोसे की कमी के कारण अक्सर पार्टनर अपने साथी पर शक करने लगते हैं। पार्टनर अगर बार बार शक करता है तो आप भी परेशान हो जाते हैं। ऐसे में दोनों के बीच लड़ाई झगड़े बढ़ जाते हैं। लेकिन पार्टनर के शक को दूर करने की कोशिश करनी चाहिए। साथ ही रिश्ते को मजबूत बनाने के लिए पार्टनर के मन में अपने लिए भरोसे को बढ़ाना चाहिए। कुछ टिप्स को अपनाकर आप रिलेशनशिप में पार्टनर के भरोसे को मजबूत कर सकते हैं।





**जानें शक की वजह**

अगर पार्टनर आप पर बार बार शक करता है तो इसके कारणों को समझने की कोशिश करें। पार्टनर के शक की वजह कहीं आपकी ही कोई अंजाने में की गई गलती तो नहीं। पार्टनर के शक करने की वजह जानकर गलतफहमियों को दूर करें और ऐसी गलतियों को करने से बचें जो शक को बढ़ाए।

**रिलेशनशिप की वजह समझाएं**

पार्टनर को ये समझाएं कि आप दोनों एक रिश्ते में क्यों हैं। आप दोनों एक दूसरे के बारे में क्या महसूस करते हैं। आपकी भावनाओं और प्यार को अगर पार्टनर ने समझ लिया तो रिश्ते को लेकर उनका दिल और दिमाग क्लियर हो जाएगा और वह आप पर भरोसा करने लगेंगी।

**पार्टनर का करें सम्मान**

पार्टनर का सम्मान करें। जब आप अपने पार्टनर का सम्मान करेंगे। उनकी परवाह करेंगे तो वह आप पर भरोसा करने लगेंगे। साथी आपकी भावनाओं को महसूस कर पाएगा। सम्मान पर टिकने वाला रिश्ता ज्यादा दिन टिकता है, वहीं जिस रिश्ते में इज्जत नहीं होती, वहां प्यार भी खत्म हो जाता है।

**पार्टनर को फैसलों में करें शामिल**

प्यार और रिलेशनशिप में विश्वास को बढ़ाने के लिए पार्टनर को महसूस कराएं कि उनके सिवा आपकी जिंदगी अधूरी है। उन्हें अपने फैसलों में शामिल करें। अपने जीवन से जुड़ी जरूरी बातें उनसे शेयर करें। ऐसे में पार्टनर रिश्ते को लेकर सिक्योर महसूस करेगा।

**अकेलापन महसूस न होने दें**

जब आप पार्टनर की परवाह नहीं करते। उनके लिए समय नहीं निकालते तो वह रिश्ते में अकेलापन महसूस करने लगते हैं। उन्हें लगता है कि शायद आप उनसे प्यार नहीं करते और आपकी जिंदगी में कोई और है। वह शक करने लगते हैं कि आप कभी भी उनसे ब्रेकअप कर सकते हैं। ऐसे में पार्टनर के लिए वक्त निकालें। उनकी भावनाओं की परवाह करें।



## रेस्टोरेंट में बिल पर सर्विस चार्ज लेने की क्या जरूरत? हाईकोर्ट ने सुझाए ये विकल्प

नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को रेस्टोरेंट में ग्राहकों से अतिरिक्त या 'अलग' शुल्क के रूप में सर्विस चार्ज वसूलने पर सवाल उठाते हुए कहा कि इसके स्थान पर खाने का दाम बढ़ाने का तरीका अपनाया जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने यह टिप्पणी केंद्र सरकार की तरफ से दायर एक अपील की सुनवाई के दौरान की। इसके पहले हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने होटलों एवं रेस्टोरेंट को ग्राहकों से सर्विस चार्ज लेने पर रोकने वाले केंद्र के निर्देश पर स्थगन दे दिया था। मुख्य न्यायाधीश की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि एक आम आदमी रेस्टोरेंट में वसूले जाने वाले सर्विस चार्ज को सरकार की तरफ से लगाया गया टैक्स ही समझता है। ऐसी स्थिति में अगर होटल एवं रेस्टोरेंट ग्राहक से अधिक राशि वसूलना चाहते हैं तो वे अपने यहां परोसे जाने वाले खाने-पीने के सामान के दाम बढ़ा सकते हैं। फिर उन्हें बिल में अलग से सेवा शुल्क लेने की जरूरत नहीं रह जाएगी। रेस्टोरेंट संगठनों की तरफ से कहा गया कि सेवा शुल्क कोई सरकारी कर नहीं है और यह रेस्तरां में काम करने वाले कर्मचारियों के लाभ के लिए वसूला जाता है। कोर्ट ने इस दलील से असहमति जताते हुए कहा, "अपने कर्मचारियों का वेतन बढ़ाइए, हम आपकी बात सुनेंगे।

# महिंद्रा के गाड़ियों की लॉन्चिंग पर मिर्जापुर मीम वायरल

## ट्विटर पर आनंद महिंद्रा ने दिया ये जवाब

नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय ऑटोमोबाइल कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा ने 15 अगस्त को कंपनी की पांच नई एसयूवी को लांच की करने की घोषणा की। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने बताया है कि वह घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार में पांच नई इलेक्ट्रिक एसयूवी उतारेगी। कंपनी के मुताबिक ये वाहन वर्ष 2024 से 2026 तक बाजार में आ जाएंगे। एमएंडएम कंपनी की ओर से नए वाहनों की घोषणा के बाद सोशल मीडिया पर मिर्जापुर वेब सीरिज की थीम पर आधारित एक मीम बहुत वायरल हो रहा है। अब इस मीम पर महिंद्रा एंड महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी



है। आइए जानते हैं कैसे मिर्जापुर वेब सीरिज की थीम पर बने मीम से कंपनी की घोषणा का स्वागत किया गया? टेस्ला भारत नहीं आ रहा पर चिंता की कोई बात नहीं, क्योंकि आनंद महिंद्रा यहां मौजूद हैं। महिंद्रा ग्रुप ने एक बड़ा फैसला लेते हुए इलेक्ट्रिक फोर व्हीलर सेगमेंट में पांच नई इलेक्ट्रिक गाड़ियां लॉन्च करने की घोषणा की है। इन वाहनों की पहली तस्वीर 15 अगस्त 2022 को जारी की जाएगी। महिंद्रा कंपनी की घोषणा के बाद माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ट्विटर पर इस खबर से जुड़ी मिर्जापुर फेम मीम वायरल होने लगी। अलेख शिर्के नाम के ट्विटर यूजर ने मिर्जापुर मीम शेयर किया जिसमें अभिनेता पंकज त्रिपाठी उर्फ कालीन भैया कहते नजर आ रहे हैं कि 'हम करते हैं प्रबंध, आप चिंता मत कीजिए।' वे ऐसा टेस्ला के भारत नहीं आने की खबर पर प्रतिक्रिया देते हुए कहते दिख रहे हैं। ऊपर कैप्शन में 'भारत नहीं आ रही टेस्ला' लिखा है। उनके अनुसार आनंद महिंद्रा यह कह रहे हैं कि, 'हम करते हैं प्रबंध आप चिंता मत करिए।' बता दें कि पिछले मई महीने में टेस्ला कंपनी के सीईओ एलन मस्क ने भारत के संबंध में अपनी योजनाओं का खुलासा करते हुए कहा था कि टेस्ला भारत में तब तक अपनी कार नहीं बनाएगी जबतक उसे भारत में कार बेचने और सेवाएं प्रदान करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। इस खबर से निराश लोगों को अब महिंद्रा ने पांच नए इलेक्ट्रिक वाहनों की लॉन्चिंग की घोषणा कर राहत दे दी है। अलेख शिर्के के इस मीम के शेयर करने के बाद इस ट्वीट पर महिंद्रा एंड महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने भी अपनी प्रतिक्रिया देते हुए स्माइली शेयर की है।

# सोना-चांदी हुआ सस्ता, कहीं आप 22 कैरेट के दाम देकर 18 कैरेट गोल्ड तो नहीं ले रहे

नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। लगातार तीन दिन के अवकाश के बाद आज सोने-चांदी के रेट जारी हुए तो खरीदारों को थोड़ी राहत मिली। आज सर्राफा बाजारों में सोना औसतन 281 रुपये प्रति 10 ग्राम सस्ता हुआ है तो चांदी 447 रुपये प्रति किलो कमजोर हुई है। इंडिया बुलियंस एसोसिएशन द्वारा जारी हाजिर रेट के मुताबिक सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट शुद्ध सोना शुक्रवार 12 अगस्त के बंद भाव 52461 के मुकाबले आज यानी 16 अगस्त मंगलवार को 281 रुपये गिरकर 52180 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से खुला। वहीं, चांदी 447 रुपये सस्ती होकर 57905 रुपये प्रति किलो के रेट पर खुली। इसमें जीएसटी और ज्वैलर का मुनाफा नहीं जुड़ा है। अब शुद्ध सोना अपने ऑल टाइम हाई रेट से 56254 रुपये प्रति 10 ग्राम से 4074 रुपये सस्ता है। जबकि, चांदी अपने दो साल पहले के उच्च रेट 76008 रुपये प्रति



किलो से 18103 रुपये सस्ती है। 24 कैरेट सोने पर 3 फीसद जीएसटी जोड़ लें तो इसका रेट 53745 रुपये हो जा रहा है, वहीं ज्वैलर का 10 फीसद मुनाफा जोड़ने के बाद सोने का भाव 59119 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच जा रहा है। जीएसटी जोड़ने के बाद चांदी की कीमत 69642 रुपये प्रति किलो हो गई है। इसमें ज्वैलर का 10 से 15 फीसद मुनाफा अलग से है। यानी आपको 10 फीसद मुनाफा लेकर ज्वैलर करीब 65606 रुपये में देगा। आज 23 कैरेट गोल्ड का भाव भी 51971 रुपये प्रति 10 ग्राम की दर से खुला। इस पर भी 3 फीसद जीएसटी और 10 फीसद मुनाफा जोड़कर आपको मिलेगा 58883 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से। वहीं, 22 कैरेट सोने का भाव 47797 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला। तीन फीसद जीएसटी के साथ यह 49230 रुपये का पड़ेगा। इससे बने जेवरों पर भी ज्वैलर्स का मुनाफा अलग से जोड़ने पर करीब 54154 रुपये का पड़ेगा।18 कैरेट गोल्ड की कीमत अब 39135 रुपये प्रति 10 ग्राम है। यह 3 फीसद जीएसटी के साथ 40309 रुपये प्रति 10 ग्राम का पड़ेगा। ज्वैलर का 10 पर्सेंट मुनाफा जोड़कर यह 44339 रुपये का पड़ेगा। अब 14 कैरेट सोने का भाव 30525 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है। जीएसटी के साथ यह 31440 रुपये प्रति 10 ग्राम पड़ेगा। इस पर 10 पर्सेंट मुनाफा जोड़ लें तो यह 34584 रुपये का पड़ेगा।

## महंगाई पर नकेल कस रही सरकार!

### खुदरा के बाद अब थोक आंकड़ों पर भी दिखा असर

नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्र सरकार और रिजर्व बैंक के प्रयासों के बीच थोक महंगाई दर के आंकड़ों में गिरावट आई है। सरकार की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक थोक महंगाई दर जुलाई में घटकर 13.93 प्रतिशत रही, जो जून में 15.18 प्रतिशत थी। बीते कुछ माह के मुकाबले देखें तो ये बड़ी गिरावट है। खुदरा महंगाई भी काबू में: खाने का सामान सस्ता होने से खुदरा



महंगाई भी जुलाई में नरम होकर 6.71 प्रतिशत पर आ गई है। बीते शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया गया था कि जून 2022 में महंगाई दर 7.01 प्रतिशत जबकि जुलाई 2021 में 5.59 प्रतिशत थी। हालांकि, अब भी खुदरा मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर की उच्च सीमा 6 प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है। आरबीआई की कोशिश: आपको बता दें कि केंद्रीय रिजर्व बैंक ने महंगाई को काबू में लाने के लिए रेपो रेट में लगातार बढ़ोतरी की है। मई और जून के बाद अगस्त में भी रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने रेपो रेट को बढ़ाया है। सिर्फ पिछले 4 महीने में अब तक रेपो रेट 1.40 फीसदी बढ़कर 5.40 फीसदी हो चुका है। वहीं, बीते कुछ माह में केंद्र सरकार ने भी पेट्रोल-डीजल, खाने के तेल समेत कई चीजों पर कीमतों की कटौती के लिए अहम उपाय किए हैं।



नई दिल्ली में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में सार्वजनिक प्रणाली प्रयोगशाला का उद्घाटन करते केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण और कपड़ा मंत्री, पीयूष गोयल।

## दिल्ली-एनसीआर में घरों की कीमतों में बड़ा उछाल

### महामारी से पहले के स्तर को पार कर गईं कीमतें

नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। आवास की मांग में तेजी और निर्माण लागत बढ़ने से आठ प्रमुख शहरों में आवासीय संपत्ति की कीमतों में अप्रैल-जून तिमाही के दौरान औसत पांच पर्सेंट की वृद्धि हुई। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। इस दौरान दिल्ली-एनसीआर में आवास की कीमतों में सबसे अधिक 10 पर्सेंट की वृद्धि हुई।रियल एस्टेट क्षेत्र की शीर्ष संस्था क्रेडाई, सलाहकार कोलियर्स इंडिया और डेटा विश्लेषण फर्म लियासेस फोरास की यह रिपोर्ट आठ प्रमुख शहरों - दिल्ली-एनसीआर, मुंबई महानगरीय क्षेत्र (एमएमआर),



चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और अहमदाबाद के रुझानों पर आधारित है। रिपोर्ट का शीर्षक हाउसिंग प्राइस-ट्रैकर रिपोर्ट 2022 है। रिपोर्ट में कहा गया कि 2022 की दूसरी तिमाही के दौरान भारत में आवास कीमतें महामारी से पहले के स्तर को पार कर गईं। इससे संकेत मिलता है कि घर की मांग काफी तेज है और आपूर्ति पूरी तरह मांग के अनुरूप है।

## रतन टाटा ने 25 साल के युवा के स्टार्टअप पर लगाया दांव

### जानिए क्या करती है कंपनी

नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। उद्योग जगत के दिग्गज कारोबारी रतन टाटा ने वरिष्ठ नागरिकों को सेवा के रूप में सहयोग देने वाले स्टार्टअप गुडफेलोज में निवेश की घोषणा की है। हालांकि, निवेश की रकम के बारे में जानकारी नहीं दी गई है। आपको बता दें कि टाटा समूह



से रिटायरमेंट के बाद से रतन टाटा, कई स्टार्टअप में पैसे लगा चुके हैं। कौन है फाउंडर: अब रतन टाटा ने जिस नए स्टार्टअप में निवेश का ऐलान किया है, उसकी स्थापना शांतनु नायडू ने की है। कॉर्नेल विश्वविद्यालय से पढ़ाई करने वाले 25 वर्षीय नायडू टाटा के कार्यालय में हैं और 2018 से टाटा की सहायता कर रहे हैं। क्या है स्टार्टअप की खास बातें: यह स्टार्टअप वरिष्ठ नागरिक ग्राहकों के साथी के रूप में 'काम' करने के लिए युवा स्नातकों को काम पर रखता है। कंपनी मुंबई में अपने बीटा चरण में पिछले छह महीनों से 20 बुजुर्गों के साथ काम कर रही है और आगे पुणे, चेन्नई और बेंगलुरु में सेवाएं देने की योजना बना रही है।

रतन टाटा ने क्या कहा: 84 वर्षीय रतन टाटा ने स्टार्टअप की तारीफ की और कहा कि जब तक आप वास्तव में बूढ़े नहीं हो जाते, तब तक किसी को भी बूढ़े होने का मन नहीं करता।

## भारतीय शेयर बाजार में उछाल, सेंसेक्स 379 अंक उछला, निफ्टी 17,800 के पार



नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को सेंसेक्स में 379 अंकों का उछाल आया। वहीं, निफ्टी में भी 127.10 अंकों की बढ़त आई। बाजार में यह तेजी ऑयल व गैस, बैंकिंग और ऑटो सेक्टर के शेयरों में तेजी के कारण बाजार को मजबूती मिली और लगातार तीसरे सेशन में बाजार मजबूती के साथ बंद हुआ। मंगलवार को 30 शेयरों का बीएसई बेंचमार्क सेंसेक्स 379.43 अंकों की तेजी के साथ 59,842. 21 अंकों पर बंद हुआ। इसमें 0.64% की तेजी दिखी। मंगलवार के कारोबार में सेंसेक्स एक समय पर 460.25 अंक (0.77%) उछल कर 59,923.03 अंकों के ऊपरी लेवल पर पहुंच गया था। वहीं, 50 शेयरों के एनएसई बेंचमार्क निफ्टी मंगलवार को 127.10 अंक (0.72%) उछल कर 17,825.25 अंकों पर बंद हुआ। निफ्टी के 50 में 42 कंपनियों के शेयरों ने हरे निशान पर कारोबार किया।

एक्सचेंज डेटा के अनुसार भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार को विदेशी संस्थागत निवेशक 3,040.46 करोड़ रुपये की नकद खरीदारी के साथ नेट बायर रहे।

# देश की सबसे बड़ी रेल लिंक लाइन

## यूपी के उद्योगों को फायदा, 500 डिब्बों की मालगाड़ी से आएगा 13000 टन माल

नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। देश के सबसे बड़े मालवाहक रेल गलियारे की लिंक लाइन बनकर तैयार हो गई हैं। इस पर ट्रायल भी पूरा हो चुका हैं। ये लिंक लाइन डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के वेस्टर्न और ईस्टर्न कॉरिडोर को आपस में जोड़ेगी। सूत्रों के अनुसार पीएम नरेंद्र मोदी 31 अगस्त को इस लाइन पर मालगाड़ी चलाने जाने को लेकर हरी झंडी भी दिखा सकते है। इस लिंक लाइन का सबसे ज्यादा फायदा दिल्ली-एनसीआर समेत यूपी के उद्योगों को मिलेगा। इस कॉरिडोर के चालू होने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा को फायदा होगा। इन राज्यों के औद्योगिक क्षेत्रों में बनने वाली वस्तुएं कम समय में महाराष्ट्र, गुजरात, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड आदि राज्यों में पहुंच



सकेंगी। इस कॉरिडोर पर चलने वाली 500 डिब्बों की मालगाड़ी एक बार में 13 हजार टन माल लेकर जा सकेगी। ईस्टर्न कॉरिडोर लुधियाना से कोलकाता और वेस्टर्न कॉरिडोर नोएडा के दादरी से मुंबई तक है। इन दोनों कॉरिडोर को जोड़ने के लिए ग्रेटर नोएडा के बोड़ाकी रेलवे स्टेशन से खुर्जा बुलंदशहर तक करीब 50 किलोमीटर लंबी लिंक रेल लाइन बिछाई गई है। इसी लिंक लाइन का काम अब पूरा हो चुका है। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने भी लिंक लाइन पर इंजन दौड़ाकर ट्रायल पूरा करके ओके रिपोर्ट दे दी है। इस लिंक लाइन के चालू होते ही दिल्ली-एनसीआर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कारोबारी अपना माल मुंबई और कोलकाता तक सस्ते रेल भाड़े पर भेज सकेंगे और वहां से मंगा भी सकेंगे। रेल मंत्रालय से मिली जानकारी के अनुसार, दिल्ली से हावड़ा और दिल्ली से मुंबई रेल लाइन पर इस वक्त क्षमता का 115 प्रतिशत ट्रैफिक है। सामान्य रेल लाइनों और सड़कों का ट्रैफिक कम करने रेल ढुलाई बढ़ाने के लिए के लिए अप्रैल 2005 में भारत-जापान की शिखर बैठक में इस परियोजना पर चर्चा हुई। आखिर साल 2006 में डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर इंडिया लिमिटेड का गठन हुआ। देश में माल ढुलाई के लिए रेल लाइनों को जोड़ने के लिए दो डायगोनल बनाए गए हैं- ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर। ये दोनों डायगोनल ईस्टर्न और वेस्टर्न कॉरिडोर को आपस में जोड़ेंगे। यह रेल लाइन सिर्फ और सिर्फ मालगाड़ियों के लिए होगी। जो मालगाड़ियां सामान्य लाइन पर औसत 25 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से चलती हैं। वो नए कॉरिडोर पर 75 से 100 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ेंगी। प्रमुख रेल लाइनों से मालगाड़ियां हटाकर डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर शिफ्ट कर दी जाएंगी। इससे सामान्य रेल लाइनों पर यातायात का दबाव कम होगा। ट्रेनों को सिग्नल के इंतजार में आउटर पर खड़ा नहीं करना पड़ेगा।

# 15% तक लुढ़क गए मुथूट फाइनेंस के शेयर, गोल्ड लोन बिजनेस की घटी चमक

नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। गोल्ड लोन देने वाली कंपनी मुथूट फाइनेंस के शेयर मंगलवार को शेयर बाजार में धड़ाम हो गए। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के कमजोर नतीजों के कारण कंपनी के शेयरों में यह गिरावट आई। मुथूट फाइनेंस के शेयर मंगलवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के शुरुआती कारोबार में 15 फीसदी लुढ़ककर 1009.80 रुपये के निचले स्तर पर पहुंच गए। फिलहाल, कंपनी के शेयर 12.46 पर्सेंट की गिरावट के साथ 1039.90 रुपये पर कारोबार कर रहे हैं।

गोल्ड लोन बिजनेस में कमजोरी के कारण जून 2022 तिमाही में मुथूट फाइनेंस का मुनाफा 17.4 पर्सेंट घटा है। कंपनी के ओवरऑल एसेट अंडर मैनेजमेंट में गोल्ड लोन सेगमेंट की हिस्सेदारी 90 पर्सेंट से ज्यादा




है। इसके अलावा, कंपनी के कस्टमर बेस में भी गिरावट आई है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कमजोर नतीजों के बावजूद कंपनी के मैनेजमेंट ने फाइनेंशियल ईयर 2023 के लिए 10-15 पर्सेंट की एयूएम ग्रोथ बनाए रखी है।

**इस साल अब तक 33% लुढ़क गए हैं कंपनी के शेयर**

मुथूट फाइनेंस के शेयरों में इस साल अब तक करीब 33 पर्सेंट की गिरावट आई है। साल की शुरुआत में 3 जनवरी 2022 को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में कंपनी के शेयर 1540.40 रुपये के स्तर पर थे। फिलहाल, 16 अगस्त 2022 को बीएसई में कंपनी के शेयर 1039.90 रुपये पर कारोबार कर रहे हैं। पिछले 6 महीने में मुथूट फाइनेंस के शेयरों में 23 पर्सेंट से अधिक की गिरावट आई है।

वहीं, पिछले 5 साल में कंपनी के शेयर बीएसई में 125 पर्सेंट के करीब चढ़ गए हैं। डिस्क्लेमर: यहां सिर्फ शेयर के परफॉर्मेंस की जानकारी दी गई है, यह निवेश की सलाह नहीं है। शेयर बाजार में निवेश जोखिमों के अधीन है और निवेश से पहले अपने एडवाइजर से परामर्श कर लें।

## सड़कों पर खून दिखेगा', गूगल की बड़ी चेतावनी

### कर्मचारियों पर लटकी छंटनी की 'तलवार'

नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। गूगल अगले कुछ महीनों में क्या बड़ी संख्या में कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाने जा रही है? इस बात की चर्चा खूब जोरों पर है। कंपनी के एक कर्मचारी के अनुसार गूगल एक्जक्यूटिव ने अपने कर्मचारियों को यह कहते हुए चेतावनी दी है कि अगर नतीजे उम्मीद से खराब रहे तो छटनी के लिए तैयार रहिए। बता दें, पिछले कुछ महीनों से गूगल क्लाउड्स का प्रदर्शन बेहतर नहीं रहा है। न्यूयॉर्क पोस्ट की खबर के अनुसार गूगल क्लाउड सेल्स डिपार्टमेंट के कर्मचारी ने बताया कि सीनियर एक्जक्यूटिव की तरफ से चेतावनी दी गई है कि अगर तिमाही नतीजे अच्छे नहीं रहे तो 'सड़कों पर खून दिखेगा' यानी छटनी के लिए तैयार रहें। इस खबर के बाद कर्मचारी काफी चिंतित हैं। बता दें, गूगल ने बिना किसी अनाउंसमेंट के इस महीने हायरिंग प्रोसेस को फ्रीज करके




रखा है। इस महीने की शुरुआत में गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने कहा था कि बहुत से कर्मचारी के काम को देखकर संतुष्टी नहीं मिल रही है। पिचाई के अनुसार गूगल की प्रोडक्ट अपनी क्षमता से कम है। 2022 की दूसरी तिमाही में कंपनी की कमाई पहली तिमाही की तुलना में कम हुई है। पिचाई की इच्छा है कि कर्मचारी मिशन मोड में काम किया करें। फेसबुक की पैरेंट कंपनी मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग पहले ही कह चुके हैं कि उम्मीद से कम प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। वहीं, ट्वीटर के सीईओ पराग अग्रवाल भी रेवन्यू टारगेट को ध्यान में रखते हुए नई हायरिंग को रोकने का ऐलान कर चुके हैं।

# एयरपोर्ट पर आपका चेहरा ही होगा बोर्डिंग पास:हवाई यात्रा करने वालों के लिए लॉन्च हुआ 'डिजियात्रा' ऐप

## फेशियल रिकग्निशन सिस्टम से होगी आपकी पहचान

नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली और बेंगलुरू एयरपोर्ट ने घरेलू यात्रियों के फेशियल रिकग्निशन के लिए एक ऐप 'डिजियात्रा' लॉन्च किया है। इस ऐप के लॉन्च होने से अब यात्रियों को एयरपोर्ट पर एंट्री में होने वाली परेशानियों से निजात मिलेगी। अभी ऐप का बीटा वर्जन लॉन्च हुआ है और जल्द ही इसे फुल स्केल पर पेश किया जा सकता है। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के अनुसार इस ऐप की मदद से चेहरे की पहचान के आधार पर सभी चेकप्वाइंट पर यात्रियों की एंट्री होगी। एयरपोर्ट की एंट्री, सिक्योरिटी चेक और बोर्डिंग गेट तीनों जगहों पर ऐप से ही काम हो जाएगा। दिल्ली एयरपोर्ट पर अभी इसे घरेलू यात्रियों के लिए टी3 टर्मिनल पर शुरू किया गया है। वहीं बेंगलुरू




इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (ने एक बयान में बताया कि इस ऐप के बीटा वर्जन को विस्तारा और एयर एशिया की उड़ानों में टेस्ट किया गया है। डिजियात्रा ऐप का बीटा वर्जन एंड्रॉयड ओएस के लिए प्लेस्टोर पर उपलब्ध है। अगले कुछ सप्ताह के दौरान यह ऐप एप्पल के आईओएस प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध हो जाएगा। अभी डिजियात्रा ऐप का इस्तेमाल करना अनिवार्य नहीं किया गया है, जो यात्री इसका इस्तेमाल करना चाहते हैं, वे इसे डाउनलोड कर सकते हैं।

**अभी ऑप्शनल रहेगा ऐप का इस्तेमाल**

रजिस्ट्रेशन के लिए यात्रियों को आधार के डिटेल्स देने होंगे। इसके अलावा उन्हें कोविड-19 वैक्सीनेशन की जानकारियों के साथ एक सेल्फी अपलोड करने की जरूरत होगी।

ये बायोमेट्रिक सिस्टम है जो व्यक्ति की पहचान उसके चेहरे, आंखों, मुंह के कॉम्बिनेशन से करती है। इसमें चेहरे के सभी एलिमेंट खासकर आंखें और मुंह को रीड किया जाता है। फिर पहचान के लिए चेहरे की 3D इमेज बनाकर डेटाबेस में सेव की जाती है। इस तकनीक का आविष्कार अमेरिकी वैज्ञानिकों की टीम ने किया था। इसमें वूडी ब्लेडसोए, हेलेन चान वूल्फ और चार्ल्स बाइसन शामिल थे।



# 'पैरामिलिट्री के ट्रकों में पैसा बीजेपी ऑफिस पहुंचाया'

## गहलोत बोले- एमपी, महाराष्ट्र और कर्नाटक में आलू-प्याज से सरकारें नहीं बदलीं




जयपुर, 16 अगस्त (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बीजेपी और पैरामिलिट्री फोर्स पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने पैसों के दम पर राज्यों में सरकारें बदलने को लेकर भाजपा को निशाने पर लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि फोर्स और पुलिस के ट्रकों में दो नंबर का पैसा भरकर बीजेपी के दफ्तरों तक पहुंचता है।

गहलोत बोले- ये क्या करते हैं, मालूम है आपको? ये पैरामिलिट्री फोर्सेज या पुलिस वालों को पकड़ते हैं, जहां इनकी सरकारें होती हैं। ट्रक में भरकर पैसा लाते हैं, बीजेपी के दफ्तर के पिछवाड़े ले जाते हैं ट्रक को। उससे वो बॉक्स उतरते हैं और अंदर डालते हैं। गाड़ी पुलिस की होती है, उसे पकड़े कौन? लोग सोचते हैं इनके रंगरूट आए होंगे मदद करने। ये बहुत बड़ा षडयंत्र है देश के साथ। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को घबराने की जरूरत नहीं है, सच्चाई आपके साथ है। गहलोत जयपुर में सोमवार को शहीद स्मारक पर कांग्रेस के स्वाधीनता दिवस समारोह के कार्यक्रम में बोल रहे थे।

गहलोत ने कहा- गोवा, अरुणाचल, कर्नाटक, मध्यप्रदेश और अब महाराष्ट्र में आलू प्याज से सरकारें नहीं बदली गई हैं। आप बताइए मोदीजी ने नोटबंदी की। कॉमन सेंस की बात है, 1000-500 के नोट बंद कर दिए, वो नोट बड़ी जगह घेरते हैं। आपने 1000 का नोट बंद करके 2000 का नोट क्यों शुरू कर दिया? रुपए का जो ट्रांसपोर्टेशन होता है, उसमें 2000 का नोट जगह कम घेरेगा, इसीलिए यह किया।

**गुजरात मॉडल फ्लॉप था, पूरे देश को धोखा दिया**

गहलोत ने कहा- मोदीजी का गुजरात मॉडल फ्लॉप था। गुजरात मॉडल के नाम पर पूरे देश को धोखा दिया। आडवाणी जी ने शुरुआत की, मोदीजी इसके सहारे दिल्ली पहुंच गए।

उन्होंने कहा- मॉडल कुछ था ही नहीं, केवल मार्केटिंग थी। बीजेपी वाले आज भी मार्केटिंग पर हजारों करोड़ रुपए खर्च कर रहे हैं। आज आईटी और सोशल मीडिया का जमाना है, बीजेपी वाले इस पर जमकर पैसा खर्च कर रहे हैं।

**आरएसएस ने लिखकर दिया था- भविष्य में राजनीति नहीं करेंगे**

वहीं स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के एक अन्य कार्यक्रम में गहलोत ने कहा- 'मुझे बचपन के दिन याद हैं, तब हिंदी-इंग्लिश को लेकर आंदोलन होते थे। हम इंग्लिश के खिलाफ होते थे। तमिलनाडु और दक्षिण के लोग हिंदी के खिलाफ होते थे। इतने दंगे हुए थे, ये भूल जाते हैं। इनको पूछो कि आप हिंदू राष्ट्र की बात करते हो।

जब हिंदू राष्ट्र बन जाएगा तब अगड़े-पिछड़े लोग भी हैं। आप छुआछूत को मिटाने की बात क्यों नहीं करते हो? 100 साल का आपका आरएसएस संगठन है, सांस्कृतिक संगठन है, जिस पर सरदार वल्लभ बाई पटेल ने रोक लगाई थी। आरएसएस पर प्रतिबंध लगा दिया था। इन्होंने लिखकर दिया था कि हम भविष्य में राजनीति नहीं करेंगे, आज वो लोग क्या कर रहे हैं? आज बीजेपी के साथ में मिलकर क्या कर रहे हैं?'

# 4 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट

## राजस्थान में बारिश से नदी-नाले उफान पर: झालावाड़ डिस्ट्रिक्ट हेड क्वार्टर से लोगों का संपर्क कटा



जयपुर, 16 अगस्त (एजेंसियां)। बंगाल की खाड़ी में आए सिस्टम के कारण राजस्थान के दक्षिणी हिस्से में भारी बारिश हुई। बांसवाड़ा, झालावाड़, सिरोही, उदयपुर में पिछले 24 घंटे के दौरान 4 से 7 इंच तक पानी बरसा। बारिश से नदियों में पानी की आवक बढ़ गई, बांध ओवरफ्लो हो गए।

झालावाड़ में परवन व कालीखार नदी के उफान पर आने से ग्रामीण इलाकों का डिस्ट्रिक्ट हेड क्वार्टर से संपर्क टूट गया। इधर, जयपुर में सोमवार देर रात से रुक- रुक कर बारिश का दौर चल रहा है। मौसम विभाग ने आज भी सिरोही, जालोर, उदयपुर, डूंगरपुर में रेड अलर्ट जारी किया है।

राज्य में 24 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा बरसात बांसवाड़ा जिले के भूंगड़ा में 180मिमी (7 इंच से अधिक) दर्ज की गई। माही डैम, जगपुरा, घाटोल, गढ़ी, कुशलगढ़ और दानपुर में भी अच्छी बरसात हुई। तेज बरसात के बाद यहां माही बांध का जलस्तर भी बढ़ गया। झालावाड़ के डग में 166मिमी (6 इंच से अधिक) भारी बारिश हुई।

झालावाड़ के कई हिस्सों में हुई तेज बारिश के बाद परवन व कालीखार नदी उफान पर है और यहां ग्रामीण इलाकों का संपर्क जिला मुख्यालय से कट गया। पुलिया पर पानी आने से पिड़ावा रामपुरिया, सुसनेर का रास्ता बंद हो गया है।

यहां कालीसिंध नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद कालीसिंध बांध के मंगलवार को 8 गेट खोले गए हैं, जिनसे 98 हजार 388 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। खानपुर एरिया में तेज बारिश के बाद भीमसागर बांध के भी 1 गेट के जरिए 4 हजार क्यूसेक से ज्यादा पानी छोड़ा जा रहा है। इधर, छापी बांध के भी 5 गेट खोलकर पानी निकासी की जा रही है।

**माउंट आबू में फिर बहने लगी नदियां**

सिरोही जिले के कई हिस्सों में सोमवार रात अच्छी बरसात हुई। माउंट आबू, वेस्ट बनास, शिवगंज, रेवदर, पिंडवाड़ा समेत कई जगहों पर 2 से 5 इंच तक पानी बरसा। तेज बारिश के बाद माउंट आबू की वादियों में एक बार फिर झरने बहते दिखाई दिए। यहां बारिश के बाद रोहिड़ा की सुकली और वेस्ट बनास तेज बहाव से बहने लगी। इधर, सिरोही के भुला, वासा और गोडाना बांध ओवरफ्लो हो गए।

कोटा में चंबल का जलस्तर बढ़ने के बाद कोटा बैराज के आज भी 2 गेट खोलकर 10 हजार 499 क्यूसेक, जबकि डूंगरपुर के सोमकमला अंबा बांध के 2 गेट से करीब 1600 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है।

राजस्थान में सिरोही, जालोर, उदयपुर, डूंगरपुर जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा बांसवाड़ा, झालावाड़, कोटा, बूंदी, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, पाली, राजसमंद, जोधपुर, बाड़मेर और जोधपुर जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं 17 अगस्त को बाड़मेर, जोधपुर और जैसलमेर जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

# गोगुंदा में दो भाइयों की नदी में डूबने से मौत



उदयपुर, 16 अगस्त (एजेंसियां)। गांव की पुरानी हवेली पर खेलने जाने के लिए निकले दो भाइयों की नदी में डूबने से मौत हो गई। नदी किनारे अचानक पांव फिसलने से एक नदी में गिरा तो दूसरा भाई भी उसे बचाने के लिए गया, वो भी डूब गया। यह मामला उदयपुर में गोगुंदा तहसील के मोजावत गांव का है।

दोनों चचेरे भाई एक ही कक्षा में पढ़ते थे

गांव वालों के मुताबिक मोजावत निवासी जयवीर (13) और दक्ष (12) सोमवार शाम को खेलने जाने के लिए घर से निकले थे। रास्ते में दक्ष का पांव फिसला और वो नदी में गिर गया। दक्ष को बचाने के लिए जयवीर भी पानी में उतर गया। ज्यादा गहराई में चले जाने से वो भी डूब गया। दोनों को डूबता देखकर कुछ महिलाओं ने शोर मचाया, लोगों के आने से पहले ही दोनों पानी में डूब गए। दोनों चचेरे भाई हैं और पांच कक्षा में पढ़ते हैं।

दोनों को गांव वाले बाहर निकालकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गए । गोगुंदा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉक्टरों ने उन्हें उदयपु रेफर कर दिया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मंगलवार सुबह बिना पोस्टमार्टम ही परिजन शव लेकर पैतृक गांव रवाना हो गए। पुलिस ने बताया कि परिजन किसी भी स्तर पर कानूनी कार्रवाई नहीं चाहते थे।

# दलित बच्चे की मौत के बाद नेताओं का लगा तांता

## डोटासरा ने कहा- उचित मुआवजा मिलेगा; बारां-अटरू एमएलए बोले- जांच पूरी होने तक इस्तीफा वापस नहीं लूंगा



जयपुर, 16 अगस्त (एजेंसियां)। टीचर की कथित पिटाई से जालोर के छात्र इंद्र मेघवाल की मौत के मामले में प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। पीड़ित परिवार से मिलने के लिए नेताओं का भी सुराणा गांव पहुंचने का सिलसिला जारी है। नेताओं के दौरे को देखते हुए जालोर जिला प्रशासन ने इंटरनेट की स्पीड घटा दी है।

दोषी को मिलेगी सजा

पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा, महिला एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश, मंत्री गोविंद मेघवाल, राज्य मंत्री अर्जुन बामणिया, जनअभाव अभियोग निराकरण समिति (पब्लिक डेप्रवेशन रिड्रेसल कमेटी) के अध्यक्ष पुखराज पाराशर मंगलवार दोपहर करीब एक बजे पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। इस दौरान डोटासरा ने आश्वासन दिया कि परिवार को उचित मुआवजा दिया जाएगा। वापस जाते समय सभी लोग 36 कौम के धरने पर पहुंचे। यहां पर लोगों से मिलने के बाद उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी। दोषी लोगों को सजा दी जाएगी और निर्दोष लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं होगी।

डोटासरा के पहुंचने के करीब 15 मिनट बाद बारां-अटरू विधायक पानाचंद मेघवाल पहुंचे। मेघवाल ने कहा- जब तक इस मामले की जांच पूरी नहीं होती, इस्तीफा वापस नहीं लूगा।

इधर, जयपुर में चार दलित नेता पानी की टंकी पर चढ़ गए हैं। उनकी डिमांड है कि सरकार मुआवजा बढ़ाए और परिवार के दो लोगों को नौकरी दे।

मंत्री भजनलाल जाटव, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट के भी सुराणा गांव जाने की योजना है। इससे पहले जैसलमेर विधायक रूपाराम धनदेव सुबह पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और परिवार वालों से बात की।

राष्ट्रीय आयोग के अध्यक्ष और राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष जस्टिस जीके व्यास का भी जालोर के दौरे पर आने का कार्यक्रम है। व्यास दोपहर 2 बजे सुराणा (जालोर) पहुंचेंगे और पीड़ित परिवार से मुलाकात करेंगे।

सोमवार को राजस्थान सरकार के 4 मंत्री सुराणा गांव पहुंचे थे और बच्चे के परिजनों से मुलाकात की। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जुली, श्रम मंत्री सुखराम बिश्नोई, अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष खिलाड़ी लाल बैरवा और जनअभाव अभियोग निराकरण समिति (पब्लिक डेप्रवेशन रिड्रेसल कमेटी) के अध्यक्ष पुखराज पाराशर ने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी।

# ट्रकों में रुपया भरकर ले जाने वाले बयान पर

## सांसद ने कहा- गहलोत मांगें माफी, बयान वापस लें



जयपुर, 16 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान से राज्यसभा सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता घनश्याम तिवाड़ी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पैरा मिलिट्री फोर्सेज एवं पुलिस के ट्रकों में रुपए भरकर भाजपा कार्यालय पहुंचाने के बयान की कड़ी निंदा करते हुए इसे गैरजिम्मेदाराना वक्तव्य करार दिया है।

**बयान मुख्यमंत्री पद की गरिमा के अनुरूप नहीं**

तिवाड़ी ने आज अपने बयान में कहा कि पैरा मिलट्री फोर्सेज और पुलिस पर जिस प्रकार के गंभीर आरोप लगाए गए हैं इस प्रकार के आरोप मुख्यमंत्री पद की गरिमा के अनुरूप नहीं है। बिना किसी प्रमाण के इस तरह की बात कहना नितांत ही गैरजिम्मेदाराना है।

**मांगनी चाहिए माफी**

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को अपना वक्तव्य वापस लेना चाहिए और क्षमा मांगनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री इस बात से घबराए हुए हैं कि नेशनल हेराल्ड के मामले में जो कानूनी कार्रवाई हो रही है, उनको लगता है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को भ्रष्टाचार के आरोप में सजा होगी और उन्होंने जो सार्वजनिक सम्पत्ति, गैर कानूनी तरीके से हड़पी है उसको वापस देना पड़ेगा।

**सारा पैसा चंदे का,चुनाव आयोग के पास पूरा ब्योरा**

गहलोत के भाजपा के जो कार्यालय बन रहे हैं वह पैसा कहां से आ रहा है के बयान पर तिवाड़ी ने कहा कि भाजपा के जितने भी कार्यालय बन रहे हैं वह सारे वैधानिक हैं। सारे एक नंबर के पैसे से बन रहे हैं और भाजपा को जो चंदा मिला है, जिसका प्रमाण चुनाव आयोग के पास उपलब्ध है और सार्वजनिक भी किया हुआ है। इसलिए इस प्रकार का वक्तव्य देकर मुख्यमंत्री केवल अपनी बौखलाहट और हताशा प्रकट कर रहे हैं।

# जयपुर में रेलवे स्टेशन पर मिली हाथ कटी लाश, सनसनी

**खून से लथपथ भागता हुआ अंदर आया, टिकट काउंटर पर दम तोड़ा**



जयपुर, 16 अगस्त (एजेंसियां)। जयपुर के दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन पर मंगलवार तड़के साढ़े तीन बजे एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। लहूलुहान हालत में वह स्टेशन के अंदर भागते हुए आया। टिकट विंडो के पास गिरा और तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया। उसकी पहचान नागौर निवासी भवराराम (35) के रूप में हुई है। जानकारी मिलने पर जीआरपी और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और सबूत जुटाए। युवक की इस कदर मौत से इलाके में सनसनी फैल गई।

रेलवे स्टेशन में बैठे एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि रात को युवक भागता हुआ अंदर गया। उसका एक हाथ धड़ से अलग था। करीब 100 मीटर दूर टिकट काउंटर के पास वह गिरा और उसकी मौत हो गई। उसका कटा हुआ हाथ थोड़ी ही दूर सड़क पर पड़ा हुआ था। उसे कुत्ते नोचने लगे थे।

लोगों ने जब देखा तो कुत्तों को भगाकर उसके हाथ सुरक्षित जगह पर रख दिया। मौके पर पहुंची जीआरपी थाना पुलिस ने आसपास सीसीटीवी सर्च किया, लेकिन स्टेशन और उसके आसपास सड़क पर कोई सीसीटीवी नहीं दिखाई दिया। युवक पर हमला हुआ, हिट एंड रन का मामला है या फिर मौत की कोई और वजह, पुलिस इसकी जांच कर रही है। फिलहाल पुलिस कुछ भी स्पष्ट नहीं बता पा रही है।

जीआरपी थाना सीआई सतपाल सिंह ने बताया कि शिप्रा पथ थाना पुलिस को जानकारी दी गई है। यह मामला रेलवे स्टेशन के गेट नंबर 2 के बाहर मुख्य सड़क का है। पुलिस को मौके पर से गाड़ी के टायर घिसने से सबूत मिले हैं। जैसे किसी ने तेज रफ्तार से चल रहे वाहन को रोका हो।

जीआरपी थाना पुलिस भी आशंका जता रही है कि हिट एंड रन केस हो सकता है।

# ख़राब मौसम की वजह से फिर टला सीएम गहलोत का गुजरात दौरा



जयपुर, 16 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का दौरा एक बार फिर टल गया है। सीएम गहलोत आज गुजरात के तीन दिवसीय दौरे पर जाने वाले थे। लेकिन बारिश और खराब मौसम की वजह से सीएम गहलोत गुजरात दौरे पर जा नहीं पाए। कांग्रेस आलाकमान ने सीएम गहलोत को सीनियर आब्जर्वर बनाया है। सीनियर आब्जर्वर के नाते सीएम गहलोत आज से अपने तीन दिवसीय दौरे पर होने वाले थे रवाना, लेकिन खराब मौसम और बारिश की वजह से सीएम गहलोत नहीं जा पाए। माना जा रहा है सीएम अशोक गहलोत अगले सप्ताह की शुरुआत में जा सकते हैं। इससे पहले भी सीएम गहलोत का गुजरात दौरा उनके ख़राब स्वास्थ्य के कारण स्थगित करना पड़ा था। गुजरात राज्यसभा चुनाव में भी कांग्रेस के दिवंगत हो चुके दिग्गज नेता अहमद पटेल की जीत को भाजपा के मुंह से खींचकर लाने में भी गहलोत ही मुख्य रणनीतिकार थे। कांग्रेस आलाकमान ने एक बार फिर सीएम अशोक गहलोत पर विश्वास जताया है। गहलोत अपनी चतुराई से गुजरात विधानसभा चुनाव में एक बार फिर मोदी-अमित शाह का खेल बिगाड़ सकते हैं। कांग्रेस आलाकमान ने हाल ही में सीएम अशोक गहलोत को गुजरात चुनाव के लिए वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। 1995 से लगातार गुजरात में चुनाव जीतती आ रही भाजपा का 2017 के चुनाव में सबसे कमजोर प्रदर्शन था। यह माना जाता है कि 2017 के विधानसभा चुनाव के आखिरी दौर में अगर पीएम मोदी ने चुनाव प्रचार की कमान नहीं संभाली होती तो शायद भाजपा की सरकार नहीं बन पाती। सीएम गहलोत ने गुजरात में सत्ता पलट के भाजपा के ऑपरेशन लोटस को भी धराशाही किया था।

**गुजरात के 37 में से 23 पर्यवेक्षक राजस्थानी**

अशोक गहलोत के अलावा मंत्रिपरिषद के सदस्यों और विधायकों को भी गुजरात में चुनावी कमान सौंपी है। पार्टी ने गुजरात के 37 में से 23 पर्यवेक्षक राजस्थान के लगाए है। प्रदेश के जिन नेताओं को गुजरात विधानसभा में पर्यवेक्षक लगाया गया है, उनमें शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला, सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना, राजस्व मंत्री रामलाल जाट, खेल मंत्री अशोक चांदना और खनन एवं गौपालन मंत्री प्रमोद जैन भाया जैसे बड़े चेहरे शामिल है।

# अलवर के गोविंदगढ़ में मॉब लिंचिंग

**ट्रैक्टर चोरी के शक में सब्जी बेचनेवाले को बुरी तरह से पीटा, अस्पताल में मौत**

अलवर, 16 अगस्त (एजेंसियां)। अलवर में एक बार फिर मॉब लिंचिंग का मामला सामने आया है। जिले के गोविंदगढ़ कस्बे के रामबास गांव में चिरंजीलाल (45) की एक समुदाय के 20-25 लोगों ने 14 अगस्त को बुरी तरह से पिटाई की थी, सोमवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

वह रविवार सुबह करीब 5 बजे घर के पास खेत में टॉयलेट करने गया था। इस दौरान स्कॉर्पियो और पिकअप में सवार होकर आए 20-25 लोगों ने खेत में ही उसे बेरहमी से पीटा। चीख-पुकार सुनकर लोग भागकर खेत में पहुंचे तो चिरंजीलाल वहां अधमरा पड़ा था। आरोपी भी वहीं खड़े थे और चिरंजीलाल पर ट्रैक्टर चोरी का आरोप लगा रहे थे।

फिर आरोपियों ने ही पुलिस को सूचना देकर मौके पर बुलाया। गोविंदगढ़ पुलिस सुबह करीब 6.30 बजे पहुंची तो आरोपियों और ग्रामीणों में बहस होती रही। पुलिस ने घायल को गोविंदगढ़ सीएचसी पहुंचाया, जहां से चिरंजीलाल को सुबह 9 जयपुर रेफर कर दिया गया।

यहीं सोमवार शाम 3 बजे चिरंजीलाल की मौत हो गई।

# जालोर मुद्दे पर बीजेपी विधायक का पार्टी-लाइन से अलग बयान

**जोगेश्वर गर्ग बोले- दलित छात्र को मटके से पानी पीने की वजह से नहीं मारा**




जयपुर, 16 अगस्त (एजेंसियां)। जालोर में दलित स्कूली छात्र की मौत के मुद्दे पर बीजेपी विधायक जोगेश्वर गर्ग ने पार्टी लाइन से अलग हटकर बयान देते हुए कहा- दलित छात्र को मटके से पानी पीने की वजह से नहीं मारा गया है। वह दलित मेघवाल समाज से है इसलिए भी नहीं मारा गया है।

स्कूल टीचर की मारपीट से 9 साल के मासूम बच्चे इंद्र मेघवाल की मौत के कारणों पर जालोर विधायक ने ही सवाल खड़े कर दिए हैं कि मामले पर बहुत राजनीति हो रही है। बीजेपी विधायक दल के सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा- क्या मारपीट इसलिए हुई कि उस बच्चे ने पानी पी लिया था या इसलिए हुई कि वो मेघवाल था। ऐसा है कि नहीं पहले ये साफ होने देना चाहिए, उसके बाद ही कोई राय देनी चाहिए। विधायक ने कहा मेरी जानकारी के अनुसार जिस स्कूल में घटना हुई उस प्राइवेट स्कूल में दो पार्टनर हैं। एक राजपूत और एक मोची है। वहां के स्टाफ में आधे से ज्यादा टीचर एससी-एसटी के हैं। मेघवाल,मोची और भील भी हैं। वहां के आधे के लगभग बच्चे एससी-एसटी के हैं।

विधायक जोगेश्वर गर्ग ने कहा गांव के लोगों और अलग-अलग समुदायों के लोगों से भी बात की है।

# कर्नाटक हिंसा में राजस्थान के युवक पर जानलेवा हमला

**साथी बोला- भीड़ में शामिल एक दंगाई ने पेट में घोंप दिया चाकू**

जयपुर, 16 अगस्त (एजेंसियां)। कर्नाटक के शिवमोगा शहर में सोमवार को पोस्टर लगाने को लेकर हुए विवाद के बाद वीर सावरकर और टीपू सुल्तान समर्थक भिड़ गए। हिंसा में एक राजस्थानी युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। फिलहाल युवक शिवमोगा के हॉस्पिटल के आईसीयू वार्ड में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है।

घायल युवक प्रेमसिंह (20) बाड़मेर के गंगासर का रहने वाला है। वह वहां कपडे.की दुकान में काम करता है। बवाल के बाद जब वह अपने दोस्तों के साथ दुकान बंद कर भाग रहा था, तभी उस पर अचानक हमला हो गया। लोगों ने उसे संभाला।

**हालत गंभीर, आईसीयू में भर्ती**

जब हमलावर भागे तो प्रेमसिंह ने ही दुकान मालिक कुशालराम को कॉल कर घटना के बारे में बताया। प्रेम सिंह को मेघना सरकारी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां उसका ऑपरेशन किया गया है। अभी भी उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। वह आईसीयू वार्ड में ही एडमिट है। फिलहाल कई मंत्री और नेता हॉस्पिटल पहुंच रहे हैं।

जसवंत सिंह ने बताया कि प्रेम सिंह बेहद गरीब परिवार से है। घर में इकलौता कमाने वाला है। पिता उत्तम सिंह गांव में ही खेती करते हैं। परिवार में मां लक्ष्मी कंवर के अलावा एक छोटे भाई और दो बहनों की जिम्मेदारी भी प्रेम सिंह पर ही है। इसके चलते ही वह घर से दूर यहां दुकान पर रहकर मजदूरी कर रहा है।

**पोस्टर लगाने को लेकर हुआ था विवाद**

दरअसल, सोमवार को शिमोगा के अमीर अहमद सर्किल में हिंदू संगठन के लोगों ने वीर सावरकर का पोस्टर लगाया था। इसके बाद टीपू सुल्तान सेना ने विरोध किया और अपना झंडा लेकर पहुंच गए।

# योग केवल निरोग नहीं, बल्कि हमारी कार्यक्षमता भी बढ़ाता है : साध्वी त्रिशलाकुमारी

## तेरापंथ भवन सिकंदराबाद में प्रेक्षा ध्यान शिविर का आयोजन किया गया



हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेरापंथी सभा के तत्वावधान में आचार्य श्री महाश्रमण जी की विदुषी शिष्या साध्वी श्री त्रिशलाकुमारीजी के पावन सान्निध्य में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 'कैसे हम अपने को सुखी एवं स्वस्थ रखें' पर प्रेक्षाध्यान शिविर का आयोजन किया गया। प्रथम सत्र में योग का सधन प्रशिक्षण दिया गया। थायराइड और सरर्वाइकल को दूर करने के बहुत ही सुंदर प्रयोग साध्वी श्री कल्पयशाजी ने बताए। साध्वी जी ने कहा योग हमें केवल निरोग भी नहीं करता है बल्कि हमारी कार्यक्षमता को भी बढ़ाता है। आज के युग में योग करना बहुत जरूरी है। दूसरे सत्र में साध्वी श्री रश्मिप्रभा जी ने अनित्य अनुप्रेक्षा का प्रयोग करवाते हुए कहा यदि आप आसक्ति को कम करना चाहते हैं और वैराग्य को बढ़ाना चाहते हैं तो अनित्य अनुपेक्षा एक बहुत ही कारगर उपाय है। प्रेक्षाध्यान अपने आपको देखने की सुंदरतम पद्धति है। जीवन के लिए खाना जितना जरूरी है उससे हमारा श्वास लेना कहीं ज्यादा जरूरी होता है क्योंकि कहा गया है जब तक श्वास है तब तक आश है। यदि हमारा श्वास सही नहीं है तो हमारा जीवन का रथ कभी भी गड़बडा सकता है। एक स्वस्थ जीवन शैली के लिए श्वास का सही होना बहुत जरूरी है। साध्वी श्री संपत्ति प्रभा जी ने जप योग का सुंदर प्रयोग कराया। साध्वी कल्पयशाजी व साध्वी रश्मि प्रभा जी ने स्वस्थ रहने के बहुत सुंदर टिप्स बताये। नविता नाहटा ने प्रेक्षा ध्यान की प्रारंभिक जानकारी दी। साध्वी श्री जी की प्रेरणा पाथेय के साथ शिविर का समापन हुआ। शिविर के सफलतम आयोजन में सभा के सहमंत्री धर्मेंद्र चोराडिया, हुक्मीचंद कोटेचा, निर्मल बेंगानी, महेंद्र सुराणा, अरिहंत गुजरानी, प्रकाश दफ्तरी, खुशहाल भंसाली आदि ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# एलआईसी द्वारा 76वें स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित




हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा 76वें स्वतंत्रता दिवस समारोह को संभागीय कार्यालय परिसर, सैफाबाद, हैदराबाद में क्षेत्रीय प्रबंधक एम जगन्नाथ द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस पर संबोधित करते हुए अंचल प्रबंधक एम. जगन्नाथ ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में इस वर्ष समारोह विशेष है क्योंकि सरकार हर घर तिरंगा का आह्वान कर रही है। उन्होंने कहा कि एलआईसी ने कॉल को आगे बढ़ाया है और सभी स्थानों पर कर्मचारियों, एजेंटों और ग्राहकों को झंडे उपलब्ध कराए हैं। इस उत्सव की भावना सभी के लाभ के लिए सामूहिक रूप से भाग लेना और देश को मजबूत करना है। कार्यक्रम में विद्यानंद झा, क्षेत्रीय प्रबंधक (ई एंड ओएस), साईनाथ, क्षेत्रीय प्रबंधक (सीआरएम), मुरलीदार, क्षेत्रीय प्रबंधक (विपणन), के. कमुल राज, क्षेत्रीय प्रबंधक (पी एंड आईआर), राजीव विश्वास, सीनियर मंडल प्रबंधक, हैदराबाद उपस्थित थे।

# हिंदी महाविद्यालय ने मनाया स्वतंत्रता दिवस





हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हिन्दी महाविद्यालय ने 75वें स्वतंत्रता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हिन्दी महाविद्यालय के एनसीसी के छात्रों द्वारा प्रदर्शित परेड से हुआ। परेड का निरीक्षण मुख्य अतिथि के रूप में पधारी समाजसेविका श्रीमती भगवती महेश बल्देवा तथा समिति के पदाधिकारीगणों तथा प्राचार्य डॉ. अविनाश जायसवाल ने किया। उप-प्राचार्य डॉ. बी. श्रीदेवी तथा प्रवक्ता कु. लहरी द्वारा राष्ट्रगीत वंदेमातरम प्रस्तुत किया गया।

मुख्यातिथि तथा समिति के पदाधिकारीगणों ने मिलकर झंडा रोहण किया। इसके उपरांत डॉ. रजनी धारी ने सभी को राष्ट्र के प्रति प्रतिज्ञाबद्ध कराया।

संस्थाध्यक्ष कमलनारायण अग्रवाल ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दीं। मानदमंत्री लक्ष्मीनिवास शर्मा ने सभी को राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा दी। उपाध्यक्ष श्री श्यामसुंदर मूंदड़ा तथा कोषाध्यक्ष एसबी काबरा भी इस अवसर पर उपस्थित थे।



अशोक नगर सांस्कृतिक कल्याण संगठन द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में बतौर अतिथि उपस्थित प्रेरणा सामाजिक संस्था की संस्थापिका पूजा गुप्ता व अन्य।



टीएसआरटीसी अफजलगंज द्वारा आयोजित सामूहिक राष्ट्रगान में भाग लेते हुए फतेमैदान डिपो के मैनेजर पीएस जाकिरहुसैन, सहायक प्रबंधक श्रीमती अरुणा, डी. साईदुलु, जतिन एसएमएन, बी. श्रीनिवासुलु व अन्य।



भूलक्ष्मी माता मंदिर, मुस्लिमगंज पुल स्थित भगत सिंह प्रतिमा के पास आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में भाग लेते हुए समाजसेवी गोविंद राठी, वरिष्ठ भाजपा नेता तथा गुजराती वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष जिग्नेश दोशी, वैकुंठम, बाबू गुरु व अन्य।




माथुर वैश्य इन्टरनेशनल हैदराबाद ग्रेटर द्वारा स्वतंत्रता दिवस एवं आजादी के अमृत महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में माथुर वैश्य इन्टरनेशनल हैदराबाद ग्रेटर की अध्यक्षा अरुणा गुप्ता, सचिव नीलम गुप्ता, आशा पनवरिया, मधू, मंजू, पिंकी, शशि, नूतन, तनिषा, पूजा, मीनू, श्वेता, सुनीता, वंदना, अंजलि आदि ने भाग लिया।

# सामूहिक राष्ट्रगान में शामिल होने रैली निकाली गई



हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सीएम केसीआर के आह्वान पर स्वतंत्र भारत वज्रोत्सव के तहत जीपीओ, आबिड्स में आयोजित सामूहिक राष्ट्रगान में भागलेने के लिए गोशामहल निर्वाचन क्षेत्र के लगभग 2000 लोगों की एक विशाल रैली वरिष्ठ टीआरएस नेता नंदकिशोर व्यास बिलाल के नेतृत्व में निकाली गई। इसमें बेगमबाजार संभाग के प्रभारी कु.पूजा व्यास बिलाल के साथ पार्टी नेता धनराज, आनंद सिंह, पी.अनीता, नरेंद्र यादव, पूनमशंकर, जयशंकर, शैलेश कूर्म, भबूत सिंह, किशोर सिंह राजपुरोहित, उदय सिंह, दिनेश सिंह, सुनील सिंह, अफजल आदि शामिल रहे।



पीस हाउस, ब्रह्मा कुमारीज़, हिमायतनगर, हैदराबाद सेवा केंद्र द्वारा 16 अगस्त 10 बज कर 30 मिनट पर सामूहिक राष्ट्रगान एवं अनेक देश भक्ति के गीतों के साथ भव्य रैली निकाली गई। इस रैली में मुख्यतः इस संस्था के सफ़ेद वस्त्रधारी विद्यार्थथर्यों एवं माताओं ने भाग लिया।

अवध चेतना मंच सोसाइटी द्वाराद्वारा आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम में भाग लेते हुए डीएस तिवारी, एसएम पाण्डेय, ओएन त्रिपाठी, जय प्रकाश शुक्ला, लल्लन तिवारी, धर्मेंद्र शुक्ला, शाश्वत मिश्रा, धर्मेंद्र शुक्ला, आरके सिंह, राहुल पाण्डेय, रोहित पाण्डेय, एम आर तिवारी, अजय कुमार पाण्डेय एवं अन्य।





एम.पी. बडवानी स्थित चूलगिरी 15वीं सदी के प्रसिद्ध जैन तीर्थ में बसी प्रथम तीर्थकर ऋषभदेवजी भगवान आदिनाथ की 52 गज ऊंची प्रतिमा के यात्रा प्रवास के दौरान दर्शन वंदन करते हुए सीरवी समाज कोरेमुला संरक्षक प्रभुराम परिहारियां, पूर्व सचिव भंवरलाल आगलेचा, तेजाराम परिहारियां, राजुराम मुलैवा, लाबुराम राठौड़, रामलाल, ब्रदीलाल मुकाती व अन्य।



सीरवी समाज एल.बी.नगर वेल्फेयर एसोशिएशन द्वारा स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर ध्वजा रोहण कार्यक्रम में उपस्थित अध्यक्ष जगदीशप्रसाद काग, वेनाराम चोयल, प्रकाश सेपटा, पदाधिकारी व समाज बन्धु।



तेलंगाना वैष्णव नवयुवक मंडल हैदराबाद-सिकंदराबाद द्वारा आयोजित आजादी के 75वाँ अमृत महोत्सव पर राष्ट्रगान के साथ झंडा रोहण कार्यक्रम में उपस्थित भंवरलाल अग्रवत, अध्यक्ष विष्णु रामावत, बाबुलाल टीलावत, पदाधिकारी व समाज बन्धु।



वनस्थलीपुरम स्थित जाट समाज ट्रस्ट द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में उपस्थित संरक्षक सोहनलाल बांगड़ा, बाबूलाल पूनिया, लिखमाराम खोखर, कैलाश सारण, गोविन्द खदाव, पन्नालाल बाबल व समाज बन्धु।

# मदनूर ग्राम पंचायत को बेस्ट ग्राम पंचायत अवार्ड दिया गया



मदनूर, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। आजादी के अमृत महोस्त्व के अवसर पर तेलंगाना सरकार ने मदनूर ग्राम पंचायत को बेस्ट ग्राम पंचायत अवार्ड की सूची नाम दर्ज करने के बाद कामरेड्डी जिला कलेक्टर पाटील, जिला परिषद अध्यक्ष दफेदार शोभा, जुक्कल विधायक शिंदे ने स्थानिक सरपंच सुरेश दरसवार, उप सरपंच विठ्ठल, ग्राम पंचायत सचिव संदीप, व चंद्रकांत को स्वतंत्र दिवस के अवसर पर इंदिरा गांधी स्टेडियम में सोमवार के दिन बेस्ट ग्राम पंचायत अवार्ड से सम्मानित किया गया।

विश्व जागृति मिशन हैदराबाद मंडल के तत्वावधान में आयोजित अमृत-महोत्सव में भाग लेते हुए मिशन के राष्ट्रीय प्रधान प्रेमसिंह राठौर, सुमेरसिंह राठौर, सज्जनलाल श्रीवास्तव, पी. रघुवीर, राजकुमार दायमा, डॉ. स्वरूपानंद नायक, श्रीमती मंजु नायक, श्रीमती सुदेश दत्ता, भरत सुत्रवे, श्यामराव बागाडे, भिक्षापति व अन्य।





एबिड्स न्यूजपेपर एजेंट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में भाग लेते हुए एस. कृष्णा, नितिन, धीरेंद्र, प्रवीण, रोहित, राजेंद्र प्रसाद व अन्य।



मदनूर में सार्वजनिक राष्ट्रगीत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय सरपंच सुरेश दरासवार, मंडल विकास अधिकारी, श्रीनिवास, पशु वैद्यकीय अधिकारी विजय बंडीवार, एसआई शिवकुमार के साथ बड़ी संख्या में जनता व छात्र अधिकारी उपस्थित थे।

# इरिसेट संस्थान में 76वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया



हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय रेल सिगनल इंजीनियरी और दूरसंचार संस्थान (इरिसेट) सिकंदराबाद ने अपने परिसर में 76 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। सुधीर कुमार, महानिदेशक / इरिसेट ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। आज़ादी के अमृत महोत्सव के तहत महानिदेशक ने सप्ताह की शुरुआत में सभी कर्मचारियों को "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु सभी कर्मचारियों को राष्ट्रीय ध्वज वितरित किये।

सुधीर कुमार ने प्रमुख हितधारकों को प्रभावी प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए शिक्षण की नई रणनीतियों और विधियों को विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। बाद में महानिदेशक ने परेड की सलामी ली। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षार्थियों, संकाय सदस्यों तथा कर्मचारियों द्वारा देशभक्ति के गीत और रंगारंग नृत्य आदि प्रस्तुत किए गए।



न्यूजपेपर हॉकर्स एसोसिएशन एबिड्स द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में भाग लेते हुए सेक्रेटरी और विनायक, अर्जुन सिंह, रवि कुमार व अन्य।



आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर तेलंगाना गुरुकुला छात्र वास पाठशाला के विद्यार्थियों को ईनानी व सारडा परिवार के और से छात्रों को पारितोषिक दिया गया।

# आईसीसी महिला एफ़टीपी

## 2025 तक कुल 301 मैच खेलेंगी महिला टीमें भारत के 65 मैच, दो टेस्ट भी खेलेगी टीम इंडिया

नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। आईसीसी ने साल 2022 से 2025 तक के लिए महिला क्रिकेट का शेड्यूल जारी कर दिया है। इसकी शुरुआत इसी साल मई के महीने से हो चुकी है और 2025 में भारत में होने वाले महिला विश्व कप के साथ यह खत्म होगा। इस दौरान तीन साल में कुल 301 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे। इसमें सात टेस्ट 159 टी20 और 135 वनडे मैच शामिल हैं। भारत में होने वाले महिला विश्व कप में जगह बनाने के लिए महिला चैंपियनशिप के मैच में भी इसका हिस्सा होंगे। इस दौरान भारतीय टीम कुल 65 मैच खेलेगी, जिसमें दो टेस्ट, 27 वनडे और 36 टी20 मैच शामिल हैं। भारत को एक टेस्ट ऑस्ट्रेलिया और एक इंग्लैंड के खिलाफ खेलना है। आईसीसी ने जो शेड्यूल जारी किया है, उसमें मई के मैच भी शामिल हैं।



इस वजह से भारतीय टीम अब तक तीन वनडे और तीन टी20 मैच पहले ही खेल चुकी है।

**इन देशों की मेजबानी करेगा भारत**

इस दौरान भारत न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और आयरलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज खेलेगा। वहीं, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, श्रीलंका और बांग्लादेश का दौरा करेगा। हालांकि, इनमें से श्रीलंका के खिलाफ सीरीज हो चुकी है।

**अगले साल भारत आएगी ऑस्ट्रेलियाई टीम**

ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम 2023-24 की गर्मियों के दौरान एक बार फिर भारत का दौरा करेगी। इस दौरान एक टेस्ट, तीन एकदिवसीय और तीन टी20 मेच खेले जाएंगे। वहीं, भारतीय महिला टीम 2025 की सर्दियों में ऑस्ट्रेलिया जाकर तीन वनडे और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। 2022 से 2025 के बीच महिला क्रिकेट में होने वाले सात टेस्ट में से, इंग्लैंड सबसे अधिक पांच टेस्ट खेलेगा। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया (चार), दक्षिण अफ्रीका (तीन) और भारत (दो) टेस्ट मैच खेलेगा। आईसीसी के क्रिकेट महाप्रबंधक वसीम खान ने एक बयान में कहा, ₹यह महिलाओं के खेल के लिए बहुत अहम समय है। यह शेड्यूल न केवल भविष्य के क्रिकेट दौरों के लिए निश्चितता देता है बल्कि एक संरचना के लिए आधार भी तैयार करता है जो आने वाले वर्षों में विकसित होना है।

आईसीसी के अनुसार, 2022-25 महिला चैम्पियनशिप में टीमें आमतौर पर 2025 विश्व कप से पहले तीन मैचों की द्विपक्षीय एकदिवसीय श्रृंखला खेलेंगी। इनमें से कई श्रृंखलाओं के साथ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी होंगे, कुछ टीमें पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए अपनी सहमति भी दे रही हैं। आईसीसी ने अपने बयान में कहा, ₹सभी द्विपक्षीय टी20 मैच संबंधित टीम रैंकिंग में गिने जाते हैं, जिसके आधार पर टीमें आईसीसी के टूर्नामेंट में जगह बनाती हैं।

# जिम्बाब्वे दौरे में चोटिल सुंदर की जगह लेंगे शहबाज

## टीम इंडिया में मौका मिला, 18 अगस्त को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में पहला मुकाबला खेलेंगे




मुंबई, 16 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा के स्पिन ऑलराउंडर शहबाज अहमद को जिम्बाब्वे दौरे के लिए टीम इंडिया में शामिल किया गया है। वे चोटिल वाशिंगटन सुंदर की जगह लेंगे। एक काउंटी मैच के दौरान वाशिंगटन सुंदर के कंधे में चोट लगी है।

28 साल के शहबाज लेफ्ट ऑर्म स्पिनर होने के साथ-साथ पावर हिटर भी हैं। वे आईपीएल में आरसीबी का हिस्सा हैं।

बीसीसीआई ने बुधवार को बताया कि शहबाज हरारे स्पोर्ट्स क्लब में 18 अगस्त को पहले वनडे मुकाबले में टीम इंडिया का हिस्सा होंगे। बोर्ड ने दौरे के लिए टीम भी घोषित की है।

**अब टीम में दो लेफ्टी स्पिन ऑलराउंडर**

शहबाज के शामिल किए जाने से टीम इंडिया में अब 2 लेफ्टी स्पिन ऑलराउंडर हो गए हैं, क्योंकि अक्षर पटेल पहले से ही टीम का हिस्सा है। यहां बता दें कि रवींद्र जडेजा भी लेफ्टी स्पिन ऑलराउंडर हैं, लेकिन वे इस दौरे में टीम का हिस्सा नहीं हैं।

**टीम इंडिया प्रैक्टिस में जुटी**

टीम इंडिया जिम्बाब्वे पहुंच चुकी है। टीम के खिलाड़ी वहां प्रैक्टिस में जुटे हुए हैं। एक दिन पहले बोर्ड ने एक दिन पहले टीम के प्रैक्टिस करते हुए फोटो पोस्ट किए थे।

**आईपीएल-2022 में 219 रन बनाए**

बाएं हाथ के ऑलराउंडर शहबाज ने आईपीएल - 2022 में अपनी बल्लेबाजी से सभी को प्रभावित किया है। उन्होंने 120.99 की स्ट्राइक रेट से 219 रन बनाए हैं। शहबाज ने लीग के 29 मैचों में 279 रन बनाए हैं। साथ 13 विकेट भी लिए हैं।

**नई टीम**

केएल राहुल (कप्तान), शिखर धवन (उपकप्तान), रुतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, ईशान किशन, संजू सैमसन, शार्दुल ठाकुर, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, आवेश खान, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, दीपक चाहर, शहबाज अहमद।

# फीफा ने भारतीय फुटबॉल संघ को सस्पेंड किया

## अक्टूबर में होने वाला अंडर-17 विमेंस वर्ल्ड कप भी टला, भारत से मेजबानी छीनी जा सकती है

नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। फीफा ने ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआइएफएफ) को तुरंत प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। इस वजह से अब भारत में 11 से 30 अक्टूबर के बीच होने वाले फीफा अंडर-17 विमेन वर्ल्ड कप नहीं हो सकेगा। हालांकि फीफा ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि वर्ल्ड कप कब करवाया जाएगा।



सुप्रीम कोर्ट ने स्पोर्ट्स कोड के उल्लंघन पर AIFF के अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल को हटाया था

**फीफा एआइएफएफ में दखल से नाराज**

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर एआइएफएफ के अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल को हटाकर कमेटी ऑफ एडमिनिस्ट्रेटर्स (सीओए) का गठन किया था। लेकिन फीफा ने नाराजगी जताते हुए कहा कि वह थर्ड पार्टी के हस्तक्षेप को नहीं मानता। वह युवा एवं खेल मंत्रालय के संपर्क में भी है। उम्मीद है कि जल्द ही मामले को सुलझा लिया जाएगा।

दरअसल पिछले कुछ महीनों से एआइएफएफ में ठीक-ठाक नहीं चल रहा है। इसी साल सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर खेल मंत्रालय ने फुटबॉल फेडरेशन के अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल को स्पोर्ट्स कोड के उल्लंघन पर हटा दिया था और फेडरेशन को सस्पेंड कर दिया था। साथ ही खेल के संचालन के लिए कमेटी ऑफ एडमिनिस्ट्रेटर्स (सीओए) का गठन किया। वहीं, 28 अगस्त तक चुनाव के आदेश दिए हैं।

वहीं, फीफा ने फेडरेशन में थर्ड पार्टी के हस्तक्षेप की वजह से एआइएफएफ को सस्पेंड करने का फैसला किया है। साथ ही चेतावनी दी है कि जल्द ही हस्तक्षेप बंद नहीं हुआ तो भारत से फीफा अंडर-17 विमेन वर्ल्ड कप के आयोजन को भी छीना जा सकता है।

**प्रफुल्ल पटेल 2009 से फेडरेशन के अध्यक्ष**

सुप्रीम कोर्ट ने कुछ महीने पहले ही ऑल इंडिया फुटबॉल संघ के अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल को स्पोर्ट्स कोड के पालन नहीं करने की वजह से उन्हें हटाने के साथ ही एआइएफएफ को सस्पेंड कर उसकी जगह पर कमेटी ऑफ एडमिनिस्ट्रेटर्स (सीओए) का गठन कर दिया था।

पटेल 2009 से एआइएफएफ के अध्यक्ष थे। भारत के स्पोर्ट्स कोड के अनुसार कोई भी व्यक्ति 3 बार से ज्यादा अध्यक्ष नहीं बन सकता। पटेल ने खुद को अध्यक्ष पद से हटाए जाने के बाद एक याचिका दायर करके मांग भी की थी कि जब तक नए संविधान को स्वीकार नहीं कर लिया जाता और नए अध्यक्ष को नहीं चुना जाता तब तक उनके कार्यकाल को बढ़ा दिया जाए, लेकिन कोर्ट ने उनकी मांग को ठुकराते हुए, फुटबॉल के कामकाज को देखने के लिए एक कमेटी ऑफ एडमिनिस्ट्रेटर्स (सीओए) का गठन कर दिया।

कमेटी ऑफ एडमिनिस्ट्रेटर्स के अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज सीओए में सुप्रीम कोर्ट के ही पूर्व जज एआर दवे इस कमिटी के अध्यक्ष हैं। इसके अलावा, पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी और भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान भास्कर गांगुली भी इसमें शामिल हैं।

# पांच खिलाड़ी जिन पर रहेगी जिम्बाब्वे सीरीज में नजर

## एशिया कप से पहले आवेश और अर्शदीप का टेस्ट कुलदीप- ईशान को दिखाना होगा दम

नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। टीम इंडिया जिम्बाब्वे के दौरे पर है। केएल राहुल की कप्तानी में भारतीय टीम यहां वनडे सीरीज खेलने जा रही है। इसके लिए भारत ने कई युवा खिलाड़ियों को टीम में जगह दी है। भारत ने जिम्बाब्वे में अब तक 23 वनडे मैच खेले हैं। इस दौरान टीम ने 19 मुकाबलों में जीत हासिल की है, जबकि सिर्फ 4 मैचों में हार का सामना किया है। यहां भारत ने




आखिरी वनडे सीरीज 2016 में खेली थी। इस दौरान भारत ने 3-0 से जीत दर्ज की थी।

भारतीय टीम के नियमित कप्तान रोहित शर्मा से लेकर विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव और ऋषभ पंत जैसे खिलाड़ियों को इस सीरीज में आराम दिया गया है। ऐसे में युवा खिलाड़ियों के पास खुद को साबित करने का मौका है। ईशान किशन और कुलदीप यादव जैसे खिलाड़ी इस सीरीज में अच्छा प्रदर्शन कर टीम इंडिया में अपना दावा मजबूत कर सकते हैं। ऐसे में आइए हम आपको बता रहे हैं कि जिम्बाब्वे सीरीज में किन पांच खिलाड़ियों पर सभी की निगाह रहेगी।

5. दीपक चाहर

लंबे समय बाद भारतीय टीम में वापसी कर रहे दीपक चाहर से इस सीरीज में टीम इंडिया को बहुत उम्मीद होगी। चोट के कारण ये खिलाड़ी आईपीएल 2022 में चेन्नई सुपर किंग्स की टीम का भी हिस्सा नहीं था। दीपक को एशिया कप 2022 के लिए भी टीम इंडिया में स्टैंडबाय



के तौर पर रखा गया है, ऐसे में केएल राहुल की कप्तानी में वह प्लेइंग 11 में खेलते दिखाई दे सकते हैं। 29 साल के दीपक को फरवरी में वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत की टी-20 सीरीज के दौरान चोट लग गई थी।



शुरुआती ओवरों में अपनी स्विंग गेंदबाजी से विकेट निकालने वाले दीपक बल्ले से भी अच्छा योगदान दे सकते हैं। नवंबर में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भी दीपक इस सीरीज में अच्छा प्रदर्शन कर अपना दावा मजबूत करना चाहेंगे।

4. कुलदीप यादव

एशिया कप 2018 में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले कुलदीप यादव को 2022 के इस मेगा टूर्नामेंट में टीम का हिस्सा तक नहीं बनाया गया है। 2018 के एशिया कप में कुलदीप ने 6 मैच में 10 विकेट



झटके थे। इस बार उनकी जगह रवि बिश्नोई को मौका मिला है। ऐसे में जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज में कुलदीप को खुद को साबित करने का मौका है। युजवेंद्र चहल के टीम में ना होने से उन्हें सभी मैचों में मौका मिल सकता है। वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में भी कुलदीप को ज्यादा मौके नहीं मिले थे। नवंबर में टी-20 वर्ल्ड कप ऑस्ट्रेलिया में खेला जाना है। वहां के ग्राउंड बड़े होते हैं। ऐसे में कुलदीप जैसे गेंदबाज को बड़े शॉट लगाना किसी भी बल्लेबाज के लिए आसान नहीं होगा। इस सीरीज में अगर कुलदीप अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो चयनकर्ता उन्हें आगे भी मौका दे सकते हैं।

3. ईशान किशन

कुछ दिन पहले तक रोहित शर्मा



के साथ पारी की शुरुआत करने वाले ईशान किशन को भी एशिया कप में मौका नहीं दिया गया है। जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज में भी केएल राहुल और शिखर धवन के होते हुए उनकी जगह प्लेइंग इलेवन में कितनी पक्की है, ये देखना दिलचस्प होगा।

# एशिया कप में 4 पाकिस्तानियों से भारत को खतरा

## बाबर हैं नंबर-1 बल्लेबाज, अफरीदी ने वर्ल्ड कप में टीम इंडिया के टॉप ऑर्डर को रौंद दिया था




नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। एशिया कप में भारत-पाकिस्तान महामुकाबले के लिए महज 13 दिन बाकी हैं। इसे कोहली-बाबर राइवलरी के तौर पर देखा जा रहा है। 28 अगस्त को दुबई में होने वाले इस मुकाबले में टीम इंडिया पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप में मिली करारी हार का बदला लेने के इरादे से उतरेगी, लेकिन पाकिस्तान के कुछ खिलाड़ी ऐसे हैं जो भारतीय टीम के इरादों पर पानी फेर सकते हैं। तो आइए जानते हैं उन 4 पाकिस्तानी क्रिकेटर्स के बारे में जो अपने दम पर किसी भी मैच का रुख पलटने का माद्दा रखते हैं।

1. बाबर आजम

पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम अपने बल्ले से भारत के खिलाफ मैच में बड़ा अंतर पैदा कर सकते हैं। वे वर्तमान में टी-20 और वनडे क्रिकेट में दुनिया के नंबर-1 बल्लेबाज हैं। 2021 की बात करें तो बाबर ने 127.58 के स्ट्राइक रेट से 939 रन स्कोर किए हैं। उनके बल्ले से एक शतक और 9 अर्धशतक आए हैं। वहीं, भारत के खिलाफ इस खिलाड़ी ने एकमात्र टी-20 मैच खेला है और इस मैच में उनके बल्ले से 68 रन की पारी निकली है। भारत के खिलाफ उनका स्ट्राइक रेट 130.76 का है। भारतीय गेंदबाजों को इस खिलाड़ी को जल्द से जल्द आउट कर पवेलियन भेजना होगा।

2. शाहीन अफरीदी

कप्तान बाबर आजम के बाद टीम इंडिया की दूसरी बड़ी चिंता शाहीन अफरीदी हैं। इस युवा गेंदबाज में नई गेंद से विकेट निकालने की काबिलियत है।




वर्ल्ड कप 2021 में अफरीदी ने ओपनर केएल राहुल, रोहित शर्मा और विराट कोहली के विकेट चटकाते हुए टीम इंडिया के टॉप ऑर्डर को तहस-नहस कर दिया था।

22 साल के अफरीदी टेस्ट और वनडे रैंकिंग में दुनिया के दूसरे




नंबर गेंदबाज हैं। हालांकि, टी-20 के टॉप-10 गेंदबाजों में उनका नाम नहीं है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाजों के खिलाफ भारतीय बल्लेबाज पिछले कुछ सालों से लगातार संघर्ष करते नजर आए हैं। ऐसे में शाहीन से पार पाना भारतीय बल्लेबाजों के लिए मुश्किल हो सकता है।

3. मोहम्मद रिजवान

टी-20 फॉर्मेट में दुनिया के टॉप-3 बैटर में शामिल 30 साल के मोहम्मद रिजवान ने टी-20 वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ बाबर आजम के साथ मिलकर 152 रन की साझेदारी की थी। भुवनेश्वर कुमार, मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा जैसे शानदार गेंदबाज भी इस पार्टनरशिप को तोड़ नहीं पाए थे। दुबई के मैदान पर रिजवान ने 55 गेंदों पर 143.64 के स्ट्राइक रेट से नाबाद 79 रन बनाए थे।

रिजवान ने पिछले साल टी-20 क्रिकेट में 26 पारियों में 73.66 की औसत से 1326 रन बनाए थे और एक साल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने थे। इतना ही नहीं रिजवान के पास




पारी को संभालने और कभी भी रन गति में बदलाव करने की काबिलियत है जो उन्हें खतरनाक बना देती है।

4. फखर जमान

बाएं हाथ के बल्लेबाज फखर जमान भी भारत के लिए मुश्किलें पैदा कर सकते हैं। 5 साल पहले चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भारत के खिलाफ फखर जमान ने सेंचुरी जमाई थी और पाकिस्तान के 338 रनों के स्कोर में बड़ा योगदान दिया था। इस मुकाबले में टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा था।

32 साल के फखर ग्राउंडेड शॉट खेलने में भरोसा रखते हैं। पिछले साल उनके बल्ले से 415 रन आए हैं। इनमें तीन अर्धशतक शामिल हैं।

# राफेल नडाल ने की संन्यास का एलान कर चुकीं सेरेना विलियम्स की तारीफ

## कहा- महानतम खिलाड़ियों में से एक

नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। 23 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सेरेना विलियम्स ने नौ अगस्त को बताया था कि वह यूएस ओपन के बाद टेनिस से संन्यास ले लेंगी। इसके बाद से उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देने वालों की कतार लगी हुई है। इनमें



स्पेन के राफेल नडाल भी शामिल हो गए हैं। सबसे ज्यादा 22 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले पुरुष खिलाड़ी नडाल ने सेरेना को प्रेरणा और महानतम खिलाड़ियों में से एक बताया।

सेरेना 2022 में से तीन में से दो मैच हार चुकी हैं। सिनसिनाटी मास्टर्स में उनका मुकाबला ब्रिटेन की एम्मा रादुकानू से होगा। यूएस ओपन से पहले उनका यह अंतिम डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट होगा। नडाल ने कहा, "उनके साथ कई यादें जुड़ी हैं। वह अब तक की सबसे महान खिलाड़ियों में से एक हैं। मैं उनके साथ लंबी अवधि साझा करने के लिए खुद को भाग्यशाली मानता हूं।"

टेनिस में सेरेना के योगदान को याद करते हुए नडाल ने कहा, बेशक, यह दुखद है कि वह खेल छोड़ रही हैं, लेकिन दूसरी ओर हम उन्हें उन सभी चीजों के लिए पर्याप्त धन्यवाद नहीं दे सकते जो उन्होंने हमारे खेल के लिए किए हैं। मुझे लगता है कि वह दुनिया भर के बहुत से लोगों के लिए एक अद्भुत प्रेरणा है। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं।

विलियम्स लंबे समय से अपने पुराने अंदाज में टेनिस नहीं खेल रही हैं। इसके अलावा वह लगातार टेनिस टूर्नामेंट भी नहीं खेल रही हैं।

# केविन ओ'ब्रायन का संन्यास

## वर्ल्ड कप में सबसे तेज शतक लगाने वाले आयरलैंड के क्रिकेटर ने लिया संन्यास, आईसीसी ने कहा- एक युग का अंत



नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। आयरलैंड के महान क्रिकेटरों में से एक केविन ओब्रायन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। 38 साल के स्टार ऑलराउंडर ने अपनी ट्विटर अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए अपने फैसले की जानकारी दी। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा कि वह 16 साल के अपने करियर से संन्यास ले रहे हैं। उन्होंने टीम मैनेजमेंट के फैसले पर निराशा जाहिर करते हुए कहा कि वह ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आगामी टी20 वर्ल्ड कप में खेलने के बाद ऐसा करना चाहते थे, लेकिन पिछले एक साल से चयनकर्ताओं द्वारा नजरअंदाज करने के बाद उन्होंने अपने करियर को खत्म करने का फैसला किया।

केविन ओब्रायन ने 22 साल की उम्र मे 2006 में आयरलैंड के लिए डेब्यू किया था। इसके बाद से वह टीम का अहम हिस्सा रहे।

# झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अमिताभ चौधरी का निधन, हार्ट अटैक बताई जा रही वजह

रांची, 16 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) के पूर्व अध्यक्ष और झारखंड पब्लिक सर्विस कमिशन (जेपीएससी) के पूर्व चेयरमैन अमिताम चौधरी का मंगलवार सुबह निधन हो गया। वह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) में भी अहम रोल अदा कर चुके हैं। वह बीसीसीआई में कार्यकारी सचिव के पद पर रह चुके हैं। बीसीसीआई ने उनके निधन पर शोक जाहिर किया है।

न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक अमिताभ का निधन हार्ट अटैक की वजह से हुआ। उन्हें रांची के ही सेंटेविटा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में ही उन्होंने



अंतिम सांस ली। वह 62 वर्ष के थे। अमिताभ चौधरी क्रिकेट टीम इंडिया के मैनेजर, राज्य सरकार के झारखंड कैडर के आईपीएस अधिकारी भी रह चुके हैं।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनके निधन पर दुख जताया है। हेमंत ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा- जेपीएससी के पूर्व अध्यक्ष श्री अमिताभ चौधरी जी के आकस्मिक निधन की दुखद खबर मिली।

पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ जी ने राज्य में क्रिकेट के खेल को बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोक संतप्त परिवार को दुख की घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

अमिताभ चौधरी की जन्म 6 जुलाई 1960 को हुआ था। उन्हें दो साल पहले जेपीएससी का अध्यक्ष चुना गया था। इसी साल पांच जुलाई को वह इस पद से रिटायर हुए थे। अमिताभ चौधरी झारखंड के वैसे चर्चित लोगों में शामिल थे जिन्होंने शासन, प्रशासन, क्रिकेट और राजनीति में एक अलग पहचान बनाई। 1985 में आईआईटी खड़गपुर से इंजीनियरिंग करने के बाद वह यूपीएससी की परीक्षा पास करने के बाद बिहार कैडर के आईपीएस बने।

# सामूहिक राष्ट्रगान के दौरान एक मिनट के लिए ठहर गया तेलंगाना

## कई मंत्री के साथ राष्ट्रगान में शामिल हुए मुख्यमंत्री केसीआर



हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। देश के 75वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के हिस्से के रूप में तेलंगाना सरकार ने मंगलवार को भारत की स्वतंत्रता हीरक जयंती समारोह का भव्य स्तर पर आयोजन किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने पूरे राज्य में सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गायन का आयोजन किया। जैसे ही घड़ी 11.30 बजे हुई, सभी जंक्शनों पर ट्रैफिक लाइट लाल हो गई। इसी दौरान सड़कों से गुजरने वालों के साथ ही सभी लोग राष्ट्रगान के सामूहिक गायन में शामिल हुए। मुख्यमंत्री केसीआर ने स्वतंत्र भारत वज्रोत्सवलु कार्यक्रमों के तहत मंगलवार को एबिड्स जीपीओ सर्कल में राष्ट्रगान के सामूहिक पाठ में भाग लिया। भारतीय स्वतंत्रता समारोह के 75 वर्षों के हिस्से के रूप में, तेलंगाना सरकार ने लोगों से राज्य भर में राष्ट्रगान के सामूहिक पाठ में भाग लेने की अपील की थी। तदनुसार, कार्यक्रम में भाग लेने के लिए लोग बड़ी संख्या में एबिड्स में पहुंचे। ठीक 11.30 बजे जैसे ही सायरन बजाया गया, मुख्यमंत्री ने मंत्रियों श्रीनिवास गौड़, प्रशांत रेड्डी, तलसानी श्रीनिवास यादव, विधायक, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्वतंत्र भारत वज्रोत्सव समिति के अध्यक्ष के केशव राव के साथ राष्ट्रगान गाया। इसी तरह, लोगों ने राज्य भर के सभी प्रमुख जंक्शनों पर राष्ट्रगान का पाठ किया। राष्ट्रगान के गायन के दौरान सभी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, सार्वजनिक और निजी प्रतिष्ठानों, शॉपिंग मॉल, सिनेमा थिएटर और यहां तक कि यातायात का कामकाज ठप रहा। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए केशव राव ने कहा कि राज्य सरकार स्वतंत्र भारत वज्रोत्सव का भव्य तरीके से आयोजन कर रही है। उन्होंने कहा कि कवि सम्मेलन, लोक कलाकारों की प्रस्तुति, रवींद्र भारती और अन्य स्थानों पर मुशायरे होंगे और बुधवार को कम से कम 75 रक्तदाताओं के साथ राज्य भर में रक्तदान शिविर होंगे। इन कार्यक्रमों के अलावा गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को रंगोली प्रतियोगिताएं, स्वतंत्रता खेल और खेल प्रतियोगिताएं और फल और मिठाई का वितरण होगा। राष्ट्रगान के दौरान एबिड्स में पुलिस ने बंदोबस्त का व्यापक बंदोबस्त किया। राज्य की राजधानी के कई मुख्य मार्गों पर, छात्रों ने मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों के साथ राष्ट्रगान के सामूहिक गायन में भाग लिया। सभी ट्रैफिक जंक्शनों पर ट्रैफिक पुलिस ने एक मिनट रेड सिग्नल की व्यवस्था की। जिलों में भी राष्ट्रगान समारोह का आयोजन बड़े पैमाने पर किया गया।

पूरे राज्य में लोगों ने एक ही समय में एक मिनट के लिए राष्ट्रगान गाया। इससे राज्य की राजधानी एक मिनट तक ठप रही। यहां तक कि नियत समय पर मेट्रो ट्रेनें भी ठप रहीं। सभी सार्वजनिक और निजी बसें, सभी प्रकार के मोटर वाहन एक मिनट के लिए ठहर हो गए और यात्रा करने वाली जनता राष्ट्रगान में शामिल हो गई। इस कार्यक्रम में यातायात जंक्शनों, बाजारों, कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, मॉल और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर गांवों और कस्बों के लोगों ने भाग लिया। सामूहिक गायन के लिए ग्राम पंचायतों, शहरी स्थानीय निकायों और अन्य स्थानों पर लोग एकत्र हुए। सरकारी कार्यालयों में कर्मचारी और स्कूल-कॉलेजों के छात्र भी पाठ में शामिल हुए। पूरे राज्य में देशभक्ति की लहर दौड़ गई। दो सप्ताह तक चलने वाले समारोह के हिस्से के रूप में, राज्य सरकार ने डोर-टू-डोर वितरण के माध्यम से राज्य भर में 1.2 करोड़ राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए थे। सरकार ने 563 सिनेमाघरों में स्कूली बच्चों के लिए रिचर्ड एटनबरो की फिल्म 'गांधी' की स्क्रीनिंग का भी आयोजन किया और फ्रीडम रन का आयोजन किया। वज्रोत्सव समिति के अध्यक्ष केशव राव ने लोगों से 22 अगस्त को एलबी स्टेडियम में आयोजित वज्रोत्सव के समापन समारोह को भव्य रूप से सफल बनाने की अपील की।

# देश हमेशा स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का ऋणी रहेगा: भागवत



हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राचकोंडा के सीपी महेश भागवत ने 16 अगस्त को 75 वें स्वतंत्रता दिवस 'डायमंड जुबली समारोह' के मद्देनजर उप्पल चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम राष्ट्रगान में भाग लिया है। इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए सीपी ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 75 वां स्वतंत्रता दिवस मनाना भारत के इतिहास में एक मील का पत्थर है। उन्होंने सभी को याद दिलाया कि हजारों स्वतंत्रता सेनानियों ने देश के लिए खून, पसीना बहाया और अपने प्राणों की आहुति दी। सीपी ने दोहराया कि राष्ट्र हमेशा स्वतंत्रता सेनानियों के अमर बलिदानों का ऋणी रहेगा। सीपी ने सभी नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस के स्वर्ण जयंती समारोह में सक्रिय रूप से भाग लेने और हर संभव तरीके से राष्ट्र निर्माण का हिस्सा बनने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में विधायक एलबी नगर सुधीर रेड्डी, डीसीपी सलीमा, सतीश वडलमणि, आरकेएससी महासचिव और राचकोंडा पुलिस कमिश्नरेट के अन्य अधिकारियों ने भाग लिया।

# देशभक्तों के बलिदान से मिली आजादी : इन्द्रकरण रेड्डी

## मंत्री ने सामूहिक राष्ट्रगान कार्यक्रम में भाग लिया



निर्मल, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। वन, पर्यावरण, न्याय और कानून विभाग के मंत्री इंद्रकरन रेड्डी ने मंगलवार को भारत के डायमंड सेलिब्रेशन के हिस्से के रूप में निर्मल पटना में मिनी टैंक बंड पर आयोजित राष्ट्रगान कार्यक्रम में भाग लिया। मंत्री अल्लोला इंद्रकरण रेड्डी ने कहा कि देश को आजादी कई देशभक्तों के बलिदान से मिली है। इससे पहले यह एनटीआर स्टेडियम में आयोजित किया गया था। मंत्री इंद्रकरन रेड्डी ने कलेक्टर के साथ छात्रों के साथ वज्रोत्सव समारोह में भाग लिया। बाद में मिनी टैंक बांड पर शांति कपोटम और तिरंगे गुब्बारों को हवा में फहराया गया। उसके बाद उन्होंने एनटीआर स्टेडियम से मिनी टैंक बांध तक राष्ट्रीय ध्वज के साथ आयोजित विशाल रैली में भाग लिया।

इस अवसर पर बोलते हुए, मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस महीने की 8 से 22 तारीख तक बड़े पैमाने पर स्वतंत्र भारतीय अमृत उत्सव का आयोजन कर रही है। उन्होंने कहा कि उन्हें आज ऐतिहासिक सामूहिक राष्ट्रगान कार्यक्रम में भाग लेकर प्रसन्नता हो रही है।

सामूहिक राष्ट्रगान कार्यक्रम में मंत्री इंद्रकरण रेड्डी के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष विजयलक्ष्मी, जिला प्रशासक मुशा ररफ फारूकी, एसपी प्रवीण कुमार, अतिरिक्त कलेक्टर हेमंत बोरकड़े, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, छात्र और अन्य ने भाग लिया।

# रेल राज्य मंत्री ने जालना रेलवे स्टेशन पर सौ फीट लंबा राष्ट्रीय ध्वज फहराया



हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। रेल राज्य मंत्री रावसाहेब पाटिल दानवे ने जालना रेलवे स्टेशन पर एक स्मारक 100 फीट लंबा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर विधायक बदनापुर नारायण कुचे, महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री अर्जुन खोतकर उपस्थित थे। मंडल रेल प्रबंधक, हैदराबाद मंडल शरत चंद्रयान और अन्य वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर बोलते हुए रेल राज्य मंत्री रावसाहेब दानवे ने कहा कि तिरंगा झंडा गर्व का प्रतीक है जो हर भारतीय को जाति, पंथ और धर्म के बावजूद एकजुट करता है। उन्होंने कहा कि 'हर घर तिरंगा' भारत सरकार द्वारा स्वतंत्रता संग्राम को याद दिलाने और सभी के बीच देशभक्ति की भावना का आह्वान करने के लिए एक नेक पहल है। उन्होंने कहा कि पहले राष्ट्रीय ध्वज केवल कुछ स्थानों पर ही फहराया जाता था। हालांकि, प्रधानमंत्री की पहल से, हर घर में राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता के प्रतीक के रूप में राष्ट्रध्वज लगाया गया।



**सिकंदराबाद स्टेशन पर आयोजित सामूहिक राष्ट्रगान में जीआरपी एसपी डॉ. अनुराधा के साथ जीआरपी, आरपीएफ, सेना, रेलवेकर्मी और यात्रियों ने भाग लिया।**

# राज्य भाजपा कार्यालय में अज्ञात कार से दहशत

हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मंगलवार दोपहर नामपल्ली में राज्य भाजपा कार्यालय के बगल में सड़क किनारे एक कार खड़ी होने के बाद आसपास में दहशत फैल गई। महाराष्ट्र पंजीकरण संख्या वाली टाटा नैनो कार में पीछे की सीट पर एक यात्रा सूटकेस था। पिछले दो दिन से खड़ी कार को देख स्थानीय लोगों ने मंगलवार को पुलिस को सूचना दी. डॉग स्क्वायड और क्लूज की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की, लेकिन कोई संदिग्ध पदार्थ नहीं मिला। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मामले की छानबीन की जा रही है। कार मालिक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

# गज्जला ने की बंडी संजय पर हुए हमले की निंदा

हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। शेरीलिंगमपल्ली के भाजपा प्रभारी गज्जला योगानंद ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बंडी संजय पर जनगांव जिले के देवारुप्पुला में उनकी प्रजा संग्राम यात्रा के दौरान किये गये हमले की कड़ी निंदा की। गज्जला योगानंद ने कहा कि प्रजा संग्राम यात्रा को लेकर पथराव और हंगामा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। लोगों की मुश्किलों को दूर करने के लिए निकाली गई प्रजा संग्राम यात्रा में टीआरएस सरकार द्वारा किए गए छोटे-मोटे काम पर गज्जला योगानंद को बर्खास्त कर दिया गया था। गज्जला योगानंद ने कहा कि एक मुख्यमंत्री जो फार्म हाउस में रहते है, वह लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं कर सकते। केसीआर जिन्होंने पुलिस व्यवस्था को केवल अपने लिए काम करने के लिए नहीं बनाया है और राज्य को बनाए रखने के लिए कदम उठा रहे हैं।

# स्वतंत्रता दिवस पर भाषण देते वक्त गिरे शख्स की मौत



हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। उप्पला सुरेश नाम का 56 वर्षीय व्यक्ति सोमवार को कपरा के लक्ष्मी विला में स्वतंत्रता दिवस पर भाषण देते समय गिर गया और उसकी मौत हो गई। उप्पला सुरेश बाग अंबरपेट में एक दवा एजेंसी का प्रबंधन करते थे। वे माइक पकड़े हुए थे और स्वतंत्रता दिवस में भाग लेने वाले लोगों को संबोधित कर रहे थे। इसी बीच उन्हें कथित तौर पर दिल का दौरा पड़ा और वे गिर गए। उनके परिवार में पत्नी करुणा, एक बेटी और एक बेटा है।

स्वतंत्र वार्ता

Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# पुलिस ने भट्टी की टीम को दुम्मुगुडेम परियोजना में जाने से रोका

हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस ने आज कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) के एक प्रतिनिधिमंडल को दुम्मुगुडेम सिंचाई परियोजना का दौरा करने से रोक दिया। प्रतिनिधिमंडल को भद्राचलम कस्बे के केके समारोह हॉल में रोका गया। इस पर नाराज सीएलपी नेता मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने पुलिस के फैसले की निंदा की और राज्य सरकार के उच्च अधिकारियों से बात की और उन्हें परियोजना का दौरा करने की अनुमति देने का आग्रह किया। स्थानीय एसीपी रोहित ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि उन्हें परियोजना का दौरा करने की अनुमति नहीं है।

प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस से पूछा कि उन्हें परियोजना का दौरा करने की अनुमति क्यों नहीं दी गई। पुलिस के रवैये से नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सीएलपी प्रतिनिधिमंडल के साथ विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी विधायकों और एमएलसी ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। पार्टी विधायक डी. श्रीधर बाबू ने भी पुलिस के इस बयान पर रोष व्यक्त किया कि उन्हें परियोजना का दौरा करने की अनुमति नहीं दी जा रही है क्योंकि क्षेत्र में माओवादी समस्या है। उन्होंने कहा कि उन्होंने पुलिस को अपनी यात्रा के बारे में एक सप्ताह पहले ही सूचित कर दिया था और आश्चर्य किया कि पुलिस ने उनकी यात्रा के सफल आयोजन के लिए सुरक्षा व्यवस्था क्यों नहीं की। उन्होंने कहा कि माओवादी समस्या का हवाला देकर पुलिस द्वारा उनके दौरे में बाधा डालना राज्य सरकार की विफलता और अक्षमता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने प्रतिनिधिमंडल को परियोजना का दौरा करने की अनुमति नहीं दी क्योंकि उसे डर था कि प्रतिनिधिमंडल के दौरे के बाद परियोजना की खामियां उजागर हो जाएंगी।

# हाईकोर्ट के छह नए जजों ने ली शपथ

हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्य न्यायाधीश उज्ज्वल भुइयां ने मंगलवार को तेलंगाना उच्च न्यायालय के छह नए न्यायाधीशों को पद की शपथ दिलाई। अधिवक्ता ईवी वेणुगोपाल, नागेश भीमापाका, पुला कार्तिक और के शरत के साथ जे श्रीनिवास राव और नामवरापु राजेश्वर राव ने तेलंगाना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। छह नए न्यायाधीशों के कार्यभार संभालने के साथ, तेलंगाना उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 34 हो गई। तेलंगाना राज्य के गठन के समय, उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या 24 थी। बाद में, केंद्र सरकार ने बेंचों की संख्या 42 तक बढ़ा दी है। भले ही मुख्य न्यायाधीश ने छह नए न्यायाधीशों को प्रशासित किया है, फिर भी आठ बेंच अभी भी उच्च न्यायालय में रिक्त हैं। केंद्र की अधिसूचना के अनुसार, श्रीनिवास राव और राजेश्वर राव को दो साल के लिए अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया है।

रामदेव ज्योतिष
मो. 8801305757
जन्म कुंडली, संतान प्राप्ति, विवाह-सगाई में देरी, व्यापार में घाटा, मोहिनी वशीकरण, किया-कराया, सास-बहू में असंतोष, सौतन समस्या, घर में अशांति, शत्रुनाश, प्रेम समस्या, लक्ष्मी बंधन, पति-पत्नी में अनबन, भूमि लाभ आदि सभी समस्याओं का समाधान।
विश्वसनीय राजस्थानी पंडित जी
घर पर आकर सेवाएँ देने और फ़ोन पर भी सुविधा उपलब्ध।
माँ-बहनें निःसंकोच अपना घर-मंदिर समझ कर पधार सकती हैं।
बात गुप्त रहेगी, फ़ीस केवल : 200/-
काचीगड़ा, हैदराबाद. समय : 10.00 से 6.00 बजे तक

विश्व के सर्वप्रथम गोल्ड मेडलिस्ट
अब तक परेशान क्यों?
कोई भी पंडित, तांत्रिक, बाबा हम से पहले काम करके दिखाये मुँहमांगा ईनाम पाये
हजारो के दुखो को खुशी में बदलने वाले
बाबा साबिर खान बंगाली
जैसे पति-पत्नी मे झगड़ा, सौतन व दुश्मन से छुटकारा, मनचाहा प्यार, गृहक्लेश, विदेश यात्रा, जादू-टोना, AtoZ समस्याओ का तुरंत समाधान पाये।
9810940158
स्पे० वशीकरण व मुठकरनी

|| जय बाबा की || || बाबा भली करे || || जय बाबा की ||
भादवा सुदी दूज के उपलक्ष्य में
भव्य कलश एवं ध्वजा यात्रा
गाजे-बाजे, ढोल नगाडे, घोडा, ऊँट एवं झाँकियों के साथ भव्य यात्रा
रविवार दि. 28 अगस्त 2022 - प्रातः 7:21 बजे से
कलश एवं ध्वजा यात्रा बाहेती भवन, सिद्दिअम्बर बाजार से आरम्भ होकर श्री रामदेवरा दरबार, शिवरामपल्ली, हैदराबाद पहुँचेगी।
विशेष : सभी कलश लेनेवालों को 'बाबा के चाँदी के पगल्या' रामदेवरा दरबार से दिए जायेंगे।
मुख्य अतिथि: श्री प्रकाश गौड़, विधायक, राजेन्द्रनगर
मुख्य यजमान: श्री नरेन्द्र कुमार गोयल, समाज सेवी
विशेष अतिथि: श्री राजेश अग्रवाल, निदेशक : अग्रसेन बैंक; श्री अमृत कुमार जैन, समाज सेवी; श्री सत्यनारायण भंगड़िया, समाज सेवी; श्री गोपाल बल्दवा, समाज सेवी; श्री अशोक प्रेमचन्द बोहरा, समाज सेवी; श्री दिनेश सिंह राजपुरोहित, समाज सेवी
श्यामसुन्दर गिलड़ा, चेयरमैन, श्री रामदेव कीर्तन संगम मंदिर ट्रस्ट
विशेष आकर्षण: भादवा सुदी दूज सोमवार दि.29-8-2022 को रामदेवरा दरबार को विशेष रूप से सजाया जायेगा। जिसमें इस बार वैकुण्ठ दर्शन, श्री तिरुपति बालाजी भगवान के दर्शन एवं रामदेव अवतार दिवस की झाँकी सजाई जायेगी।
वी. मोहन राव, एक्जीक्यूटिव आफिसर, इंडोमेन्ट डिपार्टमेन्ट
भाद्र मासे शिवे पक्षे द्वितियां चन्द्र वासरे। शुभ योगे स्थापयेत बींज लक्ष्मी स्थिरा भवेत ।।
यदि मनुष्य भाद्रपद मास की दूज को सोमवार योग में अभिजीत काल में 11:30 से 12:30 के बीच पादुका (पगल्या) अपने घर में या व्यापार स्थान पर स्थापित करते हैं तो लक्ष्मीजी स्थिर हो जाती है।
विशेष सहयोगी: मारवाड़ी युवा संगठन हैदराबाद-सिकन्दराबाद; अल्पाहार सेवा जय श्री श्याम मित्र मण्डल लंगरहौज
विशेष सहयोगी : किशन चौधरी (SSP) पॉट मार्केट, दोलाराम कड़वा वनस्थलीपुरम्, हनुतराम खोकर वनस्थलीपुरम्, धर्माराम ढाका शिवरामपल्ली, यशवी ज्वेलर्स बेगम बाजार
सहयोगी : सुरेश ताजपुरिया, जगदीश अग्रवाल, एस. वेंकटेश, आर. ओमप्रकाश शर्मा, गोविन्द राठी, विमल डालिया, विट्ठल अट्टल, निलेश शर्मा, गड्डी चन्द्रशेखर, कमलेश बाफणा, कमल बजाज, दिनेश तोष्णीवाल, श्यामसुन्दर परतानी, निर्मल कोठारी, राजकुमार लड्डा, रतनलाल शर्मा, मानप्रसाद शर्मा
कलश यात्रा में भाग लेने हेतु 501/- रुपये सहयोग प्रदान कर पंजीकरण करवाना अनिवार्य हैं। कलश यात्रा पंजीकृत भाग लेने वालों को एक साड़ी एवं कलश प्रदान किया जायेगा।
कलश हेतु सम्पर्क सूत्र
प्रधान संयोजिका: संगीता भूतड़ा बरकतपुरा 9391132644
प्रधान संयोजक: कमल किशोर जाजू 9246521448
संयोजक: धरमचंद भंसाली 9394517629, राजकुमार अग्रवाल 9246246100, दिनेश सिग्नोडिया 9246208865, धर्माराम ढाका 9000310009
सुरेश महाराज 7013941312 | बनवारी महाराज 9032292802 | अनिल महाराज 7075098138

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मीना कासलीवाल (आबिड्स) | 9246690123 | हेमलता शर्मा (ज्ञानबाग) | 9347025877 | सरोज लोया (पेद्दापल्ली) | 9394324800 |
| दुर्गा मून्दड़ा (कबूतरखाना) | 9550564421 | शोभा डागा (कोठी) | 9989751000 | पिंकी देवी डाडीया (शिवरामपल्ली) | 7981368459 |
| अरुणा त्रिवेदी (अत्तापुर) | 9390493569 | इंदिरा बजाज (अमीरपेट) | 9299600471 | सीताबाई रेणवाल (शिवरामपल्ली) | 9030641098 |
| कला दरक (दारुशिफा) | 7207277222 | मोनिका सोमानी (दिलसुखनगर) | 8121410202 | ममता भराड़िया (कुकटपल्ली) | 7993289162 |
| विजयकांता असावा (रामकोट) | 9247183222 | पूजा सारड़ा (चेलापुरा) | 9032512901 | सरिता सोनी (कुकटपल्ली) | 8019631531 |
| प्रमिला गिलड़ा (अत्तापुर) | 9493212550 | सारिका चितलांगी (नल्लाकुंटा) | 9246172123 | सरला मून्दड़ा (करीमनगर) | 9246472666 |
| सीमा इझानी (सिकन्दराबाद) | 9849815040 | संतोष शर्मा (कबूतरखाना) | 9182774027 | उषा बोहरा (फीलखाना) | 9030758721 |
| विजया बंग (नई बस्ती) | 9966607740 | अल्का साँखला (बेगम बाजार) | 9014190899 | सुनीता वर्मा (मलकपेट) | 9347059297 |
| मीना खटोड़ (बेगम बाजार) | 9290262281 | बबिता राठी (बेगम बाजार) | 9393336568 | सुनीता हेडा (शमशेरगंज) | 9293057695 |
| सरोज अग्रवाल (घांसी बाजार) | 9700800904 | टीना शर्मा (शिवरामपल्ली) | 9396292802 | सावित्री लड्डा (शादनगर) | 9393444533 |
| सुशीला वैष्णव (शिवरामपल्ली) | 6305911716 | मीना सारड़ा (कुतबीगुडा) | 9397893347 | ललिता मारू (बेल्लमपल्ली) | 9030992096 |
| संतोष बल्दवा (मंचीरियाल) | 9963313094 | सविता द्विवेदी (काटेदान) | 7416123015 | कविता सोनी (सिद्दीपेट) | 8187072207 |
| बीना लड्डा (शमशेरगंज) | 9247788500 | गली देवी ढाका (शिवरामपल्ली) | 9347490261 | मधु शर्मा (अत्तापुर) | 9348969669 |
| अन्नपूर्णा राठी (नई बस्ती) | 9246844748 | विष्णुकांता लोया (कागजनगर) | 9490409976 | लीला देवी चौपड़ा (चूड़ी बाजार) | 9381596630 |
| पिंटु देवी जाट (वनस्थलीपुरम्) | 7013650530 | चन्दा सोनी (वरंगल) | 9393501212 | सुशीला करवा (कबूतरखाना) | 9246595558 |

निवेदक : श्री रामदेव बाबा कलश यात्रा उत्सव समिति
सत्यनारायण गोपाल बल्दवा
ब्रिगेड रोड नं. 7, बंजारा हिल्स, हैदराबाद. मोबाइल : 9000366660
GB GOPAL BALDAWA GROUP
मुख्य अतिथि गोपाल-मंजू बल्दवा
cont: 9248555506

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.